# दैनिक ट्रिब्यून

आपकी आवाज

वर्ष/VOL : 42 अंक : 74 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ कार्तिक 13 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com

मंगलवार, 29 अक्तूबर, 2019

www.dainiktribuneonline.com




दिल्ली में ही भिड़ेंगे भारत-बांग्लादेश -पेज 11



कांग्रेस का असमंजस का दौर खत्म -पेज 12

# हरियाणा में सरकार बनी, महाराष्ट्र में अभी खींचतान





चंडीगढ़ में रविवार को दिवाली के मौके पर मनोहर लाल खट्टर ने दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस मौके पर दुष्यंत के पिता अजय चौटाला, मां नैना चौटाला के अलावा उनकी पत्नी भी मौजूद थीं। समारोह में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा प्रदेश के पूर्व मंत्री भी उपस्थित थे। (पेज 2)

- मनोज महाजन

## राज्यपाल से अलग-अलग मिले भाजपा, शिवसेना नेता

मुंबई, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और शिवसेना के नेता दिवाकर राउते ने सोमवार सुबह राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की। यह मुलाकात राज्य में नयी सरकार बनाने को लेकर गठबंधन सहयोगियों भाजपा-शिवसेना के बीच सत्ता को लेकर जारी झगड़े के बीच हुई है। राजभवन के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों नेताओं की यह मुलाकात सिर्फ 'औपचारिक भेंट' थी। दोनों नेता राज्यपाल कोश्यारी से अलग-अलग मिले हैं। फड़नवीस दक्षिण मुंबई स्थित राजभवन पर सुबह 11 बजे पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि राउते ने भी कोश्यारी से भेंट की।

गौरतलब है कि राज्य में 21 अक्तूबर को 288 सदस्यीय विधानसभा के लिये हुए चुनावों में भाजपा ने 105, शिवसेना ने 56 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, राकांपा 54 और कांग्रेस 44 सीटों पर विजयी रही। चुनाव परिणामों से भाजपा को झटका लगा है क्योंकि पार्टी ने अपने बूते सरकार बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन नतीजों के बाद बदले राजनीतिक परिदृश्य ने शिवसेना का मनोबल बढ़ा दिया है, जो जानती है कि वह सौदेबाजी करने की स्थिति में है।



मुंबई में सोमवार को राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस। - प्रेट्र

### 'फार्मूले' पर सच बोले भाजपा : राउत

शिवसेना ने महाराष्ट्र में सत्ता में बराबर की हिस्सेदारी की अपनी मांग को सोमवार को दोहराया और भाजपा से 'सत्ता में बराबर की हिस्सेदारी के फार्मूले' (50:50) पर सच बोलने को कहा। शिवसेना सांसद संजय राउत ने यह मांग मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और शिवसेना के वरिष्ठ नेता दिवाकर राउते के राज्यपाल से मुलाकात के तुरन्त बाद की। राउत ने एक टीवी चैनल को बताया कि राज्यपाल के साथ राउते की बैठक में 'कुछ भी राजनीति नहीं' है। जब उनसे पूछा गया कि यदि इस वर्ष के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और फड़नवीस के बीच बने सत्ता में हिस्सेदारी के फार्मूले से भाजपा इनकार करती है तो क्या रुख अपनाया जायेगा, तो राउत ने कहा, 'भाजपा राम का नाम पुकारती है। आप (भाजपा) राम मंदिर बनाने जा रहे हैं। राम 'सत्यवचनी' थे, इसलिए उन्हें इस (फार्मूले) पर सच बोलना चाहिए।' इससे पूर्व 'शोले' फिल्म के डायलॉग '...इतना सन्नाटा क्यों है भाई?' का इस्तेमाल करते हुए शिवसेना ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में देश में आर्थिक सुस्ती को लेकर सोमवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

### 'भाजपा के नेतृत्व में सरकार जल्द'

भाजपा प्रवक्ता जीवीएल नरसिम्हा राव ने कहा कि महाराष्ट्र को जल्द ही भाजपा नीत सरकार मिलेगी जो पूरे पांच साल चलेगी और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। सत्ता में बराबर हिस्सेदारी की शिवसेना की मांग पर राव ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने पार्टी नेताओं के बयान पर गौर किया है और उन्हें उचित जवाब दिया जाएगा।

### दो निर्दलीयों ने दिया भाजपा को समर्थन

महाराष्ट्र के अमरावती जिले के बडनेरा से विधायक रवि राणा ने भाजपा को 'बिना शर्त' समर्थन देने की घोषणा की है। राणा विदर्भ क्षेत्र की सीट से कांग्रेस-राकांपा गठबंधन के समर्थन से जीते हैं। उनकी पत्नी नवनीत राणा अमरावती से निर्दलीय लोकसभा सदस्य हैं। वे भी राकांपा समर्थित उम्मीदवार थीं और उन्होंने मई में हुए लोकसभा चुनाव में शिवसेना के आनंदराव अडसुल को हराया था। उधर, एक अन्य घटनाक्रम में विदर्भ क्षेत्र के चंद्रपुर से निर्दलीय विधायक किशोर जोरगेवार ने भी भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की।

## एम्स ले जाए गए चिदंबरम कुछ देर बाद मिली छुट्टी



**नयी दिल्ली (एजेंसी) :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम को पेट में दर्द और स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ परेशानियों के कारण सोमवार को एम्स ले जाया गया, जहां से कुछ देर बाद उन्हें छुट्टी मिल गयी। उन्हें फिर से प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया गया। सूत्रों के मुताबिक आईएनएक्स मीडिया मामले में गिरफ्तार चिदंबरम को पहले राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया और फिर उन्हें एम्स ले जाया गया था। एम्स के सूत्रों का कहना है कि चिदंबरम को शाम करीब 5.40 बजे एम्स लाया गया। उधर, चिदंबरम के एक करीबी ने कहा, 'उनकी सेहत अच्छी नहीं है।' सुप्रीमकोर्ट ने आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में पी. चिदंबरम को बीते मंगलवार को जमानत दे दी थी, लेकिन उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा, क्योंकि ईडी ने एक अन्य मामले में उन्हें गिरफ्तार कर रखा है।

## एयर इंडिया ने विमान पर बनाया 'एक ओंकार'

**चंडीगढ़ (एजेंसी) :** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व समारोह के मद्देनजर एक अनूठी पहल करते हुए एयर इंडिया ने अपने विमान के पिछले हिस्से पर सिखों का धार्मिक चिह्न 'एक ओंकार' बनाया है। एयर इंडिया ने अपने बोइंग 787 विमान पर यह धार्मिक चिह्न बनाया है। यह विमान 31 अक्तूबर को अमृतसर से ब्रिटेन के स्टैनस्टेड के लिए उड़ान भरेगा। इस पहल को अनूठा माना जा रहा है क्योंकि एयर इंडिया ने अपने विमानों पर कभी भी धार्मिक चिह्न नहीं बनाया है। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने रविवार को ट्वीट किया, 'श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व पर ऐतिहासिक समारोहों के तहत एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के पिछले हिस्से पर 'एक ओंकार' का चिह्न देखना दिल को छूने वाला है।'

## पीडीपी नेताओं ने महबूबा से मिलने की मांगी मंजूरी

**जम्मू (एजेंसी):** पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के नेताओं ने श्रीनगर में हिरासत में बंद पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती से मिलने के लिये प्रशासन से नए सिरे से अनुमति मांगी है। राज्यपाल प्रशासन की तरफ से पूर्व में पीडीपी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल को पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने की इजाजत दी गई थी, लेकिन पार्टी ने दौरे को लेकर दल में गंभीर मतभेद के बाद इसे टाल दिया था। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक वेद महाजन ने कहा कि पीडीपी नेताओं ने मुलाकात की और संबंधित अधिकारियों से पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात के लिये नए सिरे से इजाजत मांगने का फैसला किया। श्रीनगर के उपायुक्त से 30 अक्तूबर को मुफ्ती से मिलने की इजाजत मांगी गयी है।

## सोपोर में ग्रेनेड हमला, 20 घायल

श्रीनगर/जम्मू, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

जम्मू कश्मीर के सोपोर शहर में एक बस स्टैंड पर सोमवार को आतंकवादियों ने एक ग्रेनेड फेंका जिससे 20 नागरिक घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को श्रीनगर के एक अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। अन्य का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। सुरक्षा बलों ने क्षेत्र को घेरकर आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के लिए एक अभियान चलाया है। पुलिस ने बताया कि अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

**एलओसी पर फिर फायरिंग :** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर सोमवार को संघर्ष विराम उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की। उसने मोर्टार दागकर सीमावर्ती चौकियों और गांवों को निशाना बनाया। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने असैन्य इलाकों को निशाना बनाया, जिससे गांववासियों को बंकरों और सुरक्षित स्थानों में शरण लेनी पड़ी। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

मोदी ने ईयू संसद सदस्यों से कहा

## आतंकवाद के खिलाफ हो जीरो टॉलरेंस

### आज जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाएंगे यूरोपीय संघ के सांसद

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यूरोपीय संघ (ईयू) के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल से कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने और उसे प्रायोजित करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। मोदी ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति (जीरो टॉलरेंस) होनी चाहिए।

ईयू संसद के 28 सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर की अपनी यात्रा से एक दिन पहले आज प्रधानमंत्री से मुलाकात की। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जम्मू-कश्मीर का दौरा करके अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को रद्द करने के बाद वहां की स्थिति का आकलन करेगा। ये सांसद जम्मू-कश्मीर के लोगों से बातचीत कर उनके अनुभव जानना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार मोदी ने उम्मीद जतायी कि सांसदों का देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा उपयोगी होगा और जम्मू-कश्मीर की यात्रा से उन्हें जम्मू, कश्मीर और लद्दाख क्षेत्रों की सांस्कृतिक व धार्मिक विविधता की बेहतर समझ हो सकेगी। प्रधानमंत्री ने यह उम्मीद भी जतायी कि उन्हें क्षेत्र के विकास और शासन की प्राथमिकताओं के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण मिल सकेगा। प्रधानमंत्री ने किसी भी देश का नाम लिए बिना कहा कि आतंकी गतिविधियों का समर्थन या प्रायोजन करने वाले तथा आतंकवाद को राज्य की नीति के तौर पर इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।



राजौरी में रविवार को सैनिकों के साथ दिवाली मनाने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें मिठाई खिलाते हुए। -प्रेट्र

### कांग्रेस ने कहा-संसद का अपमान

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, 'जब भारतीय नेताओं को जम्मू-कश्मीर के लोगों से मुलाकात करने से रोक दिया गया तो फिर राष्ट्रवाद के चैम्पियन होने का दावा करने वालों ने यूरोपीय नेताओं को किस वजह से जम्मू-कश्मीर का दौरा करने की इजाजत दी ?...यह भारत की संसद और लोकतंत्र का अपमान है।'

### स्वामी ने की आलोचना

भाजपा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा, 'मुझे आश्चर्य है कि विदेश मंत्रालय ने यूरोपीय संघ के सांसदों के व्यक्तिगत तौर पर (यूरोपीय संघ के आधिकारिक शिष्टमंडल के तौर पर नहीं) जम्मू-कश्मीर का दौरा करने के प्रबंध किए हैं। यह हमारी राष्ट्र नीति से उलट है। मैं सरकार से यह दौरा रद्द करने की अपील करता हूं क्योंकि यह अनैतिक है।'

## घिरने पर विस्फोट कर 3 बच्चों समेत मरा बगदादी

### ट्रंप का आईएस सरगना के खात्मे का दावा

वाशिंगटन, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट का सरगना अबू बक्र अल बगदादी शनिवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में अमेरिका के विशेष बलों के हमले में मारा गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को यह घोषणा की। ट्रंप ने कहा कि क्रूर संगठन इस्लामिक स्टेट का सरगना और दुनिया का नंबर एक आतंकवादी बगदादी 'एक कुत्ते और कायर की तरह' मारा गया।

ट्रंप ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उन्होंने उपराष्ट्रपति माइक पेंस और शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस से अभियान देखा। उन्होंने बताया, 'अभियान की प्रक्रिया शाम 5 बजे (स्थानीय समयानुसार) शुरू की गई। अभियान से पहले परिसर से 11 बच्चों समेत कई लोगों को बचाया गया। अमेरिका के के-9 श्वान दस्ते ने एक तरफ से बंद सुरंग में बगदादी का पीछा किया और जब उसके पास बचने का कोई रास्ता नहीं बचा तो उसने आत्मघाती जैकेट में विस्फोट करके खुद को और 3 बच्चों को उड़ा लिया। डीएनए जांच में साबित हो गया है कि वह बगदादी था। हमले में उसकी दो पत्नियां भी मारी गईं।'

ट्रंप ने कहा कि अपने जीवन के अंतिम क्षणों में बगदादी रोया, चीखा-चिल्लाया।

### ट्रंप की राजनीतिक जीत !

पिछले 5 वर्षों में बगदादी के ठिकाने के बारे में बहुत कम जानकारी मिल पाई थी। इस दौरान कई बार उसके मारे जाने की खबरें भी आईं। बगदादी की मौत को राष्ट्रपति ट्रंप के लिए बड़ी राजनीतिक जीत माना जा रहा है। ट्रंप ने अभियान में सहयोग देने के लिए रूस, तुर्की, सीरिया, और इराक को धन्यवाद दिया। उन्होंने अभियान में मददगार जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सीरियाई कुर्दों को भी धन्यवाद कहा।

**वीडियो फुटेज जारी करने पर विचार :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह पश्चिमोत्तर सीरिया में अमेरिका के उस विशेष अभियान की वीडियो फुटेज का एक हिस्सा जारी करने पर विचार कर रहे हैं जिसमें इस्लामिक स्टेट का सरगना एवं दुनिया का वांछित आतंकवादी अबु बकर अल-बगदादी मारा गया।

**रूस ने संदेह जताया**

**मास्को (एजेंसी) :** अबू बक्र अल बगदादी की मौत पर रूस ने संदेह जताया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेन्कोव ने एक बयान में कहा, 'रक्षा मंत्रालय के पास इदलिब में अमेरिकी सेना की कार्रवाई के बारे में विश्वसनीय जानकारी नहीं है, जिसमें बगदादी के मारे जाने की बात कही जा रही है।'



सीरिया के गांव बारिशा में वह जगह जहां अमेरिकी सेना ने हेलीकॉप्टर से फायरिंग की। (इनसेट) आईएस सरगना अबू बक्र अल बगदादी का फाइल फोटो।

अल्पमत सरकार में 'बाहरी' पर भरोसा करने का जोखिम नहीं लेगी भाजपा

## संघ पृष्ठभूमि से होगा नया विधानसभा अध्यक्ष

- कमल गुप्ता और ज्ञानचंद गुप्ता के नाम पर चल रहा मंथन
- किसी निर्दलीय विधायक को मिल सकती है डिप्टी स्पीकर की कुर्सी

दिनेश भारद्वाज/ ट्रिन्यू

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर

हरियाणा में सरकार की दूसरी पारी शुरू करने से पहले भाजपा के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती विधानसभा अध्यक्ष के चयन की है। चुनौती इसलिए, क्योंकि भाजपा अल्पमत में है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित पूरी भाजपा यह अच्छे-से जानती है कि ऐसे माहौल में स्पीकर अपना होना बहुत जरूरी है।

सूत्रों का कहना है कि संघ पृष्ठभूमि के पुराने भाजपाई को ही स्पीकर बनाया जाएगा। ऐसे में मोटे तौर पर 2 नाम फिलहाल उभर कर सामने आये हैं। इनमें हिसार से डॉ. कमल गुप्ता और पंचकूला से ज्ञानचंद गुप्ता प्रमुख हैं। सूत्रों का कहना है कि स्पीकर के मुद्दे पर पार्टी और संघ में गंभीरता से मंथन चल रहा है। बताते हैं कि पार्टी नेतृत्व और संघ मन बना चुका है कि दूसरे दलों से आये किसी भी नेता को स्पीकर नहीं बनाया जाएगा। हालांकि, डिप्टी स्पीकर की कुर्सी किसी निर्दलीय के खाते में जा सकती है।

साल 2014 में 47 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई भाजपा सरकार का पहला कार्यकाल 2 नवंबर तक है। भाजपा को इससे पहले स्पीकर का फैसला करना होगा। मनोहर लाल खट्टर दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, लेकिन सरकार का गठन होना अभी बाकी है। ऐसे में 2 नवंबर से पहले विधानसभा का सत्र बुलाना तय है। इसी सत्र में स्पीकर का चुनाव होगा। कांग्रेस 31 विधायकों के साथ मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। ऐसे में स्पीकर चुनाव के दौरान कांग्रेस विधानसभा में 'सियासी ड्रामा' भी कर सकती है।

ऐसे कई उदाहरण हैं जब स्पीकरों ने बड़े-बड़े 'खेल' किये हैं। पिहोवा से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा भी स्पीकर रह चुके हैं। 1987 में चौ. देवीलाल ने उस समय नग्गल हलके से निर्दलीय विधायक चट्ठा को स्पीकर बनाया था। चट्ठा ने 3 विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था, जिस कारण चौटाला की सरकार अल्पमत में आकर गिर गई थी। हुड्डा सरकार में भी चट्ठा विधानसभा अध्यक्ष रहे। हुड्डा कार्यकाल-2 में चट्ठा ने ही हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) के 5 विधायकों का कांग्रेस में विलय करवाया था। बाद में चट्ठा कैबिनेट में शामिल हो गये और कुलदीप शर्मा को स्पीकर बनाया गया। हजकां सुप्रीमो कुलदीप बिश्नोई ने दल-बदल को गैर-कानूनी बनाते हुए चुनौती दी तो कुलदीप शर्मा ने इस विलय को सही बताया था।

### कैबिनेट को लेकर दुविधा

**चंडीगढ़ :** खट्टर सरकार में कैबिनेट मंत्री कौन होंगे, यह तय करना भी भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। सूत्रों का कहना है कि जातिगत और क्षेत्रीय समीकरण सेट करने में भाजपा को दिक्कत आ रही है। गठबंधन सहयोगी जजपा में जाट कोटे से दुष्यंत सिंह चौटाला उपमुख्यमंत्री बन चुके हैं। ब्राह्मण कोटे से रामकुमार गौतम का कैबिनेट मंत्री बनना लगभग तय है। जजपा पहले चरण में अपने कोटे से एक एससी को भी मंत्री बनवा सकती है। इसमें ईश्वर सिंह और रामकरण काला के नाम चर्चा में हैं। - पेज 2

### ताऊ बोल्या संदीप जोशी

कैबिनेट में उलझी भाजपा सरकार



झटपट धक्का-वक्का लाकै घुस जा, नहीं बेरा न कितणा इंतजार करणा पडैगा।

### हरियाणा राजभवन में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

# खट्टर फिर बने मुख्यमंत्री, दुष्यंत ने संभाला डिप्टी सीएम पद

## ■ दिवाली के दिन सवा 2 बजे राजभवन में राज्यपाल ने दिलाई दोनों को शपथ

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा में लगातार दूसरी बार मनोहर राज की शुरुआत हो चुकी है। दिवाली के मौके पर खट्टर ने लगातार दूसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। बदले हुए राजनीतिक हालात में इस बार खट्टर के साथ जजपा नेता और पूर्व सांसद दुष्यंत सिंह चौटाला ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। जजपा के 10 विधायकों के समर्थन से भाजपा ने सरकार का गठन किया है। उचाना कलां से विधायक बने दुष्यंत सिंह चौटाला ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। दिवाली के मौके पर हरियाणा राजभवन में हुए सादे शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने दोनों नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सवा दो बजे हुए आयोजन में दोनों नेताओं ने हिंदी भाषा में शपथ ग्रहण की।

शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व रतनलाल कटारिया, हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, पंजाब के राज्यपाल वीपी सिंह बदनौर, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, चंडीगढ़ भाजपा के अध्यक्ष संजय टंडन, अकाली नेता सुखदेव सिंह ढींढसा, बलविंद्र सिंह भूंदड़, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ.अनिल जैन, पूर्व सांसद अजय सिंह चौटाला, जजपा नेता दिग्विजय चौटाला मुख्य रूप से मौजूद रहे।

समारोह में विधानसभा चुनाव में हार का सामना करने वाले खट्टर सरकार के मंत्री भी शामिल रहे। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला के अलावा पूर्व सहकारिता मंत्री सतपाल सांगवान और दोनों पार्टियों – भाजपा व जजपा के कई विधायक मौजूद रहे। मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा ने मंच संचालन किया। इस मौके पर सीएमओ के अलावा कई आला अधिकारी व दुष्यंत सिंह चौटाला के परिवार के सदस्य मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में राज्य के सभी सांसदों व केंद्रीय मंत्रियों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने समारोह से दूरी बनाकर रखी। उनकी गैरहाजिरी चर्चा में भी रही। समारोह में सबसे अहम बात यह रही कि मंच पर राज्यपाल, सीएम व डिप्टी सीएम के अलावा लगाई गई कुर्सियों की वजह से यह माना जाता रहा कि रविवार को ही 8 से 10 मंत्रियों की भी शपथ हो सकती है, लेकिन खट्टर व दुष्यंत के अलावा कोई अन्य शपथ नहीं ले सका।




चंडीगढ़ में रविवार को हरियाणा राजभवन में शपथ ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य के साथ। -मनोज महाजन

### समारोह की झलकियां

- ■ पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल व डिप्टी-सीएम सुखबीर सिंह बाद मुख्य रूप से पहुंचे। ऐसा माना जाता है कि भाजपा और जजपा का समझौता कराने में बादल परिवार की अहम भूमिका रही।
- ■ रविवार सुबह ही चौदह दिन की फरलो पर तिहाड़ जेल से बाहर आए पूर्व सांसद व दुष्यंत के पिता अजय सिंह चौटाला भी परिवार सहित समारोह में नजर आये। वे पहले मंच पर और फिर मंच के सामने बैठे नजर आये।
- ■ मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला जब मंच पर पहुंचे तो उन्होंने प्रकाश सिंह बादल के पांव छूकर आशीर्वाद लिया।
- ■ मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा ने जब शपथ ग्रहण के लिए सीएम का नाम लिया तो वहां मौजूद लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए।

### जनादेश का अपमान है भाजपा-जजपा सरकार : हुड्डा



शपथ ग्रहण समारोह के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मीडिया से बातचीत में कहा, भाजपा और जजपा की गठबंधन सरकार जनादेश का अपमान है। उन्होंने कहा, जजपा ने वोट भाजपा के खिलाफ मांगे थे और अब समर्थन उसी पार्टी को कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में हुड्डा ने सरकार के कार्यकाल पूरा करने पर संशय जताया। उन्होंने कहा, जिस विरोधाभास के चलते यह सरकार बनी है, उसे देखते हुए इसके कार्यकाल पूरा करने पर यकीन नहीं किया जा सकता। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने भी जजपा को सरकार में शामिल होने का ऑफर दिया था। चूंकि जजपा और कांग्रेस का घोषणा-पत्र काफी हद तक मिलता-जुलता है। ऐसे में न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर सरकार को लंबे समय तक चलाया जा सकता था। वहीं हुड्डा ने जजपा के भाजपा के साथ जाने को निजी स्वार्थ करार दिया।



चंडीगढ़ में रविवार को हरियाणा राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नवनिर्वाचित विधायक एवं अन्य नेता। -ट्रिन्यू

### कैबिनेट को लेकर दुविधा में फंसी भाजपा

# अल्पमत ने बिगाड़े जातिगत व क्षेत्रीय समीकरण, हाईकमान तक पहुंचा मुद्दा

दिनेश भारद्वाज/ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 28 अक्तूबर

हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार सरकार का गठन तो हो गया है, लेकिन पार्टी को अब कैबिनेट का गठन करने में पसीने आ रहे हैं। मंत्रियों को लेकर पेच फंसा हुआ है। साथ ही, इस बात का भी फैसला नहीं हो पाया है कि सरकार में गठबंधन सहयोगी जननायक जनता पार्टी (जजपा) के डिप्टी सीएम व मंत्रियों को कौन-कौन से विभाग दिए जाने हैं। सूत्रों का कहना है कि दोनों दलों के नेता भाजपा हाईकमान से विचार-विमर्श के बाद अगले कुछ दिनों में इसका फैसला लेंगे।

सूत्रों का कहना है कि जातिगत और क्षेत्रीय समीकरणों को साधने में भाजपा को दिक्कत ज्यादा आ रही है। गठबंधन सहयोगी जजपा में जाट कोटे से खुद दुष्यंत सिंह चौटाला उपमुख्यमंत्री बन चुके हैं। ब्राह्मण कोटे से रामकुमार गौतम का कैबिनेट मंत्री बनना लगभग तय है। गौतम नारनौंद हलके से वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को हरा कर विधानसभा पहुंचे हैं। इससे पहले गौतम 2005 में भाजपा की टिकट पर यहां से विधायक बने थे।

इसी तरह से जजपा पहले चरण में अपने कोटे से एक अजा विधायक को भी मंत्री बनवा सकती है। इसमें गुहला से विधायक बने डॉ.ईश्वर सिंह और शाहाबाद से भाजपा सरकार के समाज कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को हराने वाले रामकरण काला का नाम चर्चा में है। बताते हैं कि भाजपा के लिए जाट, ब्राह्मण, पंजाबी, वैश्य व गुर्जर के अलावा एससी-बीसी को कैबिनेट में प्रतिनिधित्व देना जरूरी है। साथ ही, उन इलाकों को भी प्रतिनिधित्व देना जरूरी है, जहां भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उदाहरण के तौर पर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की 9 में से 7 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। ऐसे में इस इलाके से कम से कम 2 मंत्री बनाए जाने लगभग तय हैं। यही नहीं, अकेले वैश्य कोटे से भाजपा के 7 विधायक विधानसभा पहुंचे हैं। ऐसे में पूरी संभावना है कि वैश्य समाज को भी सरकार में प्रतिनिधित्व मिलेगा। ऐसे में पलवल से कांग्रेस के बड़े नेता कर्ण सिंह दलाल को परास्त करने वाले दीपक मंगला का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है।

मंगला आरएसएस से जुड़े हैं और 2014 में चुनाव हारने के बाद खट्टर ने उन्हें अपना राजनीतिक सचिव भी नियुक्त किया था। खट्टर कैबिनेट के 10 में से 8 मंत्रियों को चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा। केवल 2 मंत्रियों – अम्बाला कैंट से अनिल विज और बावल से डॉ. बनवारी लाल ही अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे। विज भाजपा के अकेले ऐसे नेता हैं, जो छठी बार विधानसभा पहुंचे हैं। ऐसे में उनका हेवीवेट मंत्री बनना लगभग तय है।

विधानसभा अध्यक्ष कंवरपाल गुर्जर ने भी जगाधरी से अच्छे अंतर से चुनाव जीता है। चर्चा है कि इस बार गुर्जर का भी कैबिनेट मंत्री बनना तय है। भाजपा ने इस बार 5 हलकों से गुर्जर उम्मीदवार चुनाव में उतारे थे। इस वजह से भी गुर्जर की मंत्री बनने की संभावना अधिक है। फरीदाबाद के बड़खल हलके से लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने वाली सीमा त्रिखा को भी मंत्री बनाया जा सकता है। सीमा ने पहली बार हुड्डा सरकार के हेवीवेट मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह को हराया था और इस बार उनके बेटे को शिकस्त दी है। बताया गया है कि भाजपा अपने कोटे से किसी जाट नेता को भी मंत्रिमंडल में शामिल करने की कोशिश में है। ऐसे में कलायत से कांग्रेस के बड़े चेहरे जयप्रकाश 'जेपी' को चुनाव हराने वाली कमलेश ढांडा का नाम चर्चा में है। अगर ढांडा को कैबिनेट में जगह मिलती है तो ऐसी स्थिति में पुंडरी के निर्दलीय विधायक रणधीर सिंह गोलन का नाम कैबिनेट से कट भी सकता है। पार्टी एक रोड़ को भी कैबिनेट में जगह देना चाहती है। ऐसे में रणधीर की जगह सीएम रोड़ जाति के हरविंद्र कल्याण को एजडस्ट कर सकते हैं।

हरविंद्र कल्याण लगातार दूसरी बार घरौंडा से चुनाव जीते हैं। सूत्रों का कहना है कि अगर किसी वजह से कमलेश ढांडा की बजाय गन्नौर से कांग्रेस के कुलदीप शर्मा को चुनाव हराने वाली निर्मल चौधरी का कैबिनेट में नंबर लगता है तो फिर कल्याण की जगह गोलन की लॉटरी लग सकती है। वहीं भाजपा ब्राह्मण कोटे को लेकर भी इसी वजह से दुविधा में फंसी है। बल्लभगढ़ से लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने वाले मूलचंद शर्मा को इस कोटे से कैबिनेट में जगह मिल सकती है। उनके साथ ही राई से चुनाव जीतने वाले मोहन लाल बड़ौली का नाम भी चर्चा में है।

भाजपा के दिल्ली से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पार्टी अहीरवाल को भी कैबिनेट में प्रतिनिधित्व देने की कोशिश में है। यह भाजपा की राजनीतिक मजबूरी भी है। इस स्थिति में नांगल-चौधरी से लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने वाले डॉ. अभय सिंह यादव का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। सीएम की हरसंभव कोशिश रहेगी कि राव इंद्रजीत सिंह के करीबी विधायक की बजाय अभय सिंह यादव को मंत्री बनाया जाए। यादव की गिनती खट्टर के करीबियों में होती है।

**विभागों पर चल रहा मंथन**

इस बार क्योंकि गठबंधन की सरकार है, इसलिए विभागों का भी बंटवारा उसी हिसाब से होगा। जजपा खाते से डिप्टी सीएम बने दुष्यंत सिंह चौटाला व उनके मंत्रियों को कौन-कौन से विभाग दिए जाएंगे, इस पर अभी फैसला होना बाकी है। माना जा रहा है कि जजपा को एक दर्जन के करीब विभाग मिल सकते हैं। इन विभागों में से जजपा अपने कोटे के किस मंत्री को कौन सा विभाग देगी, इसका फैसला खुद जजपा नेतृत्व ही करेगा।




चंडीगढ़ में रविवार को हरियाणा राजभवन में भाजपा-जजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल एवं भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा। -ट्रिन्यू

### निर्दलीय भी होंगे एडजस्ट

भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कैबिनेट में दो निर्दलीय विधायकों को भी जगह दी जा सकती है। इस बार चुने गये सातों निर्दलीयों ने भी सरकार को समर्थन दिया है। इस बाबत वे अपना समर्थन पत्र भी राज्यपाल को सौंप चुके हैं। बताते हैं कि जजपा और भाजपा के मंत्रियों की जातिगत व क्षेत्रीय एडजस्टमेंट के हिसाब से निर्दलीय विधायकों को कैबिनेट में जगह देने का फैसला लिया जाएगा।

### कैबिनेट बैठक आज

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में मंगलवार 29 अक्तूबर को नयी दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में विधानसभा के सत्र को लेकर फैसला लिया जाएगा। गौरतलब है कि 2 नवंबर से पहले नई सरकार का गठन होना जरूरी है, इसलिए नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलानी जरूरी है। ऐसे में समझा जाता है कि मंत्रिमंडल का गठन अभी टल गया है।



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल एवं पूर्व सांसद अजय चौटाला मिलते हुए। -ट्रिन्यू

### करनाल में बोले मुख्यमंत्री खट्टर

# न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर ही आगे बढ़ेगी गठबंधन सरकार

करनाल, 28 अक्तूबर (हप्र)

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को कहा कि प्रदेश में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर चलेगी। भाजपा के संकल्प पत्र और जजपा के जनसेवा पत्र में बहुत सी बातें समान हैं और कोई अंतर होगा तो उस पर विचार किया जाएगा। चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद पहली बार करनाल पहुंचे मुख्यमंत्री यहां पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिल बैठकर सभी विषयों पर विचार होगा और दोनों पार्टियों की घोषणाओं के संबंध में समिति गठित की जाएगी।

खट्टर ने नई सरकार में सुशासन का वादा करते हुए कहा कि आपसी सहमति के आधार पर स्थाई सरकार दी जाएगी। उन्होंने कहा कि निवर्तमान विधानसभा की अवधि 2 नवंबर को समाप्त हो रही है। अगले सप्ताह विधानसभा का सत्र बुलाकर शपथ ग्रहण समारोह होगा और फिर मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा।

**मतदान में गिरावट पर बोले**

इस बार मतदान में भारी गिरावट के सवाल पर खट्टर ने कहा कि सोमवार के दिन मतदान कराना उचित निर्णय नहीं रहा। इससे पहले दो दिन का अवकाश था और मतदान के दिन अहोई माता का व्रत भी था। उन्होंने कहा कि कम मतदान के बावजूद भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। यह 33 फीसदी से बढ़कर इस बार 36 फीसदी हो गया। उन्होंने कहा कि 5 साल का समय सीमित होता है और पिछली सरकार के समय में जो कार्य अधूरे रह गये थे, उन्हें इस बार पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन में दोनों पार्टियों की अलग-अलग प्राथमिकता हो सकती है, लेकिन दोनों का लक्ष्य एक ही रहेगा। खट्टर ने कहा कि कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि दिवाली के दिन शपथ क्यों ली। वहीं बहुत से लोगों ने कहा कि दिवाली के दिन राजतिलक का अर्थ है राम राज्य लाना। खट्टर बोले, वैसे देश में आज तक दिवाली के दिन किसी ने शपथ नहीं ली। पहली बार हमने ली है। इस अवसर पर विधायक हरविन्द्र कल्याण, विधायक धर्मपाल गोंदर व अन्य मौजूद रहे।

### रोहतक के बनियानी में जश्न का माहौल

**रोहतक (निस):** सीएम मनोहर लाल के गांव बनियानी में भाजपा की दूसरी बार सरकार बनने से जश्न का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सीएम बड़ी मेहनत करके इस मुकाम तक पहुंचे हैं। बुजुर्गों का कहना है कि मनोहर लाल ने कमाल कर दिया और पूरे प्रदेश में गांव का नाम रोशन कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव से कुछ लोग बधाई देने के लिए चंडीगढ़ भी गए हैं।

### चालती चाक्की — सत्यवीर नाहड़िया

होवै बीरा भाण नै, जी तै प्यारा खास।
बीरा हो बिसवास रै, भाण हुवै सै आस।
भाण हुवै सै आस, पास चै दूर निभावै।
भीड़ पड़ी म्हं भाण, खड़ी झट आग्गै पावै।
बीरा भरता भात, बीज वो सुख के बोवै।
दो देही एक ज्यान, भाण अर भाई होवै।।

### सिरसा पहुंचे दुष्यंत चौटाला बोले

# प्रदेश में हुआ परिवर्तन खुशियां और समृद्धि लेकर आएगा

सिरसा, 28 अक्तूबर (निस)

उपमुख्यमंत्री एवं जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में आया परिवर्तन खुशियां और समृद्धि लेकर आएगा। वे अपने पिता पूर्व सांसद डॉ. अजय सिंह चौटाला के साथ चौटाला हाउस पहुंचे थे और लोगों को संबोधित कर रहे थे। जजपा के शहरी जिलाध्यक्ष रोहित गनेरीवाला एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष कृष्ण कंबोज और अन्य पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि महज 11 महीने के अल्प समय में जजपा कार्यकर्ताओं ने जो मेहनत की है, उसी का नतीजा है कि ऐसे परिणाम आए हैं। उन्होंने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि जनता ने जिस प्रकार उनके कंधों पर जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसे पूरा करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। हरियाणा के विकास और आमजन के हितों को प्रमुखता देने की बात कहते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वे प्रदेशवासियों के सहयोग से ही हरियाणा के हितों को ताकत देंगे।

### तेजाखेड़ा में देवीलाल की प्रतिमा पर नमन

पूर्व सांसद डॉ. अजय सिंह चौटाला सोमवार को तेजाखेड़ा पहुंचे और पूर्व उपप्रधानमंत्री दिवंगत चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद तेजाखेड़ा फार्म हाउस में अजय सिंह चौटाला, विधायक अभय सिंह चौटाला, विधायक रणजीत सिंह, इनेलो नेता कर्ण चौटाला व अर्जुन चौटाला संयुक्त रूप से लोगों से मिले और लोगों के साथ त्योहार मनाया। वहीं सिरसा में डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला, विधायक नैना चौटाला एवं जजपा नेता दिग्विजय चौटाला ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

### भाजपा-जजपा सरकार पर कांग्रेस का पहला वार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा

# चुनावी वादों पर अपना स्टैंड साफ करे सरकार

ट्रिब्यून न्यूज सर्विस
चंडीगढ़, 28 अक्तूबर

- ■ कहा–भाजपा सरकार में हुये घोटालों की जांच पर भी जवाब दे सरकार
- ■ बोलीं, एक–दूजे पर लगाए आरोपों की जांच कब होगी पूरी

हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने प्रदेश में नवगठित भाजपा-जजपा सरकार से दोनों दलों की ओर से चुनाव के दौरान लगाए आरोपों और घोषणा-पत्र पर कार्रवाई करने की समय सीमा बताने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा व दुष्यंत चौटाला ने चुनाव से पहले अनेक चुनावी वादे किए थे और एक-दूसरे पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। अब प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि इन दोनों पार्टियों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कब होगी और उन चुनावी वादों को कब तक पूरा किया जाएगा, जोकि दोनों ने किए हैं।



सोमवार को चंडीगढ़ से जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा, जनता से विश्वासघात कर भाजपा और जजपा ने जो सरकार बनाई है, उसके बाद अब कई सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले चुनाव में कई वादे किए थे, जो पिछले पांच वर्ष में पूरे करने में वह विफल रही। वहीं इस चुनाव से पहले भी भाजपा ने अनेक वादे जनता से किए हैं। भाजपा सरकार को इस चुनाव के वादों के साथ वर्ष 2014 के चुनाव के समय किए वादे भी तुरंत पूरे करने चाहिएं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि जजपा ने विपक्ष में रहते हुए सरकार पर आरोप लगाया था कि सरकारी नौकरियों में जमकर धांधली की जा रही है और लाखों में पेपर बेचे जा रहे हैं। इसके अलावा करोड़ों के दवा घोटाले, अवैध खनन, ओवरलोडिंग घोटाला, एससी/एसटी छात्रों के लिए वजीफा घोटाला, रोडवेज में किलोमीटर स्कीम घोटाले समेत कई बड़े-बड़े घोटालों के आरोप भाजपा सरकार पर लगाए थे। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की जनता समझदार है और वह सारा खेल समझती है।

यदि दोनों दल जनता का सम्मान करते हैं तो इन्हें सार्वजनिक रूप से सभी चुनावी वादों और एक दूसरे पर लगाए गए आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# हताश न हों पार्टी के कार्यकर्ता, जारी रहेगा संघर्ष : सैनी

गोहाना, 28 अक्तूबर (निस)



लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के सुप्रीमो एवं पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने कहा कि विधानसभा चुनाव से आए परिणाम के बाद पार्टी कार्यकर्ता हताश न हों। सैनी ने कहा कि उनका शोषित वर्ग के हक के लिए संघर्ष जारी रहेगा। सैनी सोमवार को पानीपत रोड स्थित एक मैरिज पैलेस में गोहाना विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

राजकुमार सैनी ने गोहाना विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बैठक में चुनाव परिणाम की समीक्षा की। सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने चुनाव में खूब संघर्ष किया, जिसके चलते ही वे अच्छे वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने नई सरकार को बधाई भी दी।

सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। कार्यकर्ताओं के हित के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि अपने स्तर पर एक बड़ी इंडस्ट्री खड़ी करके गोहाना के युवाओं को रोजगार का प्रबंध करेंगे। सैनी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि 75 पार का नारा देने वाली पार्टी के अधिकतर मंत्री ही हार गए।

### सरकारी खरीद बंद होने से मंडियों में लगे ढेर

# पंजाब के वारे-न्यारे, हरियाणा के किसान धान लेकर फिर रहे मारे-मारे

## अम्बाला शहर मंडी में लिफ्टिंग के इंतजार में 15 लाख बोरियां

जितेंद्र अग्रवाल/हप्र
अम्बाला शहर, 28 अक्तूबर

सरकारी खरीद बंद होने से हरियाणा के किसानों को प्रदेश की मंडियों में अपनी धान बेचने के लाले पड़ गए हैं। यह खरीद एजेंसियों का लक्ष्य पूरा होने के कारण बंद की गई है। मंडी में अब धान की बोरियां ही बोरियां नजर आ रही है। पंजाब का धान मंडी में जल्द आने के कारण एजेंसियों ने उसकी खरीद कर ली, जबकि हरियाणा का धान देरी से आया और अब मंडियों में इधर-उधर बिखरा पड़ा है।

जानकारों की माने तो यदि जल्द ही सरकार ने हरियाणा के किसानों का धान खरीदने का आदेश नहीं दिया तो आने वाले दिनों में स्थिति काफी विस्फोटक हो सकती है। दो दिन पहले ही अचानक खरीद बंद किए जाने के बाद आढ़तियों और किसानों ने हिसार राज मार्ग कई घंटे जाम लगाया था। इससे पहले पंजाब में मिलरों और आढ़तियों की हड़ताल के चलते पंजाब के दूर दराज के क्षेत्र से भी धान बिकने के लिए अम्बाला की मंडियों में आ गया और आवक ज्यादा हो गई। इससे मंडियों में भी जाम की स्थिति बनी रही। पंजाब के धान की खरीदी होने के कारण एजेंसियों का लक्ष्य पूरा हो गया और अब हरियाणा के किसान अपनी धान बेचने के लिये धक्के खा रहे हैं।

**30.50 लाख क्विंटल की हो चुकी है खरीद**

शहर की अनाज मंडी में इन दिनों धान की आवक अपने पीक पर पहुंच चुकी है, लेकिन लिफ्टिंग व्यवस्था चरमरा चुकी है। फिलहाल इस मंडी में 15 लाख बोरी से ज्यादा धान लिफ्टिंग की इंतजार में है। अभी तक शहर मंडी में 30.50 लाख क्विंटल से ज्यादा धान की सरकारी खरीद की जा चुकी है। पिछले सीजन की इसी अवधि में यह खरीद करीब 25 लाख क्विंटल थी। हैफेड ने करीब 15.80 लाख क्विंटल और शेष 14.66 लाख क्विंटल डीएफएससी ने खरीद कर ली है। हैफेड ने जहां 14 लाख क्विंटल धान का उठान किया है, वहीं डीएफएससी ने 10.18 लाख क्विंटल धान मंडी से उठवाई है। इस प्रकार अभी भी करीब 6.27 लाख क्विंटल धान यानी करीब 15 लाख बोरी मंडी से उठाने की प्रतीक्षा कर रहा है।



अम्बाला शहर अनाज मंडी में खरीद बंद होने के बाद लगे धान की बोरियों के ढेर। -हप्र

**पंजाब में पहले होती है रोपाई**

आढ़ती एसोसिएशन के जिला प्रधान दूनी चंद दानीपुर, शहर मंडी के आढ़ती प्रधान मक्खन लाल गोयल की मानें तो हरियाणा का किसान पंजाब के मुकाबले अपेक्षाकृत देरी से धान की रोपाई करता है और फसल भी उतनी ही देरी से पकती है। ऐसे में प्रदेश का किसान देरी से ही फसल मंडी में लाता है। पंजाब से अधिक मात्रा में आने वाली धान की किसी को उम्मीद नहीं थी। पंजाब और जिला के किसानों के साथ आढ़तियों का वर्ष भर लेन देन चलता है ऐसे में यदि प्रदेश के किसानों की फसल ही नहीं बिकी तो मंडी अर्थव्यवस्था का सारा चक्कर ही ठहर जाएगा और इसके परिणाम भी बुरे होंगे। आढ़तियों के पास अपना इतना पैसा नहीं है कि वे हरियाणा के किसानों से उनकी सारी उपज खरीदकर उसे अपने भंडार में रख सकें, सब कुछ सरकारी खरीद पर ही निर्भर रहता है और यही परंपरा चली आ रही है।

"अभी तक धान की आगे खरीद का कोई आदेश सरकार की ओर से नहीं मिला है। गेट पास कटवाकर आए सारे धान को खरीदा जा चुका है। आगे जैसे भी सरकार के आदेश मिलेंगे वैसा ही निर्णय ले लिया जाएगा। स्थानीय स्तर पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता। नोडल अधिकारी लगातार सरकार के संपर्क में हैं।"

-वीपी मलिक, डीएम हैफेड, अम्बाला

## बुजुर्ग को सांड ने उठा-उठा कर पटका, मौत

बल्लभगढ़, 28 अक्तूबर (निस)

गांव चंदावली में एक सांड ने 70 वर्षीय बुजुर्ग हरभजन की जान ले ली। सांड पिछले एक महीने के दौरान कई लोगों को घायल कर चुका है। ग्रामीणों ने इस बारे में थाना सदर पुलिस में भी शिकायत की, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इसका कोई समाधान नहीं हुआ। गांव चंदावली में 70 वर्षीय हरभजन सैनी 11 बजे अपने प्लाट पर नहाने जा रहा था।

रास्ते में सांड मिल गया और उसने उन पर हमला बोल दिया। सांड ने सीगों पर उठाकर 3-4 बार गिराकर-गिराकर बुरी तरह घायल कर दिया। गंभीर अवस्था में हरभजन को बल्लभगढ़ के एक निजी अस्पताल में लेकर गए। अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम से मिल कर अस्पताल प्रबंधन को टेलीफोन कराकर बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

चंदावली गांव निवासी जिला पार्षद पुष्पा डागर का कहना है कि गांव में आवारा पशुओं का आतंक बना हुआ है। इस हादसे से पहले यही सांड मृतक हरभजन के बेटे राजू, बुजुर्ग मानसिंह और किरण सिंह को भी चपेट में लेकर घायल कर चुका है। जिस बारे में पुलिस को शिकायत भी दी गई। आवारा पशुओं के कारण गांव में महिलाएं और बच्चे दहशत में हैं। सदर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी जानकारी के अनुसार आवारा पशुओं के संबंध में उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। अगर शिकायत आएगी तो मामले में कार्रवाई करेंगे।

### लोकल वाहनों को मिलती है छूट

# टोल पर फर्जी आईडी से हजारों वाहनों की क्रासिंग

## चेकिंग में ज्यादा समय लगने से लगता है लंबा जाम

घरौंडा, 28 अक्तूबर (निस)

टोल प्लाजा पर रोजाना लगने वाले जाम और व्यवस्थाओं की कमी को लेकर लगातार टोल कंपनी पर सवाल उठ रहे है। खासतौर पर सुबह व शाम के समय टोल पार करने में 15 से 20 मिनट का समय लगता है। टोल पर जाम में फंसने वाले वाहन चालक व स्थानीय लोग इस स्थिति के लिए टोल कंपनी और कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराते है। टोल पर लगने वाले जाम की एक बड़ी वजह वाहन चालकों द्वारा धड़ल्ले से प्रयोग की जा रही फर्जी आईडी भी है। हाईवे पर बसताड़ा गांव के पास लगे टोल प्लाजा पर बड़ी संख्या में फर्जी आईडी का इस्तेमाल हो रहा है। फ्री टोल क्रासिंग के लिए रोजाना सैकड़ों की संख्या में वाहन चालक लोकल एड्रेस की नकली आईडी दिखाते है। टोल बूथ पर कंपनी के कर्मचारियों द्वारा की गई सघन चेकिंग में इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। टोल अधिकारियों के मुताबिक फ्री क्रासिंग के लिए वाहन चालकों ने पुलिस, सरकारी विभागों व आस-पास के गांवों के एड्रेस पर फर्जी आईडी बना रखी है। चेकिंग के दौरान टोल कर्मचारियों ने हजारों की संख्या में नकली आईडी प्रूफ कब्जे में लिए है। टोल कम्पनी ने घरौंडा, बसताड़ा व कुटेल के वाहन चालकों को फ्री क्रासिंग की सुविधा दी है, लेकिन लोकल की आड़ में रोजाना चार से साढ़े चार हजार छोटे वाहन बिना टोल दिए गुजर रहे है।

इस टोल बैरियर से रोजाना हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन बिना टोल टैक्स चुकाए निकल रहे है। मुफ्त टोल क्रास करने वाले वाहन चालक खुद को आसपास से गांवों से संबंधित होने का हवाला देकर यह सुविधा ले रहे है। इसके लिए बाकायदा टोल कर्मचारियों को स्थानीय एड्रेस का आधार कार्ड, आरसी, लाइसेंस, वोटर कार्ड दिखाया जाता है। टोल से मुफ्त क्रास कर रहे वाहनों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में वाहनों की फ्री क्रासिंग से टोल कंपनी एनएचआई को रोजाना मोटा चूना लग रहा है। मुफ्त टोल क्रासिंग पर अंकुश लगाने के लिए टोल कंपनी ने प्लाजा पर चेकिंग कड़ी कर दी है। चेकिंग के दौरान टोल कर्मियों ने हजारो की संख्या में फर्जी आईडी पकड़ी है।



घरौंडा टोल प्लाजा पर पकड़े गये फर्जी आईडी प्रूफ को दिखाते टोल अधिकारी। -निस

**रोजाना फ्री में निकलते हैं 5 हजार वाहन**

टोल कंपनी के मैनेजर मनीष कुमार ने बताया कि 24 घंटे में करीब 45 हजार वाहन टोल क्रास करते हैं। घरौंडा, बसताड़ा, कुटेल व आसपास के कुछ गांवों के वाहन चालकों को छूट दी गई थी, लेकिन अब रोजाना चार से 5 हजार छोटे वाहन लोकल के नाम पर फ्री निकलते हैं। लोकल एड्रेस के वाहनों को छूट दी गई है इसलिए टोल पर व्हीकल की आरसी दिखाना अनिवार्य है, लेकिन वाहन चालक आरसी दिखाने की बजाय दूसरे एड्रेस प्रूफ दिखाते है जो अधिकतर नकली होते हैं या फिर फोटो कॉपी के जरिये तैयार किए होते है।

"ये सही बात है कि व्यस्त समय में टोल पर वाहनों की भीड़ अधिक होती है। टोल पर लेन बढ़ाने के लिए साथ लगती भूमि लेने के प्रयास किये जा रहे है। लोकल की आड़ में हो रहे फर्जीवाड़े से टोल पर जाम लगता है। कंपनी ने लोकल वाहन के लिए छूट दी है न कि व्यक्ति को। इसलिए स्थानीय वाहन चालको को गाड़ी की आरसी दिखाने पर ही छूट मिलेगी।"

-मनीष कुमार टोल प्लाजा मैनेजर

### जमीन विवाद

## एक ही परिवार के दो लोगों में झगड़ा, एक की हत्या

नारनौल, 28 अक्तूबर (हप्र)

स्थानीय मोहल्ला पीरआगा में जमीन विवाद को लेकर एक परिवार के दो गुटों में हुए झगड़े में एक महिला की मौत हो गई। जबकि एक महिला समेत दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों का स्थानीय नागरिक अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर शहर की पुल बाजार चौकी पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर शव का दोपहर बाद पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतका के पुत्र के बयान पर एक पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।


■ दूसरे पक्ष पर कोर्ट का आदेश न मानने का आरोप

मोहल्ला पीरआगा निवासी कैलाश व उसी के परिवार के रामकिशोर के परिवार में एक प्लाट के हिस्से को लेकर कई सालों से विवाद चल रहा है। बताया जाता है कि न्यायालय ने भी इस प्लाट का फैसला रामकिशोर के पक्ष में दिया है। इसके चलते प्लाट का कब्जा रामकिशोर के परिवार के पास है। न्यायालय के फैसले के बाद भी कैलाश का परिवार इस बात को मानने को तैयार नहीं है। इसी के चलते सोमवार सुबह साढ़े 8 बजे इस प्लाट को लेकर कैलाश और रामकिशोर के परिवार में झगड़ा हो गया। अस्पताल में उपचाराधीन मुकेश कुमार का आरोप है कि कैलाश, उसके बेटे अजीत, अमित व हेमंत, बाबूलाल, बाबूलाल की पत्नी गीता व अजीत की पत्नी समेत 8-10 लोग लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी आदि लेकर इस प्लाट पर पहुंचे तथा वहां लगाई गई तार बाड़ को हटाने लगे। इस पर उसकी मां संतोष देवी ने थोड़ी दूरी पर स्थित घर (तेल मिल) से ही आवाज देकर उन्हें तार बाड़ हटाने से मना किया। इस पर सभी लोग तार बाड़ को छोड़ उनकी तेल मिल पर पहुंच गए। वहां पहुंचते ही उन लोगों ने उसकी मां संतोष पर ताबड़तोड़ वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। इस दौरान उन लोगों ने उस पर व उसकी पत्नी पर भी वार किए। इससे वे दोनों भी घायल हो गए। झगड़े का शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें उन लोगों से छुड़वाया तथा घायलों को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसकी मां को मृत घोषित कर दिया।

## चौटाला परिवार को 14 साल बाद सत्ता मिलने पर कटवाई दाढ़ी

हिसार, 28 अक्तूबर (हप्र)

करीब साढ़े 14 साल पूर्व सत्ता से बाहर हुए इंडियन नेशनल लोकदल के बाद सत्ता में आने तक दाढ़ी न कटवाने की कसम खाने वाले ताऊ देवीलाल के भक्त मिर्चपुर गांव निवासी राजपाल डेविड ने दुष्यंत चौटाला के डिप्टी सीएम बनने के बाद सोमवार को अपनी दाढ़ी कटवा ली। इनेलो की दोफाड़ के बाद राजपाल डेविड जजपा में आ गए थे और उनके पास प्रदेश प्रचार सचिव का पद था। राजपाल डेविड के दाढ़ी कटवाने के बाद दुष्यंत चौटाला ने उनकी दाढ़ी वाली व बिना दाढ़ी वाले नए लुक की दोनों फोटो ट्वीट करते हुए इस समर्पण के लिए प्रशंसा की। डेविड ने बताया कि मार्च, 2015 में जब इनेलो सत्ता से बाहर हुई थी और कांग्रेस की प्रदेश में सरकार गठित हुई थी तो उन्होंने इनेलो की सरकार आने पर ही दाढ़ी कटवाने का संकल्प लिया था।



राजपाल डेविड (पहले)



राजपाल डेविड (अब)

### लांग ड्राइव पर निकले थे 4 दोस्त

# कार का टायर फटने से हादसा, 2 की गई जान

पानीपत, 28 अक्तूबर (एस)

पानीपत में जीटी रोड पर दिल्ली की तरफ से आ रही एक कार का सोमवार सुबह अचानक टायर फट गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में पहुंच गई और दूसरी कार से टकराकर पलट गई। पलटने वाली कार में चार युवक थे। इनमें से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। इसमें कार सवार चारों युवक दोस्त हैं और दिल्ली से दिवाली पर लांग ड्राइव पर निकले थे। हादसे में दूसरी कार का चालक भी घायल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को सिविल अस्पताल में भिजवाया और घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस को दी शिकायत में 21 वर्षीय अमृतेश्वर निवासी नयी दिल्ली ने बताया कि दिवाली की रात करीब साढ़े 12 बजे वह और उसके तीन दोस्त 19 वर्षीय नीलांश कालड़ा, 20 वर्षीय रीतिक और यशा 12 बजे घर से निकले थे। वे पूरी रात बाहर घूमते रहे और सुबह 5 बजे मुरथल स्थित सुखदेव ढाबे पर पहुंचे और करीब साढ़े 6 बजे वहां से खाना खाकर निकले। सभी दोस्तों ने फैसला किया कि पानीपत टोल से घूमकर वापस घर जाएंगे। वे जब पानीपत में लालबत्ती के पास फ्लाईओवर पर पहुंचे तो कार का टायर फट गया और वह चंडीगढ़ लेन से दिल्ली लेन में जाकर दूसरी कार से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार निलांश व रीतिक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अमृतेश्वर व यश गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी कार में सवार ओंकार निवासी करनाल को भी चोटें आई हैं।

शहर थाना प्रभारी मोहन लाल ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 7 बजे सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को सामान्य अस्पताल पहुंचाया। सडक़ हादसे में दिल्ली के कार सवार चार युवकों में से दो की मौत हो गई है व दो घायल हैं।

## पशुओं को बचाने के चक्कर में हादसा, 2 ने गंवाई जिंदगी

**फरीदाबाद (हप्र) :** नेशनल हाईवे पर आवारा पशु को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रिल तोड़ते हुए सर्विस लेन पर चली गई। इस हादसे में जहां कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। मृतक युवकों की पहचान ग्रीन फील्ड कालोनी में रहने वाले अमन अग्रवाल और अशोका एन्कलेव में रहने वाले प्रखर अरोड़ा के रूप में हुई है। दोनों युवक आपस में ममेरे-फुफेरे भाई थे। मामले के जांच अधिकारी भगत सिंह ने बताया कि अमन साफ्टवेयर इंजीनियर था, जबकि प्रखर अपने कारोबारी पिता के कामकाज में हाथ-बंटाता था। रविवार रात करीब 11 बजे दोनों कुछ साथियों को मिठाई बांटने निकले थे। रात करीब एक बजे के आसपास अमन अपनी होंडा सिटी कार लेकर सेक्टर-28 स्थित एक रेस्टोरेंट में फुफेरे भाई प्रखर अरोड़ा के साथ जा रहे थे। एनएचपीसी मेट्रो स्टेशन फ्लाईओवर से उतरते ही उनके सामने एक आवारा पशु आ गया। इसे बचाने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित होकर साइड में डिवाइडर पर चढ़ गई ग्रिल को तोड़ती हुई सर्विस लेने में पहुंच गई थी।

### रेप पीड़िता का गर्भपात कराने का मामला

## अस्पताल पर छापेमारी, संचालक मौके से फरार

जींद, 28 अक्तूबर (हप्र)

जिस नाबालिग के साथ शहर के ही राजनगर निवासी राकेश ने कई माह तक रेप कर उसे गर्भवती बनाया था, उस नाबालिग का जबरदस्ती गर्भपात जींद के गोहाना रोड स्थित अनमोल जीवन अस्पताल में करवाया गया था। सोमवार सायं जींद के स्वास्थ्य विभाग ने अनमोल जीवन अस्पताल पर रेड की।

रेड के दौरान इसका संचालक मनोहरपुर निवासी नरेश भारद्वाज मौके से खिसक गया। स्वास्थ्य विभाग ने अनमोल जीवन अस्पताल को सील कर इसके संचालक नरेश भारद्वाज के खिलाफ एमटीपी एक्ट और ड्रग एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए पुलिस को लिखित शिकायत दी है। इस मामले में नाबालिगा के साथ रेप के आरोपी राकेश को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सोमवार सायं पीएनडीटी के डिप्टी सिविल सर्जन डा. प्रभुदयाल की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गोहाना रोड स्थित अनमोल जीवन अस्पताल पर रेड की। इसी अस्पताल में उस नाबालिग का गैर कानूनी तरीके से गर्भपात करवाया गया था, जिसके साथ शहर के राजनगर निवासी राकेश ने रेप कर उसे गर्भवती बनाया था। नाबालिग को पहले नरवाना रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाकर उसका गर्भपात करवाने का प्रयास किया गया था। पीएनडीटी के प्रभारी डिप्टी सिविल सर्जन डा.प्रभूदयाल के अनुसार 19 अक्तूबर को नाबालिगा का गर्भ गिरवाने के लिए उसे गोहाना रोड स्थित अनमोल जीवन अस्पताल में इसके संचालक नरेश भारद्वाज ने दवाएं दी। दवाओं से गर्भपात नहीं हुआ तो 21 अक्तूबर को अनमोल जीवन अस्पताल में नाबालिग का गर्भपात करवाया गया।

**झोलाछाप है डाक्टर**

रेप पीड़िता नाबालिग का गोहाना रोड स्थित जिस अनमोल जीवन अस्पताल में गर्भपात करवाया गया, वह देखने में पूरा अस्पताल लगता है। नाबालिगा 5 माह से गर्भवती थी। उसके 5 माह की गर्भ को इस अस्पताल में गिराया गया। यह सरासर गैर-कानूनी था। अस्पताल का संचालक कोई डिग्रीधारक डाक्टर नहीं होकर महज 12वीं पास झोलाछाप डाक्टर है। अब उसके खिलाफ एमटीपी एक्ट और ड्रग एक्ट के तहत स्वास्थ्य विभाग ने कड़ी कार्रवाई की सिफारिश पुलिस से की है।

### गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस का फैसला

# एक महीने तक हीरो होंडा चौक पर नहीं चलेंगे वाहन

गुरुग्राम, 28 अक्तूबर (हप्र)

यात्रियों की सुरक्षा के लिए लिहाज से हीरो होंडा चौक पर एक महीने के लिए यातायात संचालन बंद कर दिया गया है। इस अवधि में नेशनल हाईवे अथोरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) फ्लाईओवर की स्लैब को बदलवाने का कार्य करेगी। हीरो होंडा चौक फ्लाईओवर का ट्रैफिक दूसरे रूट पर डायवर्ट किया गया है।

घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल को लेकर विवादों में रहे हीरो होंडा चौक फ्लाईओवर में कई बार सुराग हो चुके हैं। इस फ्लाईओवर में हुए छेद से मलबा टूटकर नीचे गिरता रहा है। लगातार हो रहे हादसों के बाद निर्माण कार्य की जांच की गई तो इसमें एक स्लैब के निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल की बात सामने आई। जांच रिपोर्ट में मिली खामी के आधार पर इस फ्लाईओवर की एक स्लैब बदलने का फैसला लिया गया। इसी के तहत अब जयपुर से दिल्ली की ओर आने वाली लेन की एक स्लैब बदली जाएगी। इस कार्य में एक महीने का समय लगेगा। इसलिए इस अवधि में फ्लाईओवर के एक हिस्से को बंद रखा जाएगा। जयपुर से दिल्ली की ओर आने वाले यातायात को दूसरी सड़क पर डायवर्ट करके उसे वहां से निकाला जाएगा। यातायात पुलिस ने फ्लाईओवर पर वाहनों के दबाव को कम करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए यातायात विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी लगाई गई है। दावा किया जा रहा है कि निर्माण कार्य के कारण एक्सप्रेस-वे किसी भी तरह से जाम नहीं लगने दिया जाएगा। डीसीपी - ट्रैफिक हिमांशु गर्ग ने इस संदर्भ में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। पुलिस ने 1 दिसंबर 2019 तक फ्लाईओवर के एक हिस्से को यातायात के लिए बंद रखने की बात कही है।



**कई बार टूट चुका है फ्लाईओवर का हिस्सा**

गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व इस फ्लाईओवर के बार-बार टूटने को लेकर पुलिस व नेशनल हाईवे अथारिटी आफ इंडिया के अधिकारियों के बीच तनातनी भी हो गई थी। पुलिस ने चालू फ्लाईओवर पर किसी भी तरह के हादसे होने की स्थिति में एनएचएआई के जिम्मेदार होने की बात कही थी। इसके बावजूद इस फ्लाईओवर का हिस्सा टूटकर नीचे गिर जाता है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है।

### कांग्रेस विधायकों के निशाने पर दुष्यंत, बोले

## पहले घर तोड़ा, अब मां का वादा

झज्जर, 28 अक्तूबर (हप्र)

भाजपा को समर्थन देने पर अब दुष्यंत चौटाला कांग्रेस विधायकों के निशाने पर आ गए हैं। कांग्रेस के बादली हलके से पहली बार विधायक बने डा. कुलदीप वत्स और पूर्व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल ने इसे अवसरवादिता की राजनीति बताया है। डा. कुलदीप वत्स ने जजपा सुप्रीमो पर निशाना साधते हुए कहा कि दुष्यंत ने पहले अपना घर तोड़ा, फिर अपनी पार्टी तोड़ी, बाद में मां का सपना तोड़ा और अब उन अपनी ही पार्टी के उन निष्ठावान कार्यकर्ताओं का दिल तोड़ दिया है, जोकि भाजपा की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर जजपा के लिए संघर्ष की लड़ाई लड़ रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने अपनी मां नैना चौटाला का भी वादा तोड़ दिया है, जोकि जनता के बीच जाकर कहती थी कि भाजपा से उनका कभी समझौता नहीं होगा। डा. वत्स ने कहा कि यह गठबंधन सरकार 6 माह की सरकार है। उन्होंने जजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह कांग्रेस में शामिल होकर अपने हितों की लड़ाई लड़ी। पूर्व शिक्षामंत्री गीता भुक्कल ने भाजपा को पूरी तरह से फेल बताया। उन्होंने भाजपा के कद्दावर मंत्री ओपी धनखड़ को भारी मतों से हराने के लिए बादली के निवनिर्वाचित विधायक डा.कुलदीप वत्स को बधाई दी।



झज्जर में सोमवार को नवनिर्वाचित विधायक गीता भुक्कल, कुलदीप वत्स विजय चिन्ह बनाते हुए। -हप्र

### आग से करोड़ों का नुकसान/एक दर्जन दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

# इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का गोदाम राख

सोनीपत, 28 अक्तूबर (हप्र)

जगदीशपुर रोड स्थित केन लाइफ स्टार प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में सोमवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। धीरे-धीर आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे गोदाम को चपेट में ले लिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एक दर्जन से ज्यादा दमकल गाड़ियों ने आग पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। आग के कारण गोदाम में रखा करोड़ों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

जगदीशपुर रोड स्थित हरसाना कलां गांव में केन लाइफ स्टार कंपनी का गोदाम है। यहां करीब 18 कारखानों से इलेक्ट्रानिक का सामान तैयार होकर आता है। इसके बाद गोदाम से आल इंडिया में माल की सप्लाई की जाती है। गोदाम के गार्ड अनेक ने बताया कि उसने सुबह 8 बजे गोदाम से धुंआ निकलता देखा। इसकी सूचना उसने गोदाम इंचार्ज को दी। इसके बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। जब उन्होंने गोदाम पर लगा शटर खोला तो आग बढ़नी शुरू हो गई। इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई।

दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन आग तब तक काफी फैल चुकी थी। इसके बाद दमकल विभाग ने जिले के सभी दमकल स्टेशनों के साथ-साथ पानीपत व समालखा केन्द्रों पर आग की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



सोनीपत में सोमवार को इलेक्ट्रॉनिक्स के गोदाम में आग पर काबू पाते दमकल कर्मी। -हप्र

## फायर सिस्टम नहीं हुआ चालू

गोदाम के इंचार्ज आकाश यादव का कहना है कि गोदाम के अंदर करीब 10 से 12 करोड़ रुपये का सामान रखा था, जो जलकर राख हो गया। सूचना देने के काफी देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भी अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। इधर, बताया गया है कि जिस गोदाम में आग लगी है वहां फायर सेफ्टी सिस्टम होता, तो इस तरह आग नहीं लगती। गोदाम की एक तरफ फायर सेफ्टी सिस्टम लगा तो रखा है, लेकिन मोटर नहीं होने के कारण वह चालू नहीं हो सका। वहीं, गोदाम के पास ही बेसमेंट का कार्य कर रहे मजदूर गोदाम की एक तरफ झुग्गी डालकर उसी में ही रहन-सहन कर रहे थे। मजदूरों का कहना है कि दिवाली होने के चलते वे देर रात तक जाग रहे थे, सुबह जागे और बाहर आकर देखा तो गोदाम में भयानक आग लगी हुई थी। उन्होंने अपने बच्चे तो झुग्गियों से निकाल लिए, लेकिन उनका सामान वहीं रह गया।

## हार्डवेयर दुकान में लाखों का नुकसान

**सफीदों (निस)** : पुरानी अनाज मंडी में एक हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से लाखों का सेनेटरी व हार्डवेयर के साथ-साथ दुकान का रिकार्ड जलकर खाक हो गई। आग लगने का कारण सार्ट-सर्किट बताया जा रहा है। बालाजी ट्रेडर्स के मालिक अरुण गुप्ता ने बताया कि वह बीती शाम दुकान बंद करके दुकान के ऊपर बने घर में चले गए थे। उसके कुछ देर उपरांत किसी पड़ोसी ने ऊपर कुछ धूआं उठता हुआ देख इसकी जानकारी उन्हें दी। आसपड़ोस के लोगों को मौके पर बुलाया गया। इसी दौरान एक नौकर टीनू गोयल ने दुकान शट्टर खोलने की कोशिश की तो उसका हाथ बुरी तरह से जल गया। दुकान में आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड व सफीदों प्रशासन को दी। इतनी देर में सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए। बताया जाता है कि घंटों की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

## नुकसान का जायजा लेने पहुंचे जैन

**सोनीपत (हप्र)** : मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन बीती रात बस स्टैंड के पास बाबा तराना रोड पर पंडिता मसाला कंपनी में अज्ञात कारण से लगी आग से हुए नुकसान की सूचना के बाद जायजा लेने पहुंचे थे। व्यापारी को ढांढ़स बंधाते हुए राजीव जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने व्यापारी वर्ग को किसी भी प्रकार की स्थिति से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए योजना शुरू की है। शहर के कालूपुर चुंगी वासी दुकानदार राजकुमार ने बताया कि रात 10 बजे के करीब अज्ञात कारण से लगी आग से उसका लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। पड़ोसी से सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। 2 फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन आग की चपेट में 2 पैकिंग मशीन, 9 फ्रिज, 14 मशीन, 2 एसी, 10 वोल्टेज, 4 इंवर्टर सहित लाखों का सामान खत्म हो गया।



सोनीपत में सोमवार को नुकसान का जाजया लेते सीएम के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन। -हप्र

# घर में लगी आग, पड़ोसियों ने बचाई किशोरी की जान

रेवाड़ी, 28 अक्तूबर (निस)

मोहल्ला बास सिताबराय स्थित किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण लखेरा के घर में सोमवार की दोपहर भीषण आग लग गई। आग की लपटें देख दूसरे फ्लोर पर मौजूद किशोरी घबरा गई। उसने ऊपर से कूदने की कोशिश की तो लोगों ने जैसे-तैसे शीशा तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाला। आग के कारण घर का सारा सामान जल गया।

कृष्ण लखेरा परिवार के साथ सोमवार को इंच्छापुरी स्थित मंदिर में प्रसाद लेने के लिए गए थे। घर में 15 साल की उनकी भांजी खुशी अकेली थी। वह दूसरे फ्लोर के एक कमरे में थी। इसी दौरान घर के पहले फ्लोर पर अचानक आग लग गई। आग की लपटें दूसरे फ्लोर तक पहुंचने लगी तो खुशी बाहर निकली।

उसने शोर मचाया तो पड़ोसी मौके पर जमा हो गए। घबराई खुशी ने दूसरे फ्लोर से नीचे कूदने की कोशिश की, लेकिन इससे पहले ही घर के बाहर एकत्रित लोगों ने उसे रोक लिया। उसके बाद पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाई राजू सैन व दीपू सैन एक पड़ोसी को साथ लेकर दूसरे रास्ते उसके घर में घुसे तथा शीशा तोड़कर खुशी को सकुशल बाहर निकाल लिया।

लेकिन आग की चपेट में आने से वह मामूली सी झुलस गई थी। तत्पश्चात सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। कृष्ण लखेरा ने बताया कि यह आग शॉर्ट सर्किट से लगी।



रेवाड़ी में कांग्रेस नेता के घर में लगी आग से जला सामान। -निस

## लैब में रखा समान जला

**गुरुग्राम (हप्र)** : शहर की एक मेडिकल लैब में आग लगने से लैब और उसके अंदर रखा सामान जल गया। आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। माना जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हादसा शाम के समय सोहना अनाज मंडी में हुआ। घटना के वक्त लैब बंद थी। आसपास के लोगों ने जब लैब के रोशनदान से जब धुआं निकलता दिखाई दिया तो आग के बारे में जानकारी मिली। इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। काफी देर की मश्क्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। लैब संचालक पंकज ने बताया कि त्यौहार होने के कारण लैब को दोपहर तीन बजे बंद कर दिया गया था और इसके बाद सारा स्टाफ व सभी लोग अपने-अपने घरों को चले गए थे।

### शराब के नशे में धुत बिजली ऑपरेटर ने सिर पर मारा डंडा

# गन्नौर में राइस मिल फैक्टरी में कैशियर की हत्या

## हत्या के आरोपी कुराड़ के युवक को किया गिरफ्तार

गन्नौर, 28 अक्तूबर (निस)

गांव सनपेड़ा के पास स्थित कंपनी में शराब के नशे में धुत एक कर्मचारी ने कैशियर के सिर पर डंडा मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड को भी घायल कर दिया। मौके पर पहुंची बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को आरोपी गांव कुराड़ निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया है।

राजस्थान के सालासर निवासी विजय शेखावत सनपेड़ा स्थित एचआरएल फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कैशियर के पद पर कार्यरत थे। शनिवार रात कंपनी में बिजली ऑपरेटर गांव कुराड़ निवासी दीपक शराब पीकर कंपनी में प्रवेश कर रहा था। गेट पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड भगवंत सिंह ने उसे प्रवेश करने से रोक दिया। इस पर आरोपी उसके साथ झगड़ा करने लगा। इसी दौरान पानीपत के गांव देहरा निवासी सिक्योरिटी गार्ड सुनील मौके पर पहुंचा और उसने बीच-बचाव का प्रयास किया। सुनील ने बताया कि इसी दौरान कैशियर विजय वहां पर पहुंचे। आरोपी दीपक उनसे भी झगड़ा करने लगा और पास में पड़ा डंडा उठाकर विजय के सिर में मार दिया। डंडा लगने से विजय बेहोश होकर नीचे गिर पड़े। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## मजदूर को पड़ोसी ने छत से दिया धक्का, मौत

**सोनीपत (हप्र)** : गांव नाथूपुर में कहासुनी की रंजिश में एक मजदूर को पड़ोसी ने छत से धक्का दे दिया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल मजदूर की मौत हो गई। इस दौरान मजदूर का साथी भी घायल हो गया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल, पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। नाथूपुर गांव में किराये के मकान में रह रहे पंजाब के जालंधर निवासी कुलविंद्र और अरविंद्र का पड़ोस में रहने वाले राजकुमार व प्रीतम से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान राजकुमार व प्रीतम ने छत पर जाकर कुलविंद्र के साथ मारपीट शुरू कर द्वी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे छत से नीचे धक्का दे दिया। बचाने के दौरान कुलविंद्र का साथी अरविंद भी गिर गया।

### मौलिक मुख्याध्यापक एसोसिएशन की बैठक

# शिक्षा विभाग के रोजाना नये फरमानों से शिक्षकों में रोष

नारायणगढ़, 28 अक्तूबर (निस)

मौलिक मुख्याध्यापक एसोसिएशन खंड नारायणगढ़ के पदाधिकारियों की बैठक प्रधान राजबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें महासचिव सुरेन्द्र धीमान ने कहा कि शिक्षा विभाग हरियाणा के अधिकारियों द्वारा रोजाना नये-नये फरमान जारी किए जाते हैं, जिनको लेकर शिक्षक वर्ग में अधिकारियों के प्रति भारी रोष है।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को मोबाइल फोन में चॉकलेट एप डाउनलोड कर खुद ही विषयों की ट्रेनिंग लेने का दबाव बनाया जा रहा है, जो की सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने खर्चे से परीक्षाओं का परिणाम विभाग की साइट पर अपलोड करते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो निदेशक महोदय द्वारा सरकारी विद्यालयों में मोबाईल फोन का प्रयोग बंद किया गया है, वहीं जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा सभी कार्य मोबाइल फोन से करने का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा विभाग के आदेशों की एक भी मूल प्रति विद्यालयों में नहीं भेजी जाती और हर आदेश मोबाइल फोन के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। श्री धीमान ने कहा कि जल्द ही खंड नारायणगढ़ में मोबाइल पर आने वाली विभाग की डाक को बंद करवाया जायेगा जिसके लिए हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ की जिला इकाई के साथ सम्पर्क किया जायेगा। उन्होंने शिक्षकों से अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे ऐसे फरमानों का यूनियन के साथ मिलकर विरोध करने की अपील की। धीमान ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी सरकार के साथ मिलकर सरकारी विद्यालयों को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। धीमान ने कहा कि पूरे देश में सभी कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है और एनसीईआरटी की किताबें भी लगाई गई हैं लेकिन शिक्षकों को इन्हें पढ़ाने का समय ही नहीं दिया जाता।

### दादरी-भिवानी रोड पर हादसा

# तेज रफ्तार कार ने 2 बहनों को कुचला, मौके पर मौत

## आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने किया रोड जाम

चरखी दादरी, 28 अक्तूबर (निस)

दादरी-भिवानी हाईवे पर गांव चरखी के समीप सोमवार शाम कथित तौर पर तेज रफ्तार एक कार ने रोड पार कर रही 2 सगी बहनों को कुचल दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वे 7वीं व छठी कक्षा की छात्राएं थी। हादसे के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया।

गुस्साए ग्रामीणों ने शवों को रोड पर ही रख जाम लगा दिया जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। बाद में अफसर मौके पर पहुंचे और समझाने के बाद जाम खुलवाया।गांव चरखी निवासी 13 वर्षीय तमन्ना व छोटी बहन 11 वर्षीय मुस्कान शाम को खेतों से घर लौट रही थी। चरखी बस स्टैंड पर दादरी-भिवानी हाईवे को पार करते एक कार ने उन्हें कुचल दिया। घटनास्थल पर ग्रामीण एकत्रित हो गए और कार चालक की गिरफ्तारी व स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की। सरपंच गुलजारी लाल की अगुवाई में ग्रामीण काफी देर तक जाम लगाए बैठे रहे। डीएसपी शमशेर दहिया व बाली सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया। लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। देर शाम बाढड़ा एसडीएम डा. वीरेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और समझाकर जाम खुलवाया। मृतक बहनों के दादा पृथ्वी सिंह ने पुलिस से इस संबंध में उचित कार्रवाई की मांग की है।



चरखी दादरी के गांव चरखी में सोमवार को ग्रामीणों द्वारा जाम लगाने के दौरान समझाते एसडीएम विरेंद्र सिंह व डीएसपी शमशेर दहिया। -निस

### रंगकर्मियों तथा शांतिकर्मियों ने किया इन्द्री के गांवों का दौरा

# केरल, अरुणाचल और हरियाणा में सांस्कृतिक आदान-प्रदान

## कृषि, खान-पान तथा यहां की संस्कृति को समझकर बताईं अपने राज्यों की विशेषता

गुंजन कैहरबा/निस

इन्द्री, 28 अक्तूबर

सुदूर दक्षिणी राज्य केरल की शांतिकर्मी आदिला हसन, उत्तरपूर्वी राज्य अरुणाचल प्रदेश से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नयी दिल्ली से पास आउट रंगकर्मी गोगे बाम, खिलाड़ी गोमे बाम ने उपमंडल के विभिन्न गांवों का दौरा किया।

एनएसडी पासआउट रंगकर्मी नरेश नारायण, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से थियेटर में पीएचडी कर रहे रंगकर्मी गुरनाम कैहरबा, सामाजिक कार्यकर्ता महिन्द्र कुमार, अरुण कुमार, रविन्द्र कुमार, सार्थक, शमीम अब्बास, मोहम्मद रज़ा, रज़ा अब्बास, शाने रज़ा, गायक सुरजीत सिंह सरजू, राजकली, बलिन्द्र कांबोज सहित अनेक लोगों ने विभिन्न गांवों में मेहमानों का स्वागत किया। विभिन्न राज्यों से आए मेहमानों ने हरियाणा के समाज, शिक्षा, कलाओं, कृषि, खान-पान व संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपने राज्यों की विशेषताओं के बारे में बताया। आदिला, गोगे व गोमे ने गांव कैहरबा में दीपावली पर्व मनाया और स्थानीय संस्कृति कर्मियों के साथ गांव के धार्मिक, प्राकृतिक व सांस्कृतिक स्थानों का भ्रमण किया और दीप प्रज्वलित करके विश्व शांति की कामना की। सोमवार को उन्होंने क्षेत्र के यमुना नदी व उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे गांव सैयद छपरा का भ्रमण किया।

गांव के राजकीय स्कूल के सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में अध्यापक महिन्द्र कुमार ने जानकारी दी। स्कूल में मेहमानों ने पाम के पौधे रोपे। गांव के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। यहां तीनों ने खेतों में काम करते किसानों व महिलाओं को देखा। शमीम अब्बास के खेतों में पेड़ों पर लगे अमरूद तोड़ कर खाए। उन्होंने लड़कियों से उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की। लड़कियों ने उन्हें बताया कि वे आगे पढ़ना चाहती हैं, लेकिन गांव में आठवीं तक का ही स्कूल होने के कारण उन्हें आगे पढ़ने के लिए नहीं भेजा जाता। गांव डेरा हलवाना में सुरजीत सरजू, राजकली व सूरज ने तबले की थाप के साथ गीत सुनाए। गांव नन्हेड़ा की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में तीन साल की अवधि में स्कूल सुधार व सौंदर्यीकरण के लिए किए गए कामों की तीनों मेहमानों ने प्रशंसा की।



इन्द्री के एक गांव में सोमवार को महिला चन्द्रवती केरल से आई शांति कर्मी आदिला हसन, अरुणाचल प्रदेश से आई रंगकर्मी गोगे बाम व खिलाड़ी गोमे बाम का स्वागत करती हुई। -निस

## जैविक खेती में आगे बढ़े हरियाणा : आदिला

देश के विभिन्न स्थानों पर शांति के लिए काम कर रही आदिला हसन ने कहा कि हरियाणा खेती में बहुत आगे है। अब हरियाणा को जैविक खेती की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दिशा में बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है।

## अरुणाचल प्रदेश में लड़कों, लड़कियों में फर्क नहीं

रंगकर्मी गागे बाम ने हरियाणा की प्रतिभाओं और उनकी रचनात्मकता को बेमिसाल बताया। साथ ही यहां के नकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हरियाणा के गांवों में आज भी बेटियों व बहुओं में फर्क होता है। बहुओं को पर्दे में रखा जाता है। लड़कों को खाना बनाना नहीं आता और न ही सिखाया जाता। बहुत से गांवों में लड़कियों को बाहर पढ़ने के लिए नहीं भेज पाते। यह चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में लड़कों व लड़कियों में अंतर नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के इन्द्री क्षेत्र का भ्रमण उनके लिए बहुत ज्ञानवर्धक रहा है।

# भाजपा का दोबारा सत्ता में आना विकास को रफ्तार देगा : बराला



टोहाना में सोमवार को अपने फार्म हाउस बिढाईखेड़ा में पार्टी कार्यकर्ताओं से बात करते भाजपा प्रदेशध्यक्ष सुभाष बराला। -निस

टोहाना, 28 अक्तूबर (निस)

चुनावी नतीजों के बाद एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दोबारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के उपरांत बधाइयां देने वालों का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला के फार्म हाउस पर गांव बिढ़ाईखेड़ा में लोगों का तांता लगा रहा। प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला भी अपने फार्म हाऊस पर एक-एक कर पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलते रहे और उनकी बधाइयां स्वीकारते हुए कहा कि भाजपा की दोबारा सरकार बनना कोई छोटी बात नहीं है, इससे विकास को रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेशक चुनावी नतीजे उनके पक्ष में न रहे हों परन्तु वे आज भी उनके साथ खड़े हैं और हलके के विकास के लिए भाजपा और जजपा मिलकर अच्छा काम करेंगे। बराला ने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्होंने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष पद से इस्तीफे की पेशकश की थी, लेकिन पार्टी ने उनकी सेवाएं जारी रखने का आदेश दिया है।

### 2 गाड़ियों के शीशे तोड़े, सिटी एन्क्लेव में मचाया उत्पात

# नशेड़ी युवक ने हमला कर 14 लोगों को किया घायल

जीरकपुर, 28 अक्तूबर (निस)

जीरकपुर के शिवालिक विहार क्षेत्र के नजदीक सिटी एन्क्लेव में रविवार दोपहर को एक युवक ने जमकर तांडव मचाया और दो गाड़ियों से तोड़फोड़ की और 14 लोगों को घायल कर दिया। हमलावर युवक कथित तौर पर नशे की हालात में था, जिसने एक कस्सी की मदद से दो कारों के शीशे तोड़ दिए। शिकायत करने पर पुलिस मौके पर 1 घंटे बाद पहुंची। बताया जाता है कि युवक के हाथ में कस्सी थी और जो भी उसे रोकने आया, वह उस पर हमला करता चला गया। आरोपी युवक ने सबसे पहले स्थानीय पवन कुमार नामक व्यक्ति के सिर में कस्सी से वार कर दिया, जिसके उसके सिर में



10 टाके लगे है। उसके बाद उसने गगन नामक व्यक्ति की कार तोड़ दी, जिसे रोकने आए किशन कुमार और राजपाल के हाथ पर भी उसने वार कर दिया। पास से गुजर रहे एक 70 साल के बुजुर्ग व उनकी पत्नी रोशनी देवी के भी उसने गंभीर चोट मार दी,



जीरकपुर में हमले में घायल एक व्यक्ति अपने घाव दिखाते हुए (बाएं) और क्षतिग्रस्त एक कार। -निस

जिससे महिला की बाजू टूट गई। उसके बाद आरोपी ने एक युवक की टांगों पर कस्सी मार दी, जो कि सेक्टर 6 के अस्पताल इलाज के लिए भर्ती है। बताया जाता है कि स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से आरोपी युवक पर काबू पाकर उसे बांध दिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

### मलोया और सारंगपुर में दबंगइयों ने की मारपीट

## हुल्लड़बाजों ने हमला कर 2 कांस्टेबलों की वर्दी फाड़ी

चंडीगढ़/पंचकूला, 28 अक्तूबर (नस)

दिवाली की रात चंडीगढ़ में कई इलाकों से जहां मारपीट की घटनाएं सामने आईं वहीं मलोया और सारंगपुर में पुलिस पर हमले की सूचनाएं प्राप्त हुईं। बीच सड़क पर पटाखे जला रहे दबंगइयों को रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने पुलिस कांस्टेबलों पर हमला कर उनकी वर्दी फाड़ दी। पुलिस को कांस्टेबल प्रवीण कुमार ने बताया कि वह मलोया थाने में तैनात है। वह रविवार को मलोया में कांस्टेबल प्रदीप के साथ पेट्रोलिंग कर रहा था। बाजार में सड़क पर कुछ युवक पटाखे जला कर शोर मचा रहे थे। प्रवीण ने सड़क से हटने के लिए कहा तो शोर मचा रहे रिंकू ने कांस्टेबल के साथ गालीगलोच करते हुए उसपर हमला कर दिया। हमले में रिंकू के साथ अर्जुन, जयपाल और अज्ञात महिला ने धक्कामुक्की करते हुए वर्दी फाड़ दी। पुलिस ने बताया कि प्रवीण से मारपीट करने और उसकी वर्दी फाड़ने के आरोप में मलोया निवासी एक महिला समेत अर्जुन, रिंकू, जयपाल के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया।

उधर, सारंगपुर पुलिस के अंतर्गत आते इलाके में कुछ युवक कांस्टेबल अमनदीप पर हमला करके फरार हो गए। पुलिस थाने में शिकायत में अमनदीप ने बताया कि वह अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ पेट्रोलिंग कर रहे थे। धनास में बनी ईडब्ल्यूएस कालोनी के नजदीक सड़क पर सुनील और कुछ अन्य युवक सड़क पर खड़े होकर आतिशबाजी कर रहे थे। यह देखकर पुलिस ने युवकों को रोकना चाहा लेकिन युवकों ने अमनदीप पर हमला बोल दिया। सारंगपुर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी पडताल की लेकिन वे पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सके।

# भितरघात करने वालों को जनता माफ नहीं करेगीः लतिका शर्मा

पिंजौर, 28 अक्तूबर (निस)

पूर्व विधायक व भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लतिका शर्मा ने चुनाव में हार के बाद सोमवार को भाजपा कार्यालय और काली माता मंदिर पहुंचकर अपनी अगली रणनीति स्पष्ट करते हुए दावा किया कि 5 वर्षों में काम कर उन्होंने लोगों के दिलों में काफी जगह बनाई है, इसलिए कालका को छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि चुनावों में भितरघात करने वाले लोगों को विकास चाहने वाली कालका की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

मनोहर लाल खट्टर के दोबारा मुख्यमन्त्री बनने पर लतिका शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को लड्डू बांटे



पिंजौर में सोमवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाते पूर्व विधायक लतिका शर्मा। -निस

और ढोल बजाकर खुशी मनाई और कई गांवों में जाकर वोट देने के लिए लोगों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपायक्ष संजीव कौशल, पिंजौर मंडल अध्यक्ष सुनील धीमान, कालका मंडल अध्यक्ष इन्द्र कुमार, शिवालिक विकास बोर्ड सदस्य हर्ष कुमार, पूर्व पार्षद विजय कालिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### आखिर बन गया अंडर पास



चंडीगढ़ के सेक्टर 16-17 को जोड़ने वाला नव निर्मित अंडर पास।- दैनिक ट्रिब्यून

### खबर है...

## नगर कीर्तन का अंबाला छावनी में स्वागत



अंबाला छावनी में सोमवार को नगर कीर्तन में पवित्र पालकी पर शीश नवाते चित्रा सरवारा और अन्य। -प्रदीप मैनी

**अंबाला (निस) :** दिल्ली से ननकाना साहब पाकिस्तान जा रहे नगर कीर्तन का आज अंबाला छावनी में काली पलटन पुल के निकट भव्य स्वागत किया गया। यहां पहुंचने पर चित्रा सरवारा, गुरजोत सिंह गुलाटी और इनेलो नेता ओंकार सिंह,सुरिंदर तिवारी,वीरेंद्र गांधी,मनीष राजपूत समेत असंख्य श्रद्धालुओं ने सोने की पालकी के दर्शन किए। दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वर्तमान प्रधान मनजिंदर सिंह सिरसा और निवर्तमान प्रधान परमजीत सिंह सरना समेत अनेक पदाधिकारी और श्रद्धालु इस नगर कीर्तन में शामिल थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और साध संगत की ओर से यह सोने की पालकी श्री करतारपुर साहिब गुरुद्वारा साहिब के लिए भेजी जा रही है। गुरु नानक देव के 550वें प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में यह नगर कीर्तन दिल्ली से ननकाना साहिब जा रहा है। सोने की पालकी भी श्री करतारपुर साहिब के लिए भेजी जा रही है।

## जजपा नेता ने काली माता मंदिर में की पूजा



काली माता मंदिर कालका में शीश नवाकर जजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाग सिंह दमदमा। - निस

**पिंजौर (निस) :** कालका से जजपा नेता भाग सिंह दमदमा ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कालका काली माता मंदिर जाकर शीश नवाया और दुष्यत चौटाला के उपमुख्यमन्त्री बनने पर कार्यकर्ताओं को लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर अमित सोनकर, लाला बिल्ला चपेहर, हनी सिंह, गुरबचन शर्मा, बंटी सरपंच, राजेन्द्र दमदमा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा-जजपा सरकार बनने पर खुशी जताई

**अंबाला शहर (हप्र) :** गांव नन्यौला में गठबंधन सरकार बनने पर गांव वासियों ने समाज सेवी डाक्टर सुषमन शर्मा के कार्यालय पर एकत्र होकर खुशी मनाई और प्रदेश की जनता को बधाई दी। शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सभी को यह आशा है कि भाजपा व जजपा गठबंधन की सरकार पांच वर्ष एक समान विकास कार्य कर प्रदेश की जनता की सेवा करने का काम करेगी। इस अवसर पर योगेंद्र मोहन गोयल, विनोद सिंगला, कौशल शर्मा, सतपाल प्रजापत, मंथन गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## चोरी के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला (निस) :** अंबाला की पड़ाव पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस बाबत अंबाला छावनी के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी विनोद कुमार व गौरव को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कमल निवासी दुधला मण्डी ने थाना पड़ाव में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विनोद कुमार व गौरव ने २५/२६ की रात्रि उसके घर से कुछ मोबाइल फोन चोरी कर लिए हैं। उनके पास से चोरी के चार फोन भी पुलिस ने बरामद किये हैं।

## झपटमार से बचते 2 महिलाएं स्कूटर से गिरकर घायल

**अंबाला शहर (हप्र) :** दादी सास के साथ एक्टिवा पर जा रही महिला के गले में डाला पर्स छीनने की कोशिश तो बेशक नाकाम हो गई किंतु इस दौरान सास-बहू एक्टिवा सहित सड़क पर गिर कर घायल हो गईं, जिन्हें शहर के एक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। झपटमार मोटरसाइकिल पर फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने प्रीति निवासी बलदेव नगर की शिकायत पर मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रीति ने पुलिस को बताया कि वह अपनी दादी सास कैलाश शर्मा के साथ रास्ते दशमेश कालोनी जा रही थी कि पासपोर्ट आफिस के सामने पीछे से आए मोटरसाइकिल पर सवार ने गले में डाला पर्स झपटने की कोशिश की तो वे गिर गईं।

## युवा उत्सव 4 नवंबर से

अम्बाला, 28 अक्तूबर (नस)

**19 सांस्कृतिक विधाओं में होगा प्रदर्शन**

हरियाणा खेल एवं युवा विभाग की ओर से ज़िला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 4 नवम्बर से किया जा रहा है । सनातन धर्म कालेज में होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं की प्रतियोगिताओं के लिये कोई भी 15 से 29 साल तक के युवक- युवती हिस्सा ले सकते हैं । युवा उत्सव के दौरान हरियाणवी समूहगान, नाटक, तत्कालीन व्याख्यान, तबला, वीना, गिटार, सितार, बांसुरी वादन, मृदंगम, हारमोनियम वादन, शास्त्रीय नृत्यो में मणिपुरी ,कुच्चीपुड़ी ,भरतनाट्यम एवं कथक नृत्य, गायन में शास्त्रीय एवं रागिनी, हरियाणवी लोक नृत्य आदि विधाओं में भाग ले सकते हैं । युवा सांस्कृतिक समन्वयक रेखा सरीन ने बताया कि युवा उत्सव के अंतर्गत विभिन्न 19 सांस्कृतिक प्रतियोगितायें होंगी । ज़िला खेल व युवा कार्यक्रम अधिकारी अरुण कांत शर्मा ने विभिन्न 19 सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं के लिये सभी आवश्यक औपचारिकताओ को पूरा किया जा चुका है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वालों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए भेज जाएगा ।

## टीप्परा गांव में सड़क पक्की करवाई



बीबीएन की सूरजपुर पंचायत के टीप्परा गांव की सड़क को पक्का करवाने के बाद उद्घाटन करती सलमा बेगम।-निस

बीबीएन, 28 अक्तूबर (निस)

ग्राम पंचायत सुरजपूर के टीपरा गांव में बीडीसी मैंबर सलमा बेगम द्वारा सड़क को पक्का करवाया गया। सलमा बेगम ने पांच सौ मीटर लंबी सड़क को लोकिंग टाइल से पक्का करवाया है व साथ ही ने सूरजपुर पंचायत में तीन प्राइमरी स्कूलों को एक लाख रुपये की लागत से बने बेंच व डेक्स भी वितरित किये हैं।

समला ने बताया कि टिप्परा गांव की यह सड़क पिछले दस वर्षों से कच्ची थी जिसे काफी लंबे समय से पक्का करने की मांग हो रही थी। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय किया हुआ वादा उन्होंने पूरा कर दिया है। इस मौके पर सूरजपुर पंचायत के गीता राम, जोगिन्द्र सिंह, बिधी चंद, उजागर सिंह, काबुल, गुरबचन सिंह, नरेश कुमार आदि ने सलमा बेगम का धन्यावाद किया।

## कार सवार से 120 बोतल शराब बरामद

राजपुरा, 28 अक्तूबर (निस)

सिटी पुलिस राजपुरा ने नाकाबंदी के दौरान कार में से 120 बोतल शराब बरामद कर ली है, जबकि अरोपी कार छोड़ भाग जाने में कामयाब हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस पार्टी ने गगन चौक से गुजरी कार को रुकने का इशारा किया जिसके बाद कार चालक कार को रोक कर कार छोड़ मोके से भाग गया।
पुलिस ने उक्त कार जिस पर दिल्ली का नम्बर लगा हुआ था, की जांच की तो शराब बरामद हुई।

## महिला से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

बीबीएन, 28 अक्तूबर (निस)

पुलिस थाना बरोटीवाला के तहत महिला से छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। महिला ने अपने बयान में बताया कि मनोज कुमार हिल व्यू कालोनी कुन्जाहल में शराब के नशे में गाली-गलोच कर रहा था और जब उसे मना किया तो उसने महिला का हाथ पकड़ लिया और धक्का-मुक्की करनी शुरू कर दी बाद में डंडे से हमला कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी मनोज कुमार उसके साथ छेड़छाड़ करता रहा है।

# विश्वकर्मा दिवस उल्लास के साथ मनाया

चंडीगढ़/पंचकूला, 28 अक्तूबर (नस)

नगर में आज लोगों ने विश्वकर्मा दिवस उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। डड्डूमाजरा कालोनी में विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। मंदिर कमेटी के सब सदस्यों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह इस अवसर पर पहले हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन का आनंद लेते हुए विश्वकर्मा की आराधना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 6 की पार्षद फर्मिला ने शिरकत की। माता राम ने भी मंदिर में माथा टेका। विश्वकर्मा मंदिर प्रबंधक कमेटी प्रधान मनोज कुमार, सुबे सिंह, सोमवत और अनंत मिस्त्री द्वारा आए हुए सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

उधर, स्वामी विश्वकर्मा दिवस गुरुद्वारा बाबा विश्वकर्मा सभा सेक्टर 30 बी में संगत की तरफ से प्रेमभाव से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में सहज पाठ के भोग, कीर्तन दरबार सजाया गया। वहीं पूर्वांचल सांस्कृतिक संघ, ट्राईसिटी चंडीगढ द्वारा आठवां भगवान विश्वकर्मा पूजा समारोह विकास नगर मौलीजागरां में मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष मुकेश राय व चेयरमैन मनोज सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल व स्थानीय कांग्रेस प्रधान प्रदीप छाबड़ा मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे। इस दौरान मशहूर भोजपुरी गायक भजन सम्राट गोलू राजा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर मौजूद हजारों श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।



चंडीगढ़ में सोमवार को सेक्टर-48 की मोटर मार्केट में विश्वकर्मा पूजा करते मैकेनिकस। -मनोज महाजन

**गांव छत्त में महोत्सव धूमधाम से संपन्न**

**जीरकपुर (निस):** ऐतिहासिक गांव छत्त के विश्वकर्मा मंदिर में इस वर्ष भी ज्ञान विज्ञान के जन्मदाता व शिल्पकला के मार्गदर्शक भगवान विश्वकर्मा का 25 वां वार्षिक श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस संबंधी श्री विश्वकर्मा कमेटी के अध्यक्ष हरनाम सिंह सैनी, चेयरमैन केशुराम धीमान, मामचंद धीमान, कोषाध्यक्ष नीतू धीमान, जसविंदर सिंह पिंका धीमान, गुरमेल सिंह, मोहनलाल धीमान, जसमेर सिंह, अवतार सिंह, जयप्रकाश, जसपाल कुमार तथा रंजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक एनके शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

**कारीगरों ने की सुख समद्धि की कामना**

**अंबाला शहर(हप्र) :** पूरे क्षेत्र में आज विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। सभी छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों के साथ ही मिस्त्रियों ने छुट्टी की और अपने औजारों की साफ. सफाई कर उनकी पूजा की। साथ ही भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। आज कारीगरों, कर्मियों ने उपकरणों, औजारों की पूजा आदि करके आज दिनभर कोई काम नहीं किया। कई जगह भंडारों का भी आयोजन नहीं किया गया।

**अम्बाला (नस):** गोवर्धन पूजा करवाने की परंपरा का निर्वाह आज अम्बाला छावनी की ग्वाल मंडी ओर गौशाला में पूरे धूमधाम से किया गया । गायों को रंगों से सराबोर ही नही बल्कि उन की पूजा अर्चना भी पूरे श्रद्धाभाव से की गई । मंदिर में आयोजित समारोह में पंडित अशोक शास्त्री ने बताया कि देवराज इंद्र के गर्व को चकनाचूर करने के उद्देश्य से भगवान कृष्ण ने भारी वर्षा से ग्वाल बालो को बचाने के उद्देश्य से गोवर्धन पर्वत को ही अपनी छोटी अंगुली पर सप्ताह भर धारण किया था । तभी से गोवर्धन पूजा अन्नकूट पर्व मनाए जाने का सिलसिला शुरू हुआ ।

**टेंपो यूनियन ने लगाया भंडारा**

**बीबीएन (निस):** विश्वकर्मा दिवस पूरे बीबीएन में धूमधाम से मनाया गया। अधिकांश कारखाने बन्द रहे। कामगारों ने पूजा अर्चना की। विशेष तौर पर बद्दी में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मेला राम चंदेल ने शिरकत की। वर्धमान, बिड़ला, स्टिलबर्ड, रैंणी स्टील, एस्टीम इंडस्ट्रीज, विश्वकर्मा नालागढ़, कुंडल्स लोह उद्योग व अन्य कई उद्योगों में यह त्योहार



अंबाला सिटी में सोमवार को विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में भगवान की शोभा यात्रा में प्रस्तुति देते कलाकार। -प्रदीप मैनी



अंबाला सिटी में सोमवार को विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में निकली शोभा यात्रा। -प्रदीप मैनी

धूमधाम से मनाया गया। वहीं पीरस्थान नालागढ़ में आज विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विश्वकर्मा टेंपो यूनियन पीरस्थान नालागढ़ के प्रधान रामरत्न ने बताया कि यूनियन हर साल भंडारे आयोजन करती है।

## गांव झझरा में लड़ाई-झगड़ा, मामला दर्ज

बीबीएन, 28 अक्तूबर (निस)

नालागढ़ के गांव झझरा में लड़ाई-झगड़े का मामला दर्ज किया गया है। जसविन्द्र सिंह पुत्र रीठू राम ने पुलिस को शिकायत दी है कि वह अपनी पत्नी अतवंत कौर के साथ खेतों से घास लेकर अपने घर जा रहा था तो गांव के कुछ लोगों जगतार कौर, सिकन्दर, धीरज, सुनिता, भोली देवी, पीनादेवी ने घेरकर तेजधार हथियारों व लाठियों से जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### क्लासीफाइड

#### प्रवेश सूचना

**पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़** से एफीलिएटिड शाही स्पोर्ट्स कालेज समराला में ग्रेजुएशन के बाद बीपीएड में प्रवेश। पात्रता, स्लेबस तथा प्रवेश प्रक्रिया पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़/एनसीटीई/पंजाब सरकार के अनुरूप। सभी अपेक्षित मूल दस्तावेजों सहित दिनांक 30.10.2019 को सायं 5.00 बजे तक रिपोर्ट करें, www.shahisportscollege.com, माता गुरदेव कौर मैमोरियल शाही स्पोर्ट्स कालेज आफ फिजिकल एजुकेशन Jhakroudi, भगवानपुरा रोड निकट रेलवे स्टेशन समराला (लुधियाना) 9814107646, 9417519363. (CL19104500)

#### सार्वजनिक सूचना

**मैं, भीर सिंह पुत्र बलकार सिंह, गांव** बहादुरपुर, तहसील सफीदों, जिला जींद, ने अपना नाम बीर सिंह से बदलकर भीर सिंह रख लिया है। (CL19104468)

**मैं, मोहन सिंह पुत्र बरखा सिंह** निवासी मकान नं. 2041-बी-2, सैनी मोहल्ला, पिंजौर तह. कालका जिला पंचकूला (हरियाणा), ऐलान करता हूं कि मेरा बेटा दविन्द्र सिंह मेरे कहने - सुनने से बाहर है। मैं इसे अपनी चल - अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन -देन करने वाला या संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। (CL19104497)

#### न्यायालय सूचना

**न्यायालय सूचना**
**(आदेश 05 नियम 20 सीपीसी अधीन)**
**न्यायालय श्री परिन्दर सिंह सिविल जज (सीनियर डिवीज़न), पठानकोट**

डा. अनिल गर्ग
बनाम
सत्या स्वदेश (Satya Swadesh)
CNR No. PBPO02-001562-2016
अगली पेशी : 16.11.2019
रु. 25,00,000/- की वसूली हेतु मुकदमा

सूचना बनाम :
1. सत्या स्वदेश, श्री साई मीडिया, 54, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज़-2, पंचकूला मार्फत इसके चीफ एडिटर।
2. इन्चार्ज, पठानकोट स्वदेश ब्यूरो; सत्या स्वदेश, श्री साई मीडिया, 54, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज़-2, पंचकूला।
वैकल्पिक पता : एससीओ नं. 45, न्यू सन्नी एन्क्लेव, सेक्टर-125, ग्रेटर मोहाली-140310 तथा पुंज हाउस, गांव एवं डाकघर Badhani, तहसील एवं जिला पठानकोट, पंजाब।

जबकि उक्त मामले में प्रतिवादी की तामील नहीं हो सकती। यह आदेश दिया जाता है कि प्रतिवादी असालतन या वकालतन 16.11.2019 को प्रातः 10 बजे हाजिर हो। विवरण हेतु लॉगऑन करें : https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Pathankot

दिनांक 14.10.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर न्यायालय अधीन जारी

हस्ता./- सिविल जज (सीनियर डिवीजन),
CL19104366 पठानकोट।

#### आवश्यक सूचना

दि ट्रिब्यून ट्रस्ट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचारपत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।






दिवाली की रात पटाखों की वजह से मलोया के सतीश के हाथ जल गये। -दैनिक ट्रिब्यून



दिवाली की रात पटाखों ने 10 वर्षीय मनप्रीत सिंह की आंखें जला दीं। -दैनिक ट्रिब्यून



पीजीआई में इलाज करवाने पहुंचे करनाल के प्रवीण। लोग दूर-दूर से भी इलाज को पहुंचे। -दैनिक ट्रिब्यून



कैथल से इलाज के लिए पीजीआई पहुंची 17 वर्षीय मीनाक्षी बाघल। -प्रदीप तिवारी

### दीपावली की रात कम हुआ धूम-धड़ाका

# 15 लोगों की आंखें झुलसीं, 4 बच्चों की रोशनी जाने का खतरा

चंडीगढ़/पंचकूला, 28 अक्तूबर (नस)

न्यायालय के आदेशों और यूटी पुलिस की सख्त कार्रवाई के चलते लोगों ने दीपावली की रात धूमधड़ाका कम करना ही मुनासिब समझा। प्रशासन के तयशुदा समय के बाद भी पटाखा जलाने वालों पर पुलिस ने सारी रात कार्रवाई जारी रखी। दिवाली की रात पटाखों से झुलसने और आंखों की रोशनी प्रभावित होने के कई मामले पीजीआई में पहुंचे। पीजीआई के एडवांस आई सेंटर में 15 मरीज भर्ती हुए, जिनमें से 7 बच्चे थे, जिनमें से 4 बच्चों की आखों की रोशनी जाने का खतरा बना हुआ है।

डाक्टरों ने आंखें बचाने के लिए मेजर ऑप्रेशन किए। जख्मी हुए बच्चों में तीन लड़कियां हैं। पीजीआई में दाखिल मरीजों में कई ट्राइसिटी के थे और आधे हिमाचल, पंजाब और हरियाणा राज्यों के थे। दिवाली पर जले हुए घावों के साथ एडवांस ट्रॉमा सेंटर ओपीडी में पांच मरीजों की रिपोर्ट की गई। पटाखा फटने के कारण एक बच्चे के हाथ में आई गंभीर चोट लगने से हाथ को काटना पड़ा। विजय (15) के हाथ में पटाखा फट गया और वह गंभीर रूप से हो गया।

#### 27 जगह भेजीं दमकल गाड़ियां

प्रशासन की तरफ से पीजीआई समेत सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों, फायर ब्रिगेड, पीसीआर और ट्रैफिक पुलिस की टीमों को अलर्ट पर रखा गया, ताकि दुर्घटना या हमले का मामला सामने आते ही पीड़ित को तुरंत राहत दी जा सके। चंडीगढ़ में पुलिस कंट्रोल रूम पर 1435 कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें कंट्रोल रूम के कर्मचारियों ने 420 से 415 स्पॉट चैक किए और 27 अलग-अलग जगहों पर इमरजेंसी के हालात में फायर टेंडर और एंबुलेंस भेजे गए। पुलिस ने दिवाली की रात 123 केस झगड़े के, 35 एक्सीडेंट, 27 आग भड़कने के, 23 केस हल्ला मचाने और 75 केस पटाखे गलत जगह फोड़ने पर दर्ज किए गए।

#### नो-पार्किंग के 14 चालान काटे

दिवाली पर शहर के हर बाजार में ट्रैफिक जाम के हालात बने रहे। ट्रैफिक पुलिस ने अलग-अलग नियमों का उल्लंघन करने वालों के 57 चालान किए। पुलिस ने रांग पार्किंग में खड़े वाहनों पर क्लेम्प लगा कर 14 चालान किए। ड्राइविंग लाइसेंस न होने पर 8 लोगों, शीशों पर ब्लैक फिल्म, बिना हेलमट वाहन चलाने, साइकिल ट्रैक पर वाहन चलाने के अलावा दोपहया वाहन पर बगैर हेलमेट पहने सवारी के 4 चालान किए गए।

# फर्नीचर फैक्टरी पर गिरी चिंगारी, सोफे जले



अंबाला में दिवाली की रात फैक्टरी की छत पर लगी आग में जलता निर्माधाधीन फर्नीचर। -हप्र

**अंबाला शहर (हप्र) :** दीपावली की रात शहर के नदी मोहल्ला स्थित एक फर्नीचर फैक्टरी में आसामान की ओस से गिरी पटाखे की चिंगारी से आग लग गई किंतु बड़ा हादसा बनने से पहले ही स्थानीय लोगों ने उस पर काबू पा लिया। चिंगारी विजय फर्नीचर फैक्टरी की तीसरी मंजिल पर गिरी और निर्माणाधीन सोफों में आग लग गई। जानकारी दमकल विभाग को दी गई और मोहल्ले के लोगों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया। इस दौरान करीब आधा दर्जन निमार्णाधीन सोफे जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। आधी रात के बाद तक पटाखे चलाने की अवाजें सुनाई देती रहीं। रात्रि 10 बजे के बाद पुलिस की सायरन बजाकर वाहनों ने लोगों को पटाखा चलाने की अवधि समाप्त होने की सूचना भी दी लेकिन उसका आस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

# 3 स्थानों पर लगी आग

**जीरकपुर (निस) :** यहां जागरूकता के कारण प्रदूषण पिछली दिवाली की तुलना में कुछ कम रहा है। 10 बजे के बाद पटाखे फोड़ने पर पाबंदी के बावजूद लोग पटाखे चलाने में लगे रहे। अधिकतर जगहों पर रात डेढ़ बजे तक धूम-धड़ाका होता रहा, लेकिन यह पिछली बार से कुछ कम था। ज़ीरकपुर क्षेत्र में बीती रात तीन स्थानों पर आग लगने का समाचार प्राप्त हुआ। दो स्थानों पर फायर ब्रिगेड विभाग की मुस्तैदी और एक जगह पर लोगों की तरफ से ख़ुद आग बुझा लेने कारण किसी बड़े जान व माल के नुक्सान से बचाव रहा। ज़ीरकपुर के भबात स्थित गोदाम एरिया में सेफ एक्सप्रेस कोरियर कंपनी के गोदाम में पार्क एक ट्रक को अचानक आग लग गई। ट्रक चालक ने यह ट्रक कुछ देर पहले ही धुला कर खड़ा किया था जब उसने ट्रक को स्टार्ट करने की कोशिश की तो ट्रक के केबिन में आग लग गई और ट्रक धू-धू कर जल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बिना देरी से आग पर काबू पा लिया। शाम करीब साढ़े सात बजे ज़ीरकपुर पटियाला चौक पर स्थित शुभम ट्रेडिंग कंपनी नामक दुकान की छत पर आतिशबाजी गिरने कारण छत पर पड़े सामान ने आग पकड़ ली, परंतु फायर ब्रिगेड की गाड़ी पटियाला चौक में ही खड़ी होने के कारण आग फैलने से पहले ही दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया गया। स्काईनेट सोसायटी के नज़दीक कबाड़ ने आग पकड़ ली, जिस पर तुरंत काबू पा लिया गया।

#### मोहाली में 16 झुलसे

**मोहाली (निस) :** दिवाली पर जिला मोहाली के सिविल अस्पताल फेज-6 में पटाखों से झुलसने के कारण करीब सोलह लोग ईलाज करवाने के लिए पहुंचे, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। सिविल अस्पताल प्रशासन के मुताबिक निजी अस्पतालों से अभी आंकड़ा प्राप्त नहीं हुआ। फायर स्टेशन पर आग लगने की पचास से ज्यादा कॉल्स आईं, लेकिन कहीं पर भी कोई बड़ी घटना नहीं हुई। प्रशासन की ओर से पटाखे चलाने के निर्देशों की खूब धज्जियां उड़ीं। पीसीआर पर सौ से ज्यादा कॉल्स आईं, लेकिन इसके बावजूद पटाखे चलते रहे। जीरकपुर, डेराबस्सी, कुराली, खरड़, नयागांव, मुल्लांपुर, लालड़ू में भी छिटपुट झुलसने की घटनाएं हुईं।

# पंचकूला में पटाखे जलाते 40 लोग जख्मी

नगर संवाददाता
पंचकूला/चंडीगढ़


पटाखे फोड़ने के समय पर हाई कोर्ट के प्रतिबंध और विभिन्न सरकारी एजेंसियों और एनजीओ द्वारा शुरू किए गए जागरूकता अभियान के बावजूद लोगों पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। दिवाली की रात पंचकूला में सरकारी अस्पताल में जख्मी हुए लोगों के मामलों में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जख्मी हुए 40 में से 15 मरीज नाबालिग थे और सभी मरीजों को प्राथमिक उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई। आंखों में चोट के पांच मामले सामने आए। घायलों को इलाज के लिए इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। वे पंचकूला, कालका, पिंजौर, बरवाला और रायपुर रानी के विभिन्न क्षेत्रों से आए थे। अधिकांश मरीज अपने हाथों, पैरों, उंगलियों पर जलन और आंखों में जलन के साथ अस्पताल आए। इनके अलावा अस्पताल में भर्ती विभिन्न मरीज पीरमुछल्ला, ढकोली, बलटाना, मनीमाजरा और पंजाब के अन्य इलाकों से थे। डॉ. पायल जिन्हें दिवाली की पूर्व संध्या पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया, ने कहा कि जिले में जले हुए चोट की कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

#### 3 जगहों पर लगी आग

इस बीच पंचकूला शहर से कल रात जिले में आग लगने की तीन मामूली घटनाएं हुईं। हालांकि जिले में किसी भी तरह की जन हानि नहीं हुई। अग्निशमन अधिकारी एसएस मलिक ने कहा कि मनसा देवी कॉम्प्लेक्स के एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जबकि सेक्टर 16 में एक घर में एक मामूली आग लग गई। सेक्टर 12 ए में आग लगने से एक हार्डवेयर की दुकान भी जल गई।

# चंडीगढ़ की हवा और बिगड़ी

### 500 तक पहुंचा एक्यू 1 इंडेक्स



चंडीगढ़ में दिवाली की रात सेक्टर-20 में रात 10.20 बजे पटाखों की वजह से फैला धुआं। -मनोज महाजन

रंजू ऐरी डडवाल/ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 28 अक्तूबर

दीपावली के बाद चंडीगढ़ में एयर क्वालिटी और अधिक खराब हो गई है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यू1) 500 अंक तक पहुंच गया। गत शनिवार को दिवाली से पहले यह आंकड़ा 237 पर था। वह भी हाल में लिए गए आंकड़ों में सबसे अधिक रहा था। एक्यू 1 गत 1 अक्तूबर से 58 से बढ़कर शुक्रवार को 237 हो गया। केवल 27 दिनों में शहर की हवा मॉडरेट से खराब की स्थिति में आ गई और दिवाली के बाद खराब से भी बदतर हो गई।

बताया जाता है कि 400-500 के बीच एक्यू 1 स्वस्थ लोगों को प्रभावित करता है और श्वसन रोगों वाले लोगों को गंभीरता से प्रभावित करता है। इस तरह की हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने से अधिकांश लोगों को सांस लेने में समस्या हो सकती है।

पिछले साल एक्यू 1 311 तक पहुंचा था। तापमान का स्तर गिरने, पड़ोसी राज्य हरियाणा और पंजाब में किसानों द्वारा अपने धान के ठूंठ जलाने से वायू प्रदूषण और अधिक बढ़ जाता है।

#### देर रात तक चलते रहे पटाखे

पटाखे फोड़ने पर पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा तय किए गए समय 8 बजे से 10 बजे के बीच अनुमति दी गई थी। इसके बावजूद वायू प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया, जिससे अधिकारियों को चिंता हुई है। अनेक स्थानों पर लोग अदालत के आदेशों का अवहेलना करते पाए गए और रात 2 बजे तक पटाखे चलाते रहे। चंडीगढ़ पुलिस की ओर से पटाखे चलाने वाले पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### शहर की 91 पार्किंगों को दिया जायेगा संचालन के लिए

# निगम आज करेगा पेड पार्किंगों के लिए निविदायें आमंत्रित

ट्रिब्यून न्यूज़ सर्विस
चंडीगढ़, 28 अक्तूबर

चंडीगढ़ नगर निगम ने शहर की 91 पेड पार्किंगों के लिए निविदा डाक्यूमेंट तैयार कर लिया है व इसे मंगलवार को सार्वजनिक कर निविदायें आमंत्रित की जायेंगी।

निगम के संबंधित अधिकारी का कहना था कि अगले वर्ष के आरम्भ तक शहर के पार्किंग स्थल स्मार्ट भी हो जायेंगे व नई व्यवस्था में लोगों को पार्किंग दरें भी अदा करनी पड़ेंगी। उनका कहना था कि अगर पार्किंग स्थलों को लेने वाली कम्पनी पार्किंगों को स्मार्ट बनाने के बाद जनता के लिए खोलती है तो पार्किंग के बड़े दाम भी अदा करने पड़ सकते हैं।

निगमायुक्त केके यादव का कहना है कि मंगलवार को निविदायें आंत्रित करने की प्रक्रिया आरम्भ हो जायेगी। बताया जाता है कि शहर की पेड पार्किंग को दो जोन में बांटा जायेगा। पार्किंग के भी जोन वाइज टेंडर निकाले जायेंगे। नगर निगम ने जोन-1 में शामिल पेड पार्किंग का रिजर्व प्राइस 2.12 करोड़ और जोन-2 की पार्किंग का रिजर्व प्राइस 2.37 करोड़ रुपये तय किया है। गत सितंबर माह की सदन की बैठक में नगर निगम ने सांसद किरण खेर की मौजूदगी में पेड पार्किंग के नए रेट और टेंडर की शर्तें तय की थीं। निगम ने तीन स्लैब में पार्किंग शुल्क बढ़ाने का निर्णय लिया था।

#### वाहन पार्किंग के रेट बढ़ते जायेंगे

4 घंटे तक दोपहिया वाहन चालक से पांच और कार चालक से 10 रुपये चार्ज किए जाएंगे जबकि चार घंटे के बाद रेट दोगुने और 12 घंटे बाद रेट पहले स्लैब के मुकाबले में चार गुना हो जाएंगे। इसके साथ ही सदन ने यह भी निर्णय लिया है कि हर साल बीस प्रतिशत रेट में इजाफा होगा। सदन ने शहर की पेड पार्किंग की संख्या 26 से बढ़कर 91 की है।

इसके अतिरिक्त फन रिपब्लिक, एलांते माल और मनीमाजरा फन रिपब्लिक के बाहर बनी पेड पार्किंग में दोपहिया वाहन से 20 और चार पहिया वाहन से 40 रुपये एक मुश्त चार्ज करने का फैसला लिया गया था। जिन कंपनियों को टेंडर अलॉट किया जाएगा उन्हें पेड पार्किंग में स्मार्ट फीचर लगाने के लिए 90 दिन का समय दिया जाएगा।

सदन ने यह भी फैसला लिया था कि दोपहिया वाहन का मासिक पास 150 रुपये में बनाया जाएगा जबकि कार का मासिक पास 300 रुपये चार्ज किया जाएगा। इनके रेट भी हर साल बीस प्रतिशत बढ़ेंगे। अधिकारी पास का रेट भी दोगुना बढ़ाना चाहते थे लेकिन मनोनीत पार्षद चरणजीव सिंह की ओर से सदन में मामला उठाने के कारण रेट बढ़ न सके।

# ट्रिब्यून फ्लाईओवर का रास्ता साफ

### परियोजना की तकनीकी बिड को केंद्र की मंजूरी

रामकृष्ण उपाध्याय/ ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 28 अक्तूबर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ट्रिब्यून फ्लाईओवर परियोजना का काम अलॉट करने का रास्ता साफ कर दिया है। चंडीगढ़ इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पिछले महीने खोली गयी तकनीकी बिड को मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है।

सूत्रों ने बताया कि चंडीगढ़ के इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और मंत्रालय के अधिकारियों की हाल ही में हुई बैठक में तकनीकी बिड को मंजूरी देने पर सहमति बनी। इसके साथ ही परियोजना की फाइनेंशियल बिड खुलने का रास्ता साफ हो गया है।

ट्रिब्यून फ्लाईओवर परियोजना के टेंडर के लिए देश की 4 निर्माण कंपनियों ने आवेदन किया है। इससे पहले तकनीकी आधार पर किसी भी कंपनी के योग्य न पाये जाने पर प्रशासन को दोबारा टेंडर निकालना पड़ा था। तय मानदंड पर किसी भी कंपनी के खरा न उतरने पर मंत्रालय ने पहले टेंडर की टेक्निकल बिड रद्द कर दी थी। प्रशासन ने शर्तों में ढील की मांग की थी, लेकिन मंत्रालय ने इनकार कर दिया था।

तकनीकी बिड में अब डीआरएआईपीएल-डीएमआर (जेवी), सीगल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अशोका बिल्डकॉन और सिंगला कंस्ट्रक्शन कंपनी को मंजूरी दी गयी है। सूत्रों के अनुसार प्रशासन अब 4 हफ्तों के भीतर फाइनेंशियल बिड खोलेगा।

158 करोड़ रुपये की इस परियोजना की आधारशिला यूटी के प्रशासक वीपी सिंह बदनौर ने 3 मार्च 2019 को रखी थी। यह फ्लाईओवर और अंडरपास बनने से शहर के सबसे व्यस्त चौराहे पर ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। यह फ्लाईओवर जीएमसीएच-32 के चौक के पास से शुरू होगा और ट्रिब्यून चौक के ऊपर से जाएगा।

# सेक्टर 45 में 4 दिनों से हो रही पानी की बर्बादी

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

सेक्टर 45 डी में पिछले चार दिनों से पानी की मेन सप्लाई लाइन पाइप में लीकेज हो रही है लेकिन नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। क्षेत्रवासियों ने इसकी शिकायत निगम के संबंधित विभाग को की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एंड प्रोटेक्शन के प्रेजिडेंट वरिंदर सिंह ने बताया की पानी कई दिनों से व्यर्थ बह रहा है। उन्होंने कहा कि निगम की ओर से पानी की बर्बादी करने वालों पर जुर्माना लगाया जाता है । सिर्फ गमलों में पानी डालते हुए या स्कूटर धोते हुए लोगों का निगम चालान कर देता है लेकिन पानी की ऐसी बर्बादी इन्हें नजर नहीं आती। जागरूक नागरिकों द्वारा कई बार शिकायत देने के बावजूद इसकी मरम्मत नहीं की जा रही। हजारों लीटर पानी इसी प्रकार बर्बाद हो जाता है। जिसका बिल जनता के खाते से वसूल किया जाता है।

उन्होंने कहा की चूंकि ये मेन सप्लाई लाइन पाइप है इसलिए इसे लोग खुद ठीक नहीं करवा सकते।

epaper.dainiktribuneonline.com

## सतर्कता...



चंडीगढ़ में सोमवार को हॉक्स काल मिलने पर सेक्टर-43 के इंटरस्टेट बस टर्मिनल पर चैकिंग करती पुलिस। -दैनिक ट्रिब्यून

### यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

# अधिक ट्रैफिक से लगता है सेक्टर 20 में जाम

## 2 फुट ओवर ब्रिज को साल से नहीं मिली मंजूरी

आदित्य शर्मा
पंचकूला/चंडीगढ़, 28 अक्तूबर

पीरमुछल्ला की तरफ से रोजाना सेक्टर 20 में दाखिल हो रहा ट्रैफिक निवासियों के लिए भारी मुसीबत बन गया है। सेक्टर में पार्किंग न होने की वजह से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लोगों को बाजारों में वाहन पार्क करने के लिए जगह तक नहीं मिल रही। यहां सोसायटियों में रह रहे लोगों को सड़क पार करना तक कठिन हो गया है। दिनभर जीकरपुर-शिमला राजमार्ग पर अंडरपास पर ट्रैफिक जाम रहता है और लोगों को स्कूल या ऑफिस के वक्त अंडरपास पार करने में दस मिनट का वक्त लगता है।

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 20 के अध्यक्ष केके जिंदल ने कहा कि उन्होंने पिछले 12 सालों से प्रशासन के समक्ष सेक्टर 12-12 ए को सेक्टर 21-12 से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंडर पास बनाने की मांग को रखा। पिछले साल जीरकपुर-शिमला राष्ट्रीय राजर्गा पर ओवरब्रिज बनाने की योजना थी अभी तक कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज के निर्माण से शहर के अन्य क्षेत्र में जाने के लिए निवासियों को एक और मार्ग मिल जाएगा।

यहां बताना उचित होगा कि लोक निर्माण विभाग हरियाणा के मुताबिक फ्लाई ओवर पर 2 फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए 100 करोड़ रुपये की लागत आएगी। प्रशासन की तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग पर 12-12 ए से सेक्टरों तक यातायात की आवाजाही की सुविधा के लिए मसौदा प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन अब तक इसे बनाने की मंजूरी नहीं मिल सकी है। स्थानीय विधायक ज्ञान चन्द गुप्ता ने कहा कि आवश्यक बदलावों के बाद मसौदा प्रस्ताव को फिर से एनएचएआई दिल्ली भेजा गया था। उन्होंने कहा कि स्वीकृति मिलते ही परियोजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

**इन बाजारों में भी जाम की स्थिति**

सेक्टर 11 और 7 में जाम की ही स्थिति रहती है। दिन के दौरान सेक्टर 11 मार्केट में पार्किंग के लिए कठिनाई से ही जगह मिलती है क्योंकि इन सेक्टरों में बैंक शाखाएं हैं और यहां पर भी लोगों के लिए यहां पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। लोग अपने वाहनों को बेतरतीब ढंग से पार्क करते रहते हैं।

## स्पोर्ट्स कार्नर



चंडीगढ़ में सोमवार को सेक्टर-42 के स्टेडियम में 48वें वीएन वोहरा ऑल इंडिया गुरमीत मेमोरियल हाकी टूर्नामेंट में भिड़ते एसजीजीएस-26 व रोपड़ हॉक्स के खिलाड़ी। -दैनिक ट्रिब्यून

### जिला स्तरीय खेल महाकुम्भ 31 से

**अम्बाला ( नस) :** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग हरियाणा द्वारा जिला स्तरीय खेल महाकुंभ 31 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें 15 खेल मुकाबले करवाये जाएंगे जिसमें एथलेटिक्स, वालीबाल, जूड़ो, हाकी, बॉक्सिंग, कबड्डी, हैंडबाल सहित अन्य खेल शामिल हैं। खेल महाकुंभ में व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ी को नगद राशि दी जाएगी। आर्चरी, एथलेटिक्स, बास्केटबाल, कबड्डी, वालीबाल, भारोरतोलन, जूडो तथा ताइक्वांडो का आयोजन अम्बाला शहर के सेक्टर 10 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर में किया जाएगा। बॉक्सिंग, कुश्ती तथा जिम्नास्टिक वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में की जाएगी। फुटबाल का आयोजन बीडी स्कूल ग्राउंड, हाकी का जीएमएन कालेज, हैंडबाल एसडी कालेज में होगा।

### चंडीगढ़ के अमित ने जीता माली का खिताब



बीबीएन के दाड़वा में सोमवार को फाइनल से पहले वॉलीबाल टीम के साथ बलवीर ठाकुर। -निस

**बीबीएन (निस) :** दून हलके की पहाड़ी पंचायत दाड़वा में दीपावली के अवसर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। मेले के समापन समारोह में भाजपा दून मंडल के नवनियुक्त प्रधान बलवीर ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में विजेताओं व उपविजेताओं को सम्मानित किया। मेला कमेटी के प्रधान भारत भूषण ने बताया कि कबड्डी, वॉलीबाल, कुश्ती व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वॉलीबाल में कालका बी टीम ने योगी-6 को हराकर विजेता ट्राफी पर कब्जा किया। कुश्ती प्रतियोगिता में फाइनल में चंडीगढ़ के अमित ने रोहतक के मोनू को हराकर माली का खिताब अपने नाम कर लिया।

# बरोटीवाला सब्जी मंडी में आग से 8 दुकानें जलीं

बीबीएन, 28 अक्तूबर (निस)

औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला में दिवाली की रात करीब 12 बजे अचानक आग लगने से सब्जी की आठ दुकानें जल गईं। एक के बाद एक दुकानों ने आग पकड़ी और महज 30 मिनट में सभी दुकानें राख के ढेर में बदल गईं। आग लगने की सूचना दुकान में सो रहे कारोबारियों और मजदूरों ने अग्निशमन विभाग को दी और करीब 15 मिनट में अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। तब तक आठ दुकानें पूरी तरह से नष्ट हो गईं, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ।



बरोटीवाला सब्जी मंडी में भीषण आग से राख हुई दुकानें। -निस

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सूरजपुर में सड़क किनारे सब्जी मंडी के लिए दुकानों में यह आग लगी। दुकानदार सूरज ने बताया कि दिवाली के उत्साह में सभी सब्जी और मछली विक्रेता अधिक मात्रा में सब्जी और मछली लाए थे। ग्राम पंचायत सूरजपुर के प्रधान मनमोहन सिंह ने बताया कि अग्निकांड में गोरख, अनवर हुसैन, काकली, ममता देवी, प्रवेश बर्मन, अशोक चौधरी की दुकानें जली हैं।

## असंध को जिला बनवाकर ही दम लूंगा : विधायक

असंध, 28 अक्तूबर (निस)

असंध विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि असंध जिला बनने के सभी मानक पूरे करता है और अपने कार्यकाल में वो असंध को जिला बनवाकर ही दम लेंगे। नवनिर्वाचित विधायक नगर की नई अनाज मंडी मंडी में व्यापारियों व किसानों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। आज उन्होंने नगर की नई अनाज मंडी से धन्यवाद अभियान की शुरुआत की और व्यापारियों व किसानों के पास जाकर उन्हें वोट देने के लिए धन्यवाद किया। गोगी ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव से ही समाज को जोड़ने का कार्य किया है और बेशक प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के इस आदेश की पालना बड़ी जिम्मेदारी से करेगी और किसी भी तरीके से सरकार को जन विरोधी फैसले लेने से रोकेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जाति पाति के भेदभाव में नहीं करती लिहाज़ा पूरे समाज के हित को ध्यान में रखते हुए हलके के विकास के लिए कार्य किया जाएगा। मंडी में जगह-जगह गोगी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरजीत राणा, हरजिंद्र सिंह, सतपाल राणा, सुनील कौशिक आरदाना, मैकी, रुपिंदर नरुला, सुधीर एडवोकेट, महिपाल राणा राहड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चोरों ने वेल्डिंग सेट से एटीएम काटने का किया प्रयास

# बैंक की खिड़की तोड़ चुराये एक लाख 83 हजार




यमुनानगर के गांव सरावां में सोमवार को एटीएम के बाहर जमा भीड़। -हप्र

यमुनानगर, 28 अक्तूबर (हप्र)

गांव जठलाना स्थित दी यमुनानगर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक में चोरों ने रात को खिड़की तोड़कर अलमारी में रखी करीब एक लाख 83 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बैंक मैनेजर सोहन सिंह ने बताया कि 25 अक्तूबर की शाम करीब पांच बजे छुट्टी के बाद वह बैंक को बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वह बैंक पहुंचे तो बाहर की खिड़की टूटी पड़ी थी। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और उसमें रखी करीब एक लाख 83 हजार 26 रुपए की नकदी गायब मिली। उधर, गांव सरावां में बीती रात चोरों ने एसबीआई बैंक के एटीएम को बनाया निशाना। चोरों ने वेल्डिंग सेट से एटीएम को काटने का प्रयास किया। एटीएम में स्मोक डिटेक्टर लगे होने के कारण बैंक ने सायरन बजने से चोर मौके पर सामान छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। उधर, थाना प्रभारी रतनलाल का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

**ताला तोड़ 3 भैंस और कटड़ा, कटड़ी ले उड़े चोर**

**घरौंडा (निस) :** गांव मूनक के फौजी डेरा में पशु चोरी का मामला सामने आया है। चोर पशुपालक की तीन भैंसें व एक कटड़ा और एक कटड़ी लेकर गायब हो गए। पशुपालक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। मूनक गांव निवासी राजकुमार 24 अक्तूबर की रात पशुओं के तबेले को ताला लगाकर गया था। जब वह रात के समय पशुओं को देखने के लिए तबेले की तरफ गया तो बाहर का ताला टूटा देख हैरान रह गया। जब वह अंदर गया तो सारे पशु गायब थे। पशुपालक का अनुमान है कि पशुओं की चोरी ढाई बजे के आसपास हुई है। पशुपालक ने पुलिस शिकायत में बताया है कि उसकी तीन भैंसें और एक कटड़ा व एक कटड़ी चोरी हुई है। थाना प्रभारी सचिन ने बताया है कि शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# 8 साल बाद खुली वायुसेना में वापसी की राह

## स्क्वाड्रन लीडर संगीता को स्थायी कमीशन देने से कर दिया गया था इनकार, एएफटी ने दी राहत

ट्रिब्यून न्यूज सर्विस
चंडीगढ़, 28 अक्तूबर

स्क्वाड्रन लीडर संगीता दामोदर को स्थायी कमीशन देने से इनकार करते हुए वायुसेना से रिलीज कर दिया गया था। लेकिन, अब 8 साल बाद आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के एक फैसले ने वायुसेना में उनकी बहाली की राह खोल दी है। एएफटी ने कहा है कि इस महिला अफसर का स्थायी कमीशन का दावा जिस नीति के तहत खारिज किया गया, वह उनके केस में लागू नहीं होती।

स्क्वाड्रन लीडर संगीता दामोदर ने अपनी याचिका में कहा था कि उन्हें वायुसेना की अगस्त 2011 की नीति के तहत स्थायी कमीशन देने से इनकार किया गया, जबकि उनके मामले में नवंबर 2010 की नीति के तहत विचार किया जाना चाहिये था। स्थायी कमीशन नहीं दिये जाने का फैसला रद्द करते हुए एएफटी ने वायुसेना को निर्देश दिया है कि इस महिला अधिकारी के मामले पर नवंबर 2010 और सितंबर 2004 की पॉलिसी के तहत 4 महीने में विचार किया जाये तथा योग्य पाये जाने पर उन्हें बहाल किया जाये। संगीता दामोदर जुलाई 2000 में शॉर्ट सर्विस कमीशन अफसर के तौर पर वायुसेना में शामिल हुईं थी। उन्हें 11 साल की सेवा के बाद अगस्त 2011 में रिलीज कर दिया गया था।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में पानीपत को देश में दूसरा स्थान


पानीपत, 28 अक्तूबर(एस)

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में अब तक पानीपत जिला में किए गए कार्य के आधार पर मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान को अब तक देश में दूसरा स्थान मिला है, हालांकि इस अभियान का अंतिम परिणाम 31 अक्तूबर को घोषित होगा, लेकिन इस तरह की रैंकिंग को देखते हुए उपायुक्त सुमेधा कटारिया ने जिला की एडीसी प्रीति और उनकी पूरी टीम को बधाई दी है। उपायुक्त सुमेधा कटारिया ने बताया कि यह सर्वे जून माह से शुरू किया गया है और यह अभियान 31 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खुले में शौचमुक्त अभियान की स्थिति को बरकरार रखना है। इसके साथ ठोस और प्लास्टिक कूड़ा प्रबंधन, जल-बचाव, स्वच्छता, पॉलीथिन इत्यादि से होने वाले नुक्सानों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस सर्वे में पूरे देश के 699 जिले भाग ले रहे हैं। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार की टीम ने जिला के 24 गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था और अपनी रिपोर्ट भारत सरकार को सौंपी थी। उसी के आधार पर मंत्रालय के इस सर्वे के डैशबोर्ड पर पानीपत जिला को दूसरा स्थान मिल रहा है।

### इस बार भी रिकार्ड रखा बरकरार

# कलायत की जनता ने दोबारा किसी को नहीं दिया मौका

ललित शर्मा/हप्र
कैथल, 28 अक्तूबर



वर्ष 2009 तक आरक्षित रहे कलायत विधानसभा क्षेत्र का इतिहास हलका बनने के बाद से ही रोचक रहा है। इस क्षेत्र की विशेषता यह है कि यहां से अभी तक कोई भी उम्मीदवार दो बार विधायक नहीं चुना गया है। बेशक हरियाणा के इतिहास में अन्य हलकों से एक ही पार्टी से अनेक बार विधायक चुने गए हों, लेकिन यहां किसी भी पार्टी से एक उम्म्मीदवार दो या इससे अधिक बार विधायक नहीं बना है। इसमें निर्दलीय उम्म्मीदवार भी शामिल हैं। आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो अब तक हुए 13 विधानसभा चुनावों में जो विधायक बने हैं, उनमें 1967 में स्वतंत्र पार्टी से माडू राम, 1968 में कांग्रेस से भगतू राम, 1972 में संगठन कांग्रेस पार्टी से भगतराम, 1977 में जनता पार्टी (बाद में मंत्री बने) से प्रीत सिंह, 1982 में लोकदल से जोगी राम, 1987 में लोकदल से ही बनारसी दास, 1991 में समाजवादी जनता पार्टी से भरत सिंह, 1996 में हरियाणा विकास पार्टी (बाद में मंत्री बने) से रामभज, 2000 में इनेलो से दिन्ना राम, 2005 में कांग्रेस से गीता भुक्कल, 2009 में इनेलो से रामपाल माजरा, 2014 में निर्दलीय जय प्रकाश और 2019 में भाजपा से कमलेश ढांडा शामिल हैं। वर्ष 2009 से इस हलके को आरक्षित सूची से हटाकर सामान्य सूचि में रखा गया और परिसीमन में पाई और राजौंद हलके के कुछ गांव कलायत में मिला दिए गए। इस बार फिर से कलायत की जनता ने इस परिपाटी को बरकरार रखा।

**कमलेश ढांडा को मंत्री बनाये जाने की उम्मीद**



कलायत से जीतने वाले विधायक केवल दो बार ही मंत्री पद तक पहुंचे। इस बार भी कलायत की जनता ने भाजपा विधायक कमलेश ढांडा को मंत्री बनाए जाने की काफी उम्म्मीदें लगा रखी हैं।

# जनता से किया हर वादा पूरा करूंगा : संदीप सिंह

## बोले-पिहोवा की जनता ही मेरा परिवार



पिहोवा के विश्राम गृह में सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा विधायक संदीप सिंह। -हप्र

कुरुक्षेत्र, 28 अक्तूबर (हप्र)

हलका पिहोवा से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक सरदार संदीप सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी के संकल्प-पत्र में चुनाव के दौरान नये पिहोवा के निर्माण के लिए जनता से किया एक-एक वायदा पूरा करूंगा।

चुनाव के दौरान विरोधियों द्वारा बाहरी होने के दुष्प्रचार पर उन्होंने कहा पिहोवा की जनता के बीच रहूंगा, यहीं मेरा घर होगा, पिहोवा की जनता ही मेरा परिवार होगी, परिवार के हर सदस्य के दुख-सुख में शामिल होना मेरा पहला कर्तव्य होगा। हलका के युवाओं ने मुझ में जो विश्वास व्यक्त कर भारी मतदान किया है, उनके विश्वास और खरा उतरने का हर सम्भव प्रयास करूंगा। विधायक संदीप सिंह सोमवार को स्थानीय सिंचाई विभाग विश्राम गृह में चुनाव परिणाम के बाद पहली बार विधानसभा के लोगों से रूबरू हुए, हलका से आए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व चुनाव के दौरान उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे युवाओं का धन्यवाद किया, बड़े बुजुर्गों के पांव छूकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व युवा उपस्थित थे।

### सूर्यदेव का जलाभिषेक

# कलश यात्रा से महाछठ पर्व का आगाज



करनाल में सोमवार को महाछठ पर्व महोत्सव का आगाज करती कलश यात्रा निकालती महिलाएं। -हप्र

करनाल, 28 अक्तूबर (हप्र)

भगवान सूर्य देव व छठी मईया की आराधना के त्योहार महाछठ पर्व महोत्सव का आगाज सोमवार को कलश यात्रा से हुआ। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं ने श्री हनुमान मंदिर कृष्णनगर से बैंड बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली।

501 महिलाओं ने पीले रंग के वस्त्र धारण कर यात्रा में हिस्सा लिया और महिलाओं ने सिर पर रखे कलश से भगवान सूर्यदेव पर जलाभिषेक किया। इस मौके पर सूर्य मंदिर के प्रधान सुरेश कुमार यादव ने बताया कि मंदिर प्रांगण में 28 अक्तूबर से एक नवंबर श्री राम कथा होगी। आचार्य सुशील शास्त्री प्रवचनों की अमृतवर्षा करेंगे।

दो नवंबर की शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। दो नवंबर को ही कैथल पुल के पास स्थित रजवाहा चौक पर एक शाम छठ मैया जी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 3 नवंबर को सुबह उगते सूर्य को अघ्र्य देने के बाद छठ पर्व समाप्त होगा। ऐसी मान्यता है कि कुंती ने महाभारत के युद्ध में अपने पुत्रों की विजय व रक्षा के लिए भगवान सूर्य की आराधना की थी, तभी से छठ पर्व को मनाने की परंपरा है। इस अवसर पर प्रधान सुरेश कुमार यादव, रामबहादुर, शत्रोघन राय, राम दयाल, अर्जुन पंडित, दिवाकर, सोगारथ, सुधीर, सिकंदर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

दैनिक ट्रिब्यून
स्थापना 15 अगस्त 1978

# खट्टर की दूसरी पारी

## साझा सरकार की प्राथमिकताएं और विकास

आखिरकार बहुमत से कुछ दूर रहने के बावजूद मनोहर लाल खट्टर दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बन गये हैं। वे दोबारा सूबे के मुख्यमंत्री बने हैं, मगर इस बार उनकी ताकत पहले के मुकाबले कुछ कम रहेगी। इस बार निर्दलीयों और जननायक जनता पार्टी यानी जजपा की मदद से सरकार जो बनी है। रविवार को खट्टर के साथ ही दुष्यंत चौटाला ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। निःसंदेह मनोहर लाल खट्टर की आगे की राह पहले की तरह मखमली नहीं रहेगी, लेकिन वे जजपा के साथ साझा न्यूनतम कार्यक्रम पर सहमति से इस राह को आसान बना सकते हैं। इसमें दो राय नहीं कि दोनों पार्टियों का ही मकसद राज्य को विकास के पथ पर ले जाना ही है। चुनाव तक जजपा भाजपा की मुखर विरोधी रही है, मगर जब वह सत्ता में साझेदार है तो निःसंदेह अधिकारों की आकांक्षा के साथ दायित्वबोध भी होगा। जहां मनोहर लाल खट्टर के पास पांच साल की निष्कंटक पारी का अनुभव है, वहीं युवा दुष्यंत चौटाला की ऊर्जा व उत्साह मददगार होगी। यह बात अलग है कि दो अलग-अलग राजनीतिक संस्कृतियों से संबंध रखने वाले दोनों राजनेताओं के नजरिये में कुछ फर्क हो सकता है, मगर साथ मिलकर सरकार चलाने का दायित्वबोध राजनीतिक संयम भी देता है। निःसंदेह हर राजनीतिक दल का मकसद राज्य का विकास और लोककल्याणकारी शासन देना होता है। फिर बात श्रेय लेने की भी आती है। सरकार की आर्थिक सीमाएं भी हैं। विपक्ष में रहकर जनता को सब्जबाग दिखाना आसान होता है मगर जब हकीकत की पथरीली जमीन से वास्ता पड़ता है तो व्यावहारिक पक्ष लक्ष्यों का परिसीमन कर देते हैं। इस बात का अहसास देर-सवेर दुष्यंत चौटाला को भी होगा, जिनके पास कई दशक पुरानी राजनीतिक विरासत का अनुभव भी है। खुद की जमीन तैयार करने के संघर्ष का अनुभव उनका राजनीतिक कौशल बढ़ाएगा जो उनकी उपमुख्यमंत्री की पारी में मददगार साबित हो सकता है।

निःसंदेह, भाजपा के मजबूत संगठन का लाभ मनोहर लाल खट्टर को दूसरी पारी में पहले की तरह मिलेगा। केंद्र में भी भाजपा सरकार होने का अतिरिक्त लाभ उन्हें मिलेगा। फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कृपापात्र होने के कारण राज्य की बड़ी विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में संसाधनों की कमी नहीं होनी चाहिए। जब भाजपा और जजपा सत्ता में साझेदार बने हैं तो जाहिर है कि किसी सीमा तक न्यूनतम साझा कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर सहमति बनी होगी। कुछ मुद्दों को लेकर असहमति और अंतर्विरोध हो सकते हैं, मगर जनता का कल्याण भी दोनों दलों का लक्ष्य होना चाहिए। बावजूद इसके कि दोनों दलों द्वारा अपनी राजनीतिक अस्मिता को अलग दिखाने की कोशिश जरूर होगी। समय के साथ-साथ कई तरह के अंतर्विरोध गाहे-बगाहे विभिन्न राजनीतिक दलों की साझा सरकारों में नजर आते भी रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यही है कि जनादेश के अपूर्ण स्वरूप के बावजूद दोनों दलों में सरकार बनाने की सहमति समय रहते बन गई और महाराष्ट्र से पहले सरकार बनाने का निर्णय ले लिया गया। वैसे यह समय भाजपा के लिये आत्ममंथन का भी होगा कि उससे कहां चूक हुई जो मनोहर लाल खट्टर को दूसरी पारी में जजपा की मदद लेनी पड़ी। यह भी कि उसके मंत्रियों को जनता ने क्यों नकारा है। बहरहाल, इसके बावजूद उम्मीद की जानी चाहिए कि जजपा व निर्दलीयों के समर्थन से बनी सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरेगी। दोनों दलों में हरियाणा के विकास के मुद्दों, बेरोजगारी दूर करने, बुजुर्गों की पेंशन और किसानों के मुद्दों पर समझ बनेगी, जिससे हरियाणा विकास की राह पर पहले जैसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहेगा। आने वाले दिनों में मनोहर सरकार का स्वरूप तय होने के बाद शासन की रीतियों-नीतियों की बानगी नजर आएगी। यह देखना रोचक होगा कि भाजपा, जजपा और निर्दलीयों में से किस-किस को मनोहर लाल खट्टर मंत्रिमंडल में जगह मिलती है।

## आज का विचार

विश्वास में सृजन करने की शक्ति होती है और विनाश करने की भी।
**– टोनी राबिंसन**

## एकदा

### सदाबहार आस्था

एक सूफी फकीर संध्या समय परमात्मा को धन्यवाद देता कि हे प्रभु! तेरी कृपा का कोई पारावार नहीं, मेरी जो भी जरूरत होती है, तू सदा पूरी कर देता है। शिष्यों को यह बात जंचती नहीं थी क्योंकि कई बार जरूरतें दिन-भर पूरी नहीं होती थीं। एक बार वे गुरु के साथ हज यात्रा पर गये। तीन दिन तक रास्ते में ऐसे गांव मिले, जिन्होंने न उन्हें भीतर घुसने दिया, न ठहरने दिया। रेगिस्तान की यात्रा और तीन दिन न भोजन, न पानी। पर रोज धन्यवाद जारी रहा। तीसरे दिन जैसे ही फकीर ने कहा—हे प्रभु! तेरी कृपा अपार है तो शिष्यों ने कहा, 'हम दो दिन से बर्दाश्त कर रहे हैं लेकिन अब नहीं कर सकते। न पानी, न रोटी, न सोने की जगह, क्या खाक धन्यवाद दे रहे हो! कौन-सी जरूरत पूरी की?' फकीर की आंखों से आनंद के अश्रु बहने लगे। उसने कहा—तुम समझे नहीं। तीन दिन हमारी यही जरूरत थी कि न हमको भोजन मिले, न पानी मिले, न ठहरने का स्थान मिले। निश्चित ही वह परीक्षा ले रहा है। वह धन्यवाद क्या कि जिस दिन रोटी मिली, उस दिन धन्यवाद दिया और जिस दिन नहीं मिली, उस दिन न दिया। जिसके हाथों हमने प्यारे फल खाए, उसके हाथों से कड़वे फल भी स्वीकार होने चाहिए।
**प्रस्तुति : सुभाष बुड़ावनवाला**

## 40 साल पहले

### दैनिक ट्रिब्यून


#### पवित्र नदियों में जेपी की अस्थियां विसर्जित

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (हिस, प्रेट्र, युन्यू)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की अस्थियों को आज देश की विभिन्न पवित्र नदियों, सरोवरों तथा समुद्र में विसर्जित किया गया। जेपी के अस्थिकलश के अंतिम दर्शन करने और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए स्थान-स्थान पर हजारों लोग एकत्रित थे। दिल्ली में अस्थि-कलश को यमुना में विसर्जित करने के लिए खुली जीप में ले जाया गया। मार्ग में स्कूली बच्चों ने कलश पर पुष्पवर्षा की। शांति वन के निकट पुलिस की एक टुकड़ी ने हथियार झुकाकर लोकनायक को श्रद्धांजलि दी।

#### कठोर आर्थिक कदम उठाने का संकेत

नयी दिल्ली (युन्यू, प्रेट्र)। प्रधानमंत्री चरण सिंह ने ट्रेड यूनियन गतिविधियों के प्रति कठोर रवैया अपनाने का संकेत देते हुए कहा कि खाद्यान्न के लाने-ले जाने तक में रुकावट डालने, बंदरगाहों पर काम ठप्प करने तथा सार्वजनिक परिवहन और बैंकिंग जैसी आवश्यक सेवाओं को ठप्प करने के लिए ट्रेड यूनियन गतिविधियों को प्रोत्साहित करना असंगत होगा।

# सख्ती से लागू हो नदी संरक्षण योजना



भरत झुनझुनवाला



> गंगा और अन्य प्रमुख नदियों को स्वच्छ करने की मुहिम तब तक सिरे नहीं चढ़ सकती जब तक निगरानी तंत्र के भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगता। आईआईटी द्वारा दिये गए एक्शन प्लान को सख्ती से लागू किये बिना न तो गंगा साफ होगी, न ही अन्य नदियां।

कुम्भ मेले के दौरान केंद्र सरकार ने टिहरी बांध से पानी अधिक मात्रा में छोड़ा था, जिससे प्रयागराज में पानी की मात्रा एवं गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ था। इस कदम के लिए सरकार को साधुवाद। अधिक पानी आने से प्रदूषण का घनत्व कम हो गया और तीर्थयात्रियों को पूर्व की तुलना में अच्छा पानी उपलब्ध हुआ। लेकिन कुम्भ मेले के बाद परिस्थिति पुनः पुरानी चाल पर आ गयी दिखती है। उद्योगों और नगरपालिकाओं से गन्दा पानी गंगा में अभी भी छोड़ा ही जा रहा है, यद्यपि मात्रा में कुछ कमी आई हो सकती है।

देश की नदियों को स्थायी रूप से साफ़ करने के लिए हमें दूसरी रणनीति अपनानी पड़ेगी। पर्यावरण मंत्रालय ने कुछ वर्ष पहले आईआईटी के समूह को गंगा नदी के संरक्षण का प्लान बनाने का कार्य दिया था। आईआईटी ने कहा था कि उद्योगों पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाए कि वे एक बूंद प्रदूषित पानी भी बाहर नहीं छोड़ेंगे। जितने पानी की उन्हें जरूरत है, उतना लेंगे और उसे साफ़ कर बार-बार उपयोग करते रहेंगे, जब तक वह पूर्णतया समाप्त न हो जाए अथवा जब तक उसका पूर्ण वाष्पीकरण न हो जाए। ऐसा करने से नदियों में उनके द्वारा गंदे पानी को छोड़ना पूर्णतया बंद हो जाएगा। जब गंदे पानी को बाहर ले जाने के लिए नाला या पाइप ही बंद कर दिया जाएगा तो फिर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कर्मियों की मिलीभगत से किसी भी नदी में गन्दा पानी डालने का अवसर इन्हें नहीं मिलेगा।

दरअसल, इस कार्य में बाधा यह है कि प्रदूषित पानी का पुनरुपयोग करने के लिए उसे साफ़ करना पड़ेगा, जिससे उद्योंगों की लागत में वृद्धि होगी। समस्या यह है कि यदि केवल गंगा के क्षेत्र में रहने वाले उद्योगों पर यह प्रतिबन्ध लगाया जाए तो गंगा के आसपास के क्षेत्रों में उद्योगों की लागत ज्यादा होगी जबकि दूसरी नदियों के पास लगे उद्योगों को पूर्ववत गन्दा पानी नदी में डालने की अनुमति होगी। उन पर पानी का पूर्ण उपयोग करने का प्रतिबन्ध नहीं होगा। इसलिए इस सुझाव को देश की सभी नदियों पर लगा देना चाहिए। सभी क्षेत्रों में कागज़, चीनी, चमड़े इत्यादि के प्रदूषण करने वाले उद्योगों को पानी का पुनरुपयोग करना जरूरी बना देना चाहिए। तब सभी की उत्पादन लागत एक ही स्तर से बढ़ेगी। तब किसी नदी विशेष के क्षेत्र में लगने वाले उद्योगों मात्र को नुकसान नहीं होगा।

इस सुझाव को लागू न करने के पीछे प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों का भ्रष्टाचार है। जब तक उद्योगों को प्रदूषित पानी को साफ करके नदी में छोड़ने का अधिकार रहता है तब तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को घूस खाने का अवसर रहता है क्योंकि उन्हें ही जांच करनी होती है कि छोड़े गए पानी में प्रदूषण है अथवा नहीं। अपने भ्रष्टाचार के इस अधिकार को बोर्ड के अधिकारी छोड़ना नहीं चाहते। इसलिए वह शून्य तरल निकास के आईआईटी के सिद्धांत को लागू नहीं करना चाहते हैं। उनके दबाव में सरकार यह सख्त कदम से उठाने से संकोच कर रही है।

नदियों के प्रदूषण का दूसरा हिस्सा नगरपालिकाओं द्वारा छोड़े गए गंदे पानी का है। यहां भी आईआईटी का कहना था कि किसी भी नगरपालिका द्वारा प्रदूषित पानी को साफ़ करके नदी में छोड़ना चाहिए। पानी को साफ़ करने के कई स्तर होते हैं। प्रदूषित पानी को न्यून स्तर पर साफ़ करके सिंचाई के लिए उपयोग कर लेना चाहिए। इस पानी का नहाने इत्यादि के लिए दुबारा उपयोग हो सके, उतना साफ करना जरूरी नहीं है।

अभी तक की पालिसी है कि केंद्र सरकार द्वारा नगरपालिकाओं को प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र लगाने के लिए पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। नगरपालिकाओं के लिए यह लाभप्रद होता है कि इस पूंजी को लेकर वे बड़े- बड़े संयंत्र लगायें पर इसके बाद संयंत्र चलाने में उनकी रुचि नहीं होती है क्योंकि नगरपालिका के प्रमुख के सामने प्रश्न होता है कि उपलब्ध धन का उपयोग वे सड़क पर बिजली देने के लिए करेंगे अथवा प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र को चलाने के लिए। ऐसे में वे जनता को तत्काल रहत प्रदान करने के लिए सड़क पर बिजली जैसे कार्य में खर्च करना चाहते हैं और प्रदूषण नियंत्रण में खर्च नहीं करना चाहते हैं।

इस समस्या का सरकार ने उपाय यह निकाला है कि नगरपालिकाओं को संयंत्र लगाने के लिए पूंजी देने के स्थान पर उन्होंने उस पूंजी को निजी उद्यमियों को देने का प्लान बनाया है। इन उद्यमियों को पूंजी का 40 प्रतिशत हिस्सा तत्काल उपलब्ध करा दिया जाता है और शेष 60 प्रतिशत हिस्सा तब दिया जायेगा जब वे इन संयंत्रों को सफलतापूर्वक कई वर्ष तक चलाते रहेंगे। जैसे आने वाले दस वर्षों में प्रति वर्ष पूंजी का 6 प्रतिशत हिस्सा दे दिया जाए तो दस वर्षों तक संयंत्र को सुचारु रूप से चलाने से उद्यमी को शेष 60 प्रतिशत पूंजी भी मिल जायेगी। यद्यपि यह प्लान पूर्व की तुलना में उत्तम है परन्तु इसमें भी कार्यान्वयन की समस्या पूर्ववत रहती है। मान लीजिये उद्यमी ने संयंत्र लगाया और उसे यदाकदा चलाया तो भी यह माना जाएगा कि वह संयंत्र चल रहा है। बाद में दी जाने वाली 60 प्रतिशत पूंजी भी उन्हें मिलती रहेगी। यद्यपि वास्तव में संयंत्र पूरी तरह से नहीं चल रहा है। कारण यह है कि संयंत्र लगातार चल रहा है या नहीं, इसकी जांच प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कर्मियों द्वारा की जायेगी जो आज तक इस कार्य को संपन्न करने में असफल रहे हैं।

सरकार को चाहिए कि नगरपालिकाओं के लिए दूसरा प्लान बनाएं। जैसे इस समय देश में राष्ट्रीय बिजली की ग्रिड है, जिसमें निजी बिजली निर्माता बिजली बनाकर उसमें डालते हैं और बिजली को बेचते हैं। इसी प्रकार सरकार द्वारा साफ किये गए प्रदूषित पानी का ग्रिड बनाया जा सकता है। जिस प्रकार बिजली बोर्ड निजी उत्पादकों से बिजली खरीदने के समझौते करते हैं, उसी प्रकार उद्योग इस ग्रिड से साफ किये गए पानी को खरीदने के समझौते कर सकते हैं। केंद्र सरकार साफ़ किये गए पानी को खरीदकर किसानों को उपलब्ध कराने के समझौते कर सकती है। तब उद्यमियों के लिए लाभप्रद हो जाएगा कि प्रदूषित पानी को साफ़ कर वे अधिकाधिक मात्रा में सरकार को बेचें और सरकार को लाभ होगा कि वास्तव में पानी की सफाई होने पर ही सरकार को धन उपलब्ध करना होगा। उद्यमियों को पूंजी निवेश के लिए रुपया भी नहीं देना होगा। जैसे वर्तमान में बिजली संयंत्रों को देने की जरूरत नहीं होती है। वर्तमान में मुंबई और नागपुर जैसे शहरों में उद्योगों द्वारा नगरपालिका से गन्दा पानी खरीदकर उसे साफ़ कर अपने कार्य में लिया जाता है। अतः साफ़ किया गए पानी का एक राष्ट्रीय बाज़ार बन सकता है और जिसके लिए उद्योग पर्याप्त धन का निवेश करने को तैयार होंगे। हमें अपनी नदियों को साफ़ रखने के लिए नयी रणनीति को बनाना होगा अन्यथा हमारी नदियां साफ़ नहीं होंगी।

**लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं।**

## यौन अपराध और किशोर

# अंकुश के लिए समाज भी भूमिका निभाये

**अनूप भटनागर**

> किशोर न्याय कानून में कड़े प्रावधान जोड़ने के बाद भी यदि यौन हिंसा से जुड़े अपराधों में किशोरों की संलिप्तता बढ़ी है तो समाज में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। इंटरनेट पर अश्लीलता परोसती साइटों पर अंकुश के साथ समाज को भी मिलकर प्रयास करने होंगे।



देश में बलात्कार और यौन हिंसा जैसे जघन्य अपराधों में किशोरों की बढ़ती संलिप्तता चिंताजनक है। इस तरह के अपराध में आमतौर पर 16 से 18 साल आयु वर्ग के किशोर संलिप्त पाये जा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2017 में तीन हजार से भी ज्यादा किशोरों के खिलाफ बलात्कार और यौन हिंसा के अपराध दर्ज किये गये। यह स्थिति तब है जब किशोरों में इस तरह की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए देश में किशोर न्याय कानून में कठोर प्रावधान किये जा चुके हैं।

किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) कानून 2015 में 16 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के किशोरों में विभेद करते हुए एक श्रेणी बनायी गयी है, जिन पर न्यूनतम सात साल की सजा के दंडनीय अपराध करने के लिए वयस्क आरोपी की तरह मुकदमा चलाया जा सकता है। दिसंबर, 2012 में निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्याकांड, मुंबई का शक्ति मिल सामूहिक बलात्कार कांड और राजधानी में एक चिकित्सक पर तेजाब के हमले जैसे कई मामलों में नाबालिगों की संलिप्तता के मद्देनजर आरोपी नाबालिग पर वयस्क आरोपी को भारतीय दंड संहिता के दायरे में लाने की मांग लगातार उठी थी।

संसद की स्थाई समिति में मंत्रणा के बाद संसद ने किशोर न्याय कानून में संशोधन को मंजूरी दी थी। इसके बाद, इस कानून की धारा 15 में तीन आधार बनाये गये, जिसके अंतर्गत किशोर न्याय बोर्ड को प्रारंभिक आकलन में यह निर्धारित करना है कि क्या किशोर पर वयस्क के रूप में मुकदमा चलना चाहिए या नहीं। किसी किशोर पर वयस्क आरोपी के रूप में मुकदमा चलाने के बारे में बोर्ड ही अंतिम निर्णय करेगा। सामान्यतया, किशोर न्याय कानून के तहत किसी भी अपराध के लिए किशोर को अधिकतम तीन साल तक सुधारगृह में रखा जा सकता है।

अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2017 में 40,420 से अधिक किशोर तरह तरह के अपराधों में संलिप्त थे। इनमें 72 प्रतिशत 16 से 18 साल की आयु के किशोर थे। इस रिपोर्ट के अनुसार किशोरों की संलिप्तता वाले अपराधों की संख्या 2016 में 35,849 और 2015 में 33,433 थी। आंकडों के अनुसार 2013 में 2012 की तुलना में महिलाओं के शीलभंग के प्रयास में संलिप्त किशोरों की संख्या में 132 वृद्धि हुई थी।

बाल अधिकारों की रक्षा से जुड़े एक संगठन का मानना है कि इसे अलग से देखने की बजाय हमारे समाज में ही यौन हिंसा के अपराधों की स्थिति के साथ जोड़कर देखना होगा। किशोर न्याय कानून 2015 में संशोधन से पहले जघन्य अपराधों में नाबालिगों की बढ़ती संलिप्तता लगातार चिंता का विषय बना रहा था। एक अवसर तो उच्चतम न्यायालय ने भी बलात्कार, डकैती और हत्या जैसे मामलों में नाबालिग की स्थिति पर विचार करने पर जोर दिया था। न्यायालय का मत था कि वैसे तो ऐसी कई परिस्थितियां हो सकती हैं, जिसमें नाबालिग को अपने कृत्य के परिणाम का अहसास नहीं हो, लेकिन बलात्कार, हत्या, अपहरण और डकैती जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त किशोरों के बारे में यह मानना कठिन होगा कि वे इसके नतीजे नहीं जानते होंगे।

आखिर किशोर न्याय कानून 2015 में संशोधन के बाबजूद बलात्कार और यौन हिंसा जैसे संगीन अपराधों में किशोरों की बढ़ती संलिप्तता पर अंकुश कैसे पाया जाये? आखिर सूचना क्रांति के इस युग में इंटरनेट की ऐसे अपराधों में क्या भूमिका है और इसके माध्यम से किशोरों तक पहुंच रही यौन सामग्री को कैसे रोका जाये?

एक गैर सरकारी संगठन ने इंटरनेट पर उपलब्ध अश्लील सामग्री सहजता से किशोर वर्ग के बीच पहुंचने की ओर उच्चतम न्यायालय का भी ध्यान आकर्षित किया था। इस मामले में न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद हालांकि सहजता से अश्लील सामग्री मुहैया कराने वाली वेबसाइट पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। बलात्कार, बलात्कार के प्रयास और इसी तरह के दूसरे यौन अपराधों से किशारों को दूर रखने के लिए अभी और भी सार्थक तथा कारगर उपाय करने की आवश्यकता है।

बलात्कार और यौन हिंसा के अपराधों में तेजी से हो रही वृद्धि से यही पता चलता है कि हमारे समाज में सब कुछ ठीक नहीं है। पुलिस और प्रशासन के साथ ही समाजसेवियों, राजनीतिक दलों और महिला संगठनों को ऐसे अपराधों पर अंकुश पाने तथा इस तरह की दरिंदगी की ओर झुकाव रखने वाले किशोरों की पहचान करके उनमें सुधार के लिए युद्धस्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता है। इसके लिये हमें भी मिलकर प्रयास करने होंगे।

## उलटवांसी

# बदला ज़िंदगी का गणित, किताबी नहीं

**आलोक पुराणिक**

> गणित बदलना चाहिए। नये पीढ़ी के बच्चे सबसे ज्यादा मोबाइल को समझते हैं तो नयी गणित में मोबाइल से जुड़े सवाल होने चाहिए, ताकि बच्चे खट से समझ लें।

जिंदगी का अर्थशास्त्र बदल गया है। पहले इलेक्ट्रॉनिक आइटमों के भाव बढ़ते थे, प्याज-टमाटर के भाव लंबे समय तक स्थिर रहा करते थे। अब प्याज-टमाटर के भाव लगातार बढ़ रहे हैं, इलेक्ट्रॉनिक आइटमों के भाव सिर्फ स्थिर ही नहीं, गिर रहे हैं। अर्थशास्त्र ही नहीं, गणित भी बदल गया है जिंदगी का। जिंदगी के सारे गणित बदल गये हैं, पर किताबों में पढ़ायी जाने वाली गणित कई जगह नहीं बदली है।

बच्चों की गणित की किताब में एक सवाल यह था—दस बीघा जमीन में खेती करने वाला किसान साल का पचास लाख रुपया कमा लेता है, तो बताओ एक करोड़ की कमाई के लिए कितने बीघे की खेती की जरूरत होगी। गांव वाला बच्चा इस सवाल को सुनकर हंसेगा, नाराज भी हो सकता है। ऐसे कौन से कहां के खेत हैं, जहां दस बीघे से किसान साल का पचास लाख पीट लेता है। ये किसान दिल्ली के आसपास बसे फार्महाऊस वाला हो तो बात अलग है। दस बीघे से पचास लाख खेंचना असंभव है। दरअसल, गणित की किताब बनाने वाले कई एक्सपर्ट लोग खेती का अर्थशास्त्र नहीं जानते।

कमाई का यह सवाल शहर के बच्चे के लिए भी समझ से परे है, क्योंकि शहर के अधिकांश बच्चों को पता ही नहीं है कि खेती होती क्या है। शहर के बच्चों के लिए बिग बाजार और स्पेंसर ही खेत हैं, जहां से दाल-आटे की सप्लाई होती है।

गणित बदलना चाहिए। नये बच्चे सबसे ज्यादा मोबाइल को समझते हैं तो नयी गणित में मोबाइल से जुड़े सवाल होने चाहिए, ताकि बच्चे खट से समझ लें। पिंकी फेसबुक पर चार फोटो लगाती है तो उसे सौ लाइक मिलते हैं। अगर उसे दो सौ लाइक चाहिए हों तो उसे फेसबुक पर कितने फोटो लगाने चाहिए—यह सवाल पिंकी की समझ में एक झटके से आ जायेगा।

फेसबुक का लाइक गहन मुद्दा है, एकदम से बच्चों के दिल को छू लेने वाला। गणित को हमारे आसपास की बदलती दुनिया के बारे में बच्चों को समझाते चलना चाहिए। तेजी से बदलते हुए परिप्रेक्ष्यों के बारे में भी बच्चों को पता लगना चाहिए, गणित से।

मेरे इलाके में चेन-स्नैचिंग बहुत होती है। मैं यहां बच्चों को गणित इस सवाल से समझाता हूं—एक चैन-स्नैचर को जीवनयापन के लिए महीने में दो सोने की चेन खेंचने की जरूरत होती है। धंधा चालू रखने के लिए एक चेन लोकल पुलिस को भी गिफ्ट करनी होती है। बताओ पूरे साल में उसे कुल कितनी चेन खींचने की जरूरत पड़ेगी। लड़कियों को यह सवाल एक झटके में समझ में आ जाता है।

बच्चों की गणित की किताब में एक सवाल यह होना चाहिए—औसतन एक क्रेडिट कार्ड कंपनी एक कस्टमर को महीने में एक हजार रुपये का चूना लगाती है। एक क्रेडिट कार्ड कंपनी ने एक लाख रुपया चूना जनवरी के महीने में लगाया तो बताओ उस क्रेडिट कार्ड कंपनी के कस्टमर कितने हैं।

दरअसल, जिंदगी की गणित बदल गयी है, अब किताबों की गणित को भी बदल ही जाना चाहिए।

## आपकी राय

### आत्मविश्लेषण करे

हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम ने सभी को चौंका दिया। चुनाव परिणाम का सबसे बड़ा झटका सत्ताधारी भाजपा को लगा। सरकार के अधिकांश मंत्रियों व स्वयं प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हारना साफ संकेत है कि वोटर सरकार से कितना नाराज थे। इस चुनाव परिणाम से यह भी स्पष्ट हो गया कि विधानसभा चुनाव लोकल मुद्दों पर लड़ा जाता है न कि राष्ट्रीय मुद्दों पर। भाजपा को जनता ने बहुमत से दूर करके साबित कर दिया कि जनता स्थानीय नेतृत्व से संतुष्ट नहीं है। पार्टी को आत्म विश्लेषण की सख्त जरूरत है।

**सोहन लाल गौड़,** बाहमनीवाला

### फिजूल खर्ची रोकें

24 अक्तूबर के दैनिक ट्रिब्यून में जयंतीलाल भंडारी का लेख 'चिंताजनक है बढ़ता राजकोषीय घाटा' चिंतित करने वाला रहा। किसी भी संपन्न राष्ट्र की नींव उसकी सुदृढ़ अर्थव्यवस्था होती है। वित्तवर्ष 2019 से 20 का कर संग्रह 17.5 प्रतिशत अधिक रहा। कर प्राप्ति का माध्यम जीएसटी हो या अन्य, इससे आमजन ही प्रभावित होता है। रहनुमाओं सारा खर्च भी सरकार वहन करती है। राजनीति में चल-अचल संपत्ति का कोई हिसाब-किताब नहीं लेता। इनकी देश-विदेश यात्राओं पर अपार धनराशि व्यय होती है। इन फिजूल खर्चों को रोकना होगा।

**अनिल कौशिक,** क्योड़क

### पाठकों को आमंत्रण

हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणामों ने चौंकाया है। बड़बोले नेताओं की बोलती बंद हुई तो विपक्ष को नई ताकत मिली। भाजपा-जजपा अब सरकार चलाएंगे, जो चुनाव मैदान में एक-दूसरे के खिलाफ मुखर थे। आखिर कुछ माह पूर्व दस लोकसभा सीटें भाजपा को सौंपने वाले हरियाणा ने मन क्यों बदला? धुर भाजपा विरोधी जजपा को मिलकर सरकार चलाने का जनादेश मिला है? कांग्रेस कहां चूकी? भाजपा से नाराजगी की वजह क्या रही? 11 नवंबर की जन संसद का विषय होगा—**'इस जनादेश के मायने।'** आपके विचार हमें 5 नवंबर तक मिल जायें। सर्वोत्तम विचार भेजने वाले पाठक को पुरस्कारस्वरूप एक पुस्तक भेजी जाएगी। विचार इस पते पर भेजें :-

**जन संसद/दैनिक ट्रिब्यून,
सेक्टर 29-सी,
चंडीगढ़-160030.**

**संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशनार्थ लेख इस ईमेल पर भेजें :-**
dtmagzine@tribunemail.com

### मुस्लिम धर्मगुरुओं की बैठक/कहा


# अयोध्या पर कोर्ट के फैसले का सम्मान करेंगे

मेरठ, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

अयोध्या मामले में सुप्रीमकोर्ट का फैसला आने से पहले मेरठ पुलिस द्वारा बुलाई गई एक बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा कि वह अदालत के फैसले का सम्मान करेंगे। एसएसपी अजय साहनी ने सोमवार को बताया कि शनिवार को उन्होंने मुस्लिम धर्मगुरुओं और गणमान्य लोगों के साथ बैठक की, जिसमें अयोध्या मामले में कोई भी फैसला आने के बाद अमन-चैन बनाए रखने की अपील की गई।

इस बैठक को अच्छी पहल बताते हुए शहर काजी प्रो. जैनुस साजिद्दीन ने कहा कि अदालत का फैसला स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई ऐसा प्रयास नहीं किया जाना चाहिए, जिससे शहर की फ़िज़ा खराब हो। प्रो. साजिद्दीन ने कहा कि जिले में शांति समितियां बनाई जाएंगी, जो अमन कायम रखने का संदेश देंगी। मौलाना कारी शफीकुर्रहमान ने भी कहा कि अदालत का फैसला स्वीकार होगा और शहर का माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा। एसएसपी साहनी ने बताया कि अमन कायम रखने के लिए जिले में समितियां बनाई जाएंगी जो लोगों को जागरूक करेंगी। साथ ही मस्जिदों से भी अमन कायम रखने की अपील की जाएगी। एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिये माहौल खराब करने की आशंका को देखते हुए निगरानी के लिए 4 टीमें बनाई गयी हैं। साथ ही पुलिस एक व्हाट्स एप ग्रुप बनाकर लोगों से तालमेल बढ़ाएगी और गांव-गांव में शांति समितियां गठित होंगी।

### अयोध्या पर हो रही बयानबाजी अनुचित : कल्याण सिंह



**अलीगढ़ (एजेंसी):** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने कहा है कि अयोध्या में विवादित स्थल के मसले पर अदालत के निर्णय का इंतजार किया जाना चाहिये और अभी इस मुद्दे पर कोई भी टिप्पणी करना अनुचित है। सिंह ने रविवार को दीपावली के मौके पर अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल पर कहा कि सभी को सुप्रीमकोर्ट के आदेश का इंतजार करना चाहिए और उससे पहले इस संबंध में किसी भी तरह की टिप्पणी उचित नहीं है। उन्होंने कहा 'मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि सभी को सुप्रीमकोर्ट के निर्णय का इंतजार करना चाहिए और किसी भी पक्ष की ओर से उससे पहले कोई भी बयान दिया जाना उचित नहीं है।' पूर्व मुख्यमंत्री से पूछा गया था कि कुछ वरिष्ठ भाजपा नेता अयोध्या में विवादित स्थल पर मालिकाना हक को लेकर सुप्रीमकोर्ट द्वारा निकट भविष्य में अपना निर्णय दिए जाने की संभावना के मद्देनजर मंदिर निर्माण के बारे में बयान दे रहे हैं। कल्याण सिंह 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने के वक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री थे।



**छप्पन भोग :** अहमदाबाद के एक मंदिर में सोमवार को 'अन्नकूट' पर्व पर भगवान को अर्पित भोग। -प्रेट्र

## संधू ने संभाला एनएचएआई चेयरमैन का पदभार

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

आईएएस अधिकारी सुखबीर सिंह संधू ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन का पद संभाल लिया है। संधू ने नागेंद्र नाथ सिन्हा का स्थान लिया है। नाथ को सीमा प्रबंधन विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। एनएचएआई ने सोमवार को बयान में बताया कि संधू उत्तराखंड कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह केंद्र सरकार और उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश तथा पंजाब सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। संधू मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत उच्च शिक्षा विभाग में अतिरिक्त सचिव रह चुके हैं। उन्होंने अमृतसर के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया है। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर से इतिहास में मास्टर डिग्री के साथ वह विधि स्नातक भी हैं।

## दिल्ली की बसों में अब 13 हजार मार्शल

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सरकारी बसों में मार्शलों की संख्या बढ़ाकर तकरीबन 13 हजार करने की घोषणा की है। केजरीवाल ने सोमवार को त्यागराज स्टेडियम में नवनियुक्त मार्शलों के एक कार्यक्रम में कहा, 'मैं आप सभी को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपना चाहता हूं कि हर सरकारी बस में महिलाएं सुरक्षित महसूस करें और पूरे आत्मविश्वास के साथ यात्रा कर सकें।' केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली की बसों में मार्शलों की मौजूदा संख्या 3400 है। उन्होंने कहा, 'कल भाईदूज के पावन पर्व पर बसों में मार्शलों की संख्या बढ़ाकर लगभग 13 हजार कर दी जाएगी। हम शहर में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सामाजिक सुरक्षा संहिता में प्रस्तावित संशोधन 'निराशाजनक'

# भारतीय मजदूर संघ ने ठुकराया मसौदा

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के ताजा मसौदे को खारिज कर दिया है। श्रमिक संगठन ने सोमवार को कहा कि यह देश में कर्मचारियों के लिये पूरी तरह निराशाजनक है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने संबंधित पक्षों की प्रतिक्रिया जानने के लिये हाल में सामाजिक सुरक्षा संहिता पर मसौदा जारी किया है। बीएमएस ने सोमवार को मंत्रालय को सौंपे गये अपने जवाब में कहा है, 'सामाजिक सुरक्षा संहिता 2019 पर चौथा मसौदा कर्मचारियों के लिये पूरी तरह निराशाजनक है।'

श्रमिक संगठन के बयान के अनुसार मसौदे में विभिन्न लाभों के लिये अलग-अलग सीमाओं के मौजूदा आठ सामाजिक सुरक्षा कानून के कमजोर पुराने प्रावधानों को ही इधर उधर कर के जोड़ा गया है और इसमें हर लाभ के लिए अलग अलग न्यूनतम सीमाएं लागू की गयी हैं। यह मौजूदा रूप श्रम कानूनों को संहिताबद्ध करने के लक्ष्य के विपरीत है। इसमें कहा गया है, 'मजदूरी संहिता के विपरीत यह सार्वभौमिक नहीं है। यानी इसका लक्ष्य यह नहीं है कि अंतिम छोर पर खड़ा कर्मचारी सभी लाभों से लाभान्वित हों। यह विशेषाधिकार प्राप्त कर्मचारियों, श्रमिकों और मजदूरी प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के बीच विभिन्न लाभों को लेकर भेद करता है।'

बीएमएस ने कहा कि संहिता के पहले मसौदे में अधिक लाभ वाला प्रावधान शामिल था। उसमें सभी के लिये सामाजिक सुरक्षा का अधिकार, कर्मचारियों को करीब 14 सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, प्रधानमंत्री द्वारा केंद्रीय शीर्ष परिषद का गठन, वेतन न्यूनतम मजदूरी से कम नहीं होना, सेवानिवृत्ति के बाद लाभ जारी रहना, ग्रेच्युटी के लिये अलग प्रावधान समेत अन्य प्रावधान शामिल हैं। ट्रेड यूनियन के अनुसार, 'ये सभी लाभ के प्रावधान नयी संहिता में नदारद हैं।'

यूनियन ने यह मांग की है कि ग्रेच्युटी के लिये पात्रता को 5 साल से कम कर एक साल किया जाना चाहिए क्योंकि कई संगठित क्षेत्रों में 80 प्रतिशत तक कर्मचारी ठेके पर काम कर रहे हैं। बीएमएस ने कहा, 'पूरी कवायद का मकसद ईएसआई का विकल्प छोड़ने और ईपीएस के स्थान पर एनपीएस अपनाना शामिल है। दुनिया में कोई ऐसा स्वास्थ्य बीमा नहीं है, जिसकी तुलना लाभ और बिना सरकारी समर्थन के लाभ के संदर्भ में ईएसआई से की जा सके। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने स्वयं एक अध्ययन में कहा कि कर्मचारियों के लिये एनपीएस के मुकाबले ईपीएस ज्यादा फायदेमंद है।'

### इकबाल मिर्ची पीएमएलए मामला

# शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा तलब

मुंबई, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

प्रवर्तन निदेशालय ने गैंगस्टर इकबाल मिर्ची एवं अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के संबंध में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के कारोबारी पति राज कुंद्रा को तलब किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि कुंद्रा को मामले के जांच अधिकारी के समक्ष 4 नवंबर को यहां पेश होने को कहा गया है। उनका बयान पेशी के वक्त ही दर्ज किए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कार्यवाही धनशोधन रोकथाम कानून के तहत की जा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी मामले के संबंध में रंजीत बिंद्रा और कंपनी बैस्टियन हॉस्पिटेलिटी के साथ कुंद्रा के कथित सौदे की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों के बीच हुए कुछ कारोबारी सौदे में विस्तार से सूचना प्राप्त करने की जरूरत है और इसलिए उन्हें तलब किया गया है। बिंद्रा को प्रवर्तन निदेशालय ने कुछ समय पहले गिरफ्तार किया था। कुंद्रा ने इससे पहले इन कारोबारी सौदों में किसी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया था। मिर्ची को नशीले पदार्थों की तस्करी और वसूली अपराधों में वैश्विक आतंकवादी दाऊद इब्राहिम का दाहिना हाथ माना जाता था। 2013 में लंदन में उसकी मौत हो गई थी। ईडी ने मुंबई में महंगी रियल एस्टेट संपत्तियों की खरीद-बिक्री में अवैध सौदों में धनशोधन की जांच के लिए मिर्ची और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 31 जनवरी पर लगी मुहर

# ईयू ने ब्रेग्जिट की समयसीमा बढ़ायी

ब्रसेल्स, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देश ब्रेग्जिट की समय सीमा 3 महीने तक बढ़ाकर 31 जनवरी तक करने पर सोमवार को सहमत हो गए। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष डोनाल्ड टस्क ने ट्वीट किया, 'ईयू के 27 अन्य देश राजी हो गये है कि वे ब्रेग्जिट की अवधि में 31 जनवरी 2020 तक विस्तार करने का ब्रिटेन का अनुरोध स्वीकार करेंगे।' एक लिखित प्रक्रिया के माध्यम से निर्णय को औपचारिक रूप दिये जाने की उम्मीद है। ईयू के राजनयिकों की शुक्रवार को ब्रसेल्स में हुई बैठक में 31 अक्तूबर को प्रस्तावित ब्रेग्जिट को टालने पर सैद्धांतिक सहमति बन गई थी।

ईयू ब्रेग्जिट के वार्ताकार मिशेल बार्नियर ने पत्रकारों को बताया, 'यह बहुत छोटी बैठक थी और मुझे खुशी है कि निर्णय ले लिया गया है।' उन्होंने वार्ता के बारे में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया। यह दूसरी बार है जब ईयू से ब्रिटेन के बाहर निकलने पर 2016 में जनमत संग्रह के बाद से ब्रेग्जिट समय सीमा में बदलाव किया गया है।

## बाल आश्रम लेह के बच्चों संग मनाई दिवाली

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर (ट्रिन्यू)



भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, लेह (लद्दाख) द्वारा अपने सामाजिक दायित्व एवं कर्तव्य का पालन करते हुए 16वीं वाहिनी के पदाधिकारियों द्वारा बाल आश्रम, लेह के बच्चों के साथ दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। बाल आश्रम के 27 बालक, बालिकाओं तथा प्रबंधकों के साथ वाहिनी के प्रशिक्षण हाल में समारोह का आयोजन किया गया।

वाहिनी के पदाधिकारियों एवं हिमवीर परिवारों के साथ-साथ बाल आश्रम के बच्चों को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल में इस्तेमाल किए जा रहे हथियारों एवं उपकरणों की जानकारी के साथ-साथ उन्हें सामाजिक तौर पर समर्थ और सजग बनाने के लिए पुस्तकें और पत्रिकाएं भी भेंट की गईं। इस अवसर पर 16वीं वाहिनी, भारत-तिब्बत सीमा सेनानी पुलिस के अजय सिंह ने आश्वासन दिया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा उनके व्यक्तित्व विकास के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बाल आश्रम के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सेनानी द्वारा बच्चों को गर्म कपड़े, लेखन सामग्री एवं मिठाई भेंट की गई।

## विफल रहे 13 कर्मी 3 माह के लिए निलंबित

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

विभिन्न विमानन कंपनियों और हवाईअड्डों के 13 कर्मचारी 16 सितंबर के बाद से शराब परीक्षण में विफल पाए गए हैं। सभी को 3 माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारी ने सोमवार को इस संबंध में जानकारी दी। 7 कर्मचारी इंडिगो के और 1-1 गोएयर और स्पाइस जेट के हैं। नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने सितंबर में सभी हवाईअड्डों पर शराब परीक्षण के नियम जारी किए थे। इसके तहत हवाईअड्डों, हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) संभालने वाले कर्मचारी, विमान के रखरखाव कर्मचारी, जमीन पर विमानन कंपनियों का काम संभालने वाले कर्मचारी इत्यादि सभी का शराब परीक्षण किया जाना है।

### पाक में मीडिया नियामक का आदेश

# शो के दौरान एंकर नहीं दे पाएंगे अपनी राय

इस्लामाबाद, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

पाकिस्तान में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक ने 'टॉक शो' के दौरान टीवी एंकरों के राय देने पर रोक लगा दी है और उनकी भूमिका महज 'संचालन' करने तक सीमित कर दी है। सोमवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। डॉन अखबार के अनुसार रविवार को जारी आदेश में पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटर अथॉरिटी (पीईएमआरए) ने नियमित शो करने वाले एंकरों को निर्देश दिया कि वे अपने या दूसरे चैनलों के टॉक शो में 'विशेषज्ञ की तरह पेश न हों।'

पीईएमआरए की आचार संहिता के मुताबिक एंकर की भूमिका कार्यक्रम का संचालन निष्पक्ष, तटस्थ और बिना भेदभाव के करने की है और उन्हें किसी मुद्दे पर व्यक्तिगत राय, पूर्वाग्रहों या फैसला देने से खुद को मुक्त रखना है। नियामक निकाय ने मीडिया घरानों को निर्देश दिया कि वे टॉक शो के लिये मेहमानों का चयन बेहद सतर्कता से करें और ऐसा करने के दौरान उस खास विषय पर उनके ज्ञान और विशेषज्ञता को भी ध्यान में रखें। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने शहबाज शरीफ बनाम सरकार के मामले में विभिन्न टीवी टॉक शो पर संज्ञान लिया, जहां एंकरों ने आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए न्यायपालिका और उसके फैसलों की छवि दुर्भावनापूर्ण मंशा से धूमिल करने की कोशिश की।'

### ट्रक में 39 लाशों का मामला

# ब्रिटेन ने वियतनाम भेजे दस्तावेज

हनोई, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

ब्रिटेन ने लंदन के पास एक ट्रक में मृत मिले करीब 39 लोगों की शिनाख्त के लिए दस्तावेज वियतनाम भेजे हैं। वियतनाम ने सोमवार को बताया कि इस तरह की आशंका है कि मृतकों में अधिकतर वियतनाम के नागरिक हैं। दक्षिण पूर्वी इंग्लैंड के एस्सेक्स में एक रेफ्रिजरेटर कंटेनर में बुधवार को आठ महिलाओं और 31 पुरुषों के शव मिले थे। उनकी शिनाख्त चीन के नागरिक के तौर पर की गई थी। मगर वियतनाम के कई परिवारों ने आशंका जताई है कि कुछ मृतक उनके परिजन हो सकते हैं। अधिकारियों ने वियतनाम के नघे एन और हा तिन्ह प्रांतों के परिवारों के डीएनए नमूने लेने शुरू कर दिए जहां से अधिकतर पीड़ित आए थे।



ब्रिटेन में एक ट्रक में मृत पाये गये 39 लोगों में शामिल होआंग वान नामक शख्स के वियतनाम स्थित घर में गमगीन रिश्तेदार। -रॉ

## ट्रक चालक गिरफ्तार, हिरासत में सौंपा

**लंदन (एजेंसी) :** ब्रिटेन की एक अदालत ने 39 प्रवासी एशियाई लोगों की मौत के मामले में ट्रक चालक को हिरासत में सौंप दिया। नार्दर्न आयरलैंड के 25 वर्षीय व्यक्ति मौरिस रोबिन्सन पर हत्या के 39 मामले, धनशोधन और अवैध आव्रजकों को सहायता पहुंचाने के षड्यंत्र का आरोप लगाया गया है। रोबिन्सन को लोग 'मो' नाम से भी जानते हैं। आरोपी 25 नवंबर को लंदन की ओल्ड बेली अदालत में याचिका दायर करेगा। दक्षिण पूर्वी इंग्लैंड के एस्सेक्स में एक रेफ्रिजरेटर कंटेनर में बुधवार को 8 महिलाओं और 31 पुरुषों के शव मिले थे। ब्रिटिश सरकार ने इसे मानव तस्करी की सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया है।

# जिंदगी लाइव

## 2021 में दीपावली पर 'बैजू बावरा' होगी रिलीज

**मुंबई (एजेंसी) :** फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनने वाली अगली फिल्म का नाम 'बैजू बावरा' है और यह 2021 में दीपावली पर रिलीज होगी। इसे भंसाली ने अपनी सर्वाधिक महत्वाकांक्षी फिल्म करार दिया है। इससे पहले उन्होंने सलमान खान और आलिया भट्ट के साथ बनने जा रही 'इंशा-अल्लाह' को फिलहाल टाल दिया। इस माह के शुरू में भंसाली प्रोडक्शन्स ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के निर्माण का ऐलान किया। इसमें आलिया मुख्य भूमिका में होंगी। एसएलबी प्रोडक्शन्स ने एक ट्वीट में बताया '11 सितंबर 2020 को गंगूबाई काठियावाड़ी की रिलीज के बाद संजय लीला भंसाली अपनी सर्वाधिक महत्वाकांक्षी फिल्म परियोजना 'बैजू बावरा' शुरू करेंगे जो 2021 में दीपावली पर रिलीज होगी।'



## बॉलीवुड ने मुझे खुद से लड़ना सिखाया : नील

**मुंबई (एजेंसी) :** अभिनेता नील नितिन मुकेश के अनुसार फिल्म उद्योग एक बॉक्सिंग रिंग है जहां खेल तब तक खत्म नहीं होता जब तक मुकाबले में एक व्यक्ति हार न जाए या खेल का वक्त पूरा न हो जाए। यहां कलाकार लगातार वापसी के लिए जूझता है और आखिरी तक लड़ता है। 2007 में 'जॉनी गद्दार' से अपने करियर की शुरुआत करने वाले नील ने वह दौर भी देखा जब उनकी फिल्में फ्लॉप हुईं। उन्होंने बताया कि समय ने उन्हें बहुत मजबूत बना दिया। एक भेंट में उन्होंने कहा, 'अपने 12 साल के करियर में उन्होंने कई फिल्मकारों के साथ काम किया और फिल्म निर्माण के बारे में बहुत कुछ सीखा। 'बॉलीवुड में मेरी यात्रा खुद से लड़ने की सीख देने वाली रही। मैंने अभिनय की कोई औपचारिक ट्रेनिंग नहीं ली थी। हर दिन मैं सीखता गया। वह मानते हैं कि सिनेमा कभी भी, कहीं भी नहीं ठहरता इसलिए उनका अलग अलग भाषाओं की फिल्में करने का फैसला सही है।





चीन फैशन वीक में सोमवार को प्रस्तुति देती बीजिंग की एक ओपेरा डांसर। - रॉ

## वरुण के साथ होगा नवोदित कलाकार जैसा सलूक



**मुंबई (एजेंसी) :** निर्माता श्रीराम राघवन, सबसे कम उम्र में परमवीर चक्र से सम्मानित किए गए अरुण खेत्रपाल के जीवन पर बन रही नयी फिल्म में वरुण धवन के साथ एक नवोदित कलाकार की तरह ही व्यवहार करेंगे। वरुण और श्रीराम की जोड़ी ने 2015 में आई क्राइम ड्रामा 'बदलापुर' में साथ काम किया था। हाल ही में इन दोनों ने ऐलान किया था कि वे वास्तविक जीवन पर बनने जा रही एक फिल्म में फिर से साथ काम करेंगे। फिल्म का निर्माण दिनेश विजन करेंगे। राघवन ने कहा 'वह (वरुण) बड़े सितारे हैं और यह अच्छी बात है। लेकिन इस फिल्म मैं उनके साथ एक नए कलाकार जैसा ही व्यवहार करुंगा। वरुण को फिल्म के लिए कड़े शारीरिक प्रशिक्षण और अभ्यास से गुजरना होगा।

## 3,000 घंटों से ज्यादा इस्तेमाल हुए इंजन नहीं चलेंगे



**नयी दिल्ली (एजेंसी) :** नागर विमानन नियामक (डीजीसीए) ने सोमवार को इंडिगो से ऐसे ए-320 नियो विमानों का इस्तेमाल न करने को कहा जिनमें 3,000 घंटों से ज्यादा इस्तेमाल हो चुके पीडब्ल्यू इंजन लगे हों। ऐसा नहीं करने पर कंपनी को इन विमानों का परिचालन बंद करने की चेतावनी दी गयी है। एक अधिकारी ने कहा कि इंडिगो के बेड़े में 16 ऐसे विमान हैं जिनमें दोनों प्रैट एंड व्हिटनी (पीडब्ल्यू) इंजन 2,900 घंटों से ज्यादा इस्तेमाल हो चुके हैं। ऐसे सभी 16 विमानों में अगले 15 दिनों में कम से कम एक एलपीटी इंजन लगाना होगा। डीजीसीए अधिकारी ने कहा कि इंडिगो के पीडब्ल्यू इंजन लगे तीन ए-320 (नियो) विमानों के उड़ान के दौरान इंजन बंद होने की खबर आई थी। तीनों बार इंजन बंद करने के निर्देश दिए गए थे हालांकि लगातार-24, 25 और 26 अक्टूबर को ऐसा होने पर डीजीसीए की एक टीम ने रख-रखाव एवं सुरक्षा डेटा की समीक्षा करने के लिए 28 अक्तूबर को इंडिगो परिसर का दौरा किया।

### आज के ट्वीट



'मैं यह पढ़कर हैरान हूं कि शाहरुख खान की दिवाली की बधाई पर कट्टरपंथी इस्लामिक उन पर अपना गुस्सा निकाल रहे हैं। तिलक लगाने पर उन्हें 'नकली मुसलमान' कहा जा रहा है... इस्लाम इतना कमजोर नहीं है कि उसे इस खूबसूरत भारतीय परंपरा से खतरा पैदा हो जाए। भारत की खूबसूरती इसकी गंगा-जमुनी तहजीब में है।'

**- शबाना आजमी,** अभिनेत्री



मचलना... रंज-ओ-गम में... कोई सीखे... अपने धर्म से... प्यार भरी प्रतिक्रिया के लिए सबको प्यार।

**-धर्मेंद्र,** अभिनेता

epaper.dainiktribuneonline.com

### फंदे पर लटके मिले शव

# कर्ज से परेशान 3 भाइयों की संदिग्ध हालत में मौत

## पिता की शिकायत पर फाइनेंसर के खिलाफ केस दर्ज

लुधियाना, 28 अक्तूबर (निस)

लुधियाना पुलिस आयुक्त के कार्यक्षेत्र में आने वाले ढेहलों थाना के ईश्वर नगर में तीन भाइयों ने रहस्यमय परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ढेहलों पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनजीत कौर ने बताया कि प्राथमिक जांच के दौरान ऐसा प्रतीत होता है कि तीनों भाइयों ने सामूहिक आत्महत्या आर्थिक संकट के कारण की। बड़े भाई कुलदीप सिंह ने एक फाइनांसर से कर्ज लिया हुआ था लेकिन वह इसे उतार नहीं पा रहा था। मृतकों की पहचान कुलदीप सिंह, मलकीत सिंह और सन्नी के रूप में हुई है। तीनों भाई विभिन्न निजी कारखानों में काम करते थे। उनकी आयु क्रमशः 40, 38 और 36 वर्ष थी। तीनों विवाहित थे।

### युवक ने लगाया फंदा

लुधियाना-चंडीगढ़ मुख्य राजमार्ग पर स्थित शहर की बाहरी अबादी जमालपुर की गोबिंद कॉलोनी में अमित नामक 34 वर्षीय युवक ने अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा दरवाजा तोड़कर शव को पंखे से नीचे उतरा और पुलिस को सूचित किया। परिजनों के मुताबिक मृतक की 10 साल पहले शादी हुई थी और कुछ समय बाद पति-पत्नी में कलह होने लगी। इससे अमित परेशान रहता था। अमित की बहन ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी अमित को नशे की डोज देती थी, जिससे अमित घर में सोया रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल हॉस्पिटल भेज दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आज सूचना मिलने पर जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो तीनों के शव छत के साथ लटक रहे थे। पुलिस को आशंका है कि आत्महत्या दो-तीन दिन पूर्व की गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि वहां से कुलदीप सिंह द्वारा लिखित एक नोट भी मिला है जिसमें कहा गया है की उसने एक फाइनेंसर से कुछ पैसे उधार ले रखे थे। फाइनेंसर बार-बार उन्हें डरा धमका रहा था। परिणामस्वरूप तीनों भाइयों ने मिलकर आत्महत्या का निर्णय कर लिया क्योंकि तीनों मिलकर भी कर्जा उतार नहीं पा रहे थे। पुलिस ने मृतकों के पिता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# खड़े ट्रक से टकरायी कार 2 सगे भाइयों की जान गयी

## दोस्त संग जा रहे थे चिंतपूर्णी



होशियारपुर-जालंधर रोड पर रविवार रात अड्डा मंडियाला में हुए हादसे में क्षतिग्रस्त कार। -निस

होशियारपुर, 28 अक्तूबर (निस)

होशियारपुर-जालंधर रोड पर गांव मंडियाला में एक कार के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा जाने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप में घायल हो गया। थाना बुल्लोवाल पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गत रात करीब 12 बजे हादसा उस समय हुआ जब धर्मशाला महंता निवासी कार चालक संजीव कुमार (23) अपने सगे भाई रोहित कुमार (21) के साथ आल्टो कार नंबर एच.पी 37 एफ 0119 में जालंधर से माता चिंतपूर्णी और फिर आगे अपने घर जाने के लिए होशियारपुर की तरफ आ रहे थे। जब वे मंडियाला पेट्रोल पंप के पास पंहुचे तो इनकी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक नंबर पी.बी 08 सी.पी 8902 के पिछली तरफ टकरा गई। हादसे में तीनों घायलों को पहले जालंधर के एक प्राइवेट व फिर सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों भाइयों की मौत हो गई। इनका तीसरा साथी विकास शर्मा, निवासी जाबाल, ऊना अस्पताल में उपचाराधीन है।

# पंजाब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष कमल शर्मा का अंतिम संस्कार

फिरोजपुर, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

पंजाब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष कमल शर्मा का सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान कई राजनीतिक नेता मौजूद थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश और धर्मेंद्र प्रधान भी कमल शर्मा के अंतिम संस्कार में पहुंचे थे। शर्मा के बेटे सुष्मित ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान 'कमल शर्मा अमर रहे' के नारे लगे। कमल शर्मा दीपावली के दिन रविवार सुबह यहां छावनी इलाके के माल रोड पर टहलने गए थे, लेकिन वह टहलते-टहलते गिर पड़े और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने 49 वर्षीय शर्मा को मृत घोषित कर दिया। कमल शर्मा को दो साल पहले दिल का दौरा पड़ा था। वह भाजपा के दिवंगत नेता अरुण जेटली के करीबी माने जाते थे। उनके परिवार में पत्नी शशि, बेटा सुष्मित और बेटी शुभ्रा हैं। कमल शर्मा के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा प्रमुख अमित शाह और पंजाब के मुख्यमंत्री अमरेंद्र सिंह ने गहरा शोक जताया है।

# खाली प्लाट में पटाखों में विस्फोट से जालंधर में दहशत

## पुलिस ने आतंकी घटना से किया इनकार


जालंधर में रविवार रात एक खाली प्लाट में विस्फोट के बाद लोग पास के एक घर में हुए नुकसान को दिखाते हुए। -सर्बजीत सिंह

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

पंजाब के जालंधर में दीपावली की रात एक खाली भूखंड में फेंके गए पटाखों के डिब्बों में आग लगने के बाद जोरदार धमाका हुआ जिससे आसपास के घरों की खिड़कियां चटख गयीं। पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों ने बताया कि बहुत दूर बाबा मोहन दास कालोनी में भी इस विस्फोट की आवाज सुनी जा सकती थीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाकों के बाद हवा में गोलियां सी बिखर गयीं। पुलिस जांच में इस धमाके में किसी प्रकार के आतंकवादी पहलू की आशंका को खारिज कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया, 'हमने जांच की है। यह मामला आतंकवाद से जुड़ा हुआ नहीं है।' खाली प्लाट में अवैध रूप से पटाखे फेंकने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने के मामले में पूछे जाने पर पुलिस विभाग ने बताया कि इसके दोषियों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि प्लाटके केयरटेकर ने उन लोगों को जानकारी दी कि पाइप और निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान वहां पड़ा हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## प्रधानमंत्री ने दिया इन्वेस्टर्स मीट में भाग लेने का आश्वासन

शिमला, 28 अक्तूबर (निस)

हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीकांत बाल्दी तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग) मनोज कुमार ने आज नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की तथा प्रधानमंत्री को 7 व 8 नवंबर को धर्मशाला में आयोजित की जाने वाली 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट' की तैयारियों से अवगत कराया। श्रीकांत बाल्दी ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार द्वारा 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट' के लिए किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की तथा इस 'मीट' में भाग लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

होशियारपुर, 28 अक्तूबर (निस)

इलाके में हुए सड़क हादसे में एक मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुरहीरां निवासी कपिल देव ने थाना मॉडल टॉउन पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई है कि वो अपने दोस्त कुलदीप सिंह के साथ एक्टिवा पर ड्यूटी के लिए जा रहा था। जब वे सिंगड़ीवाला बाईपास के पास पहुंचे तो वहा एक ट्रॉली ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिसके चलते मौके पर ही कुलदीप सिंह की मौत हो गई जबकि वह गंभीर रूप में घायल हो गया।

### आधा घंटे चली रस्म, दिवांशु कश्यप को लगा पहला पत्थर

# धामी में पत्थर मेले की धूम

## राज परिवार और ग्रामीणों ने एक-दूसरे पर पत्थर बरसाए


शिमला के धामी में सोमवार को परंपरागत पत्थर मेले में लोग एक-दूसरे पर पत्थर फेंकते हुए। -अमित कंवर

शिमला, 28 अक्तूबर (निस)

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला से 25 किलोमीटर दूर स्थित धामी कस्बे में परंपरागत पत्थर मेला आज धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर धामी क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोगों और धामी रियासत के राज परिवार के लोगों ने एक-दूसरे पर पत्थर बरसाए तथा इन लोगों में से एक के पत्थर लगने से खून निकलते ही पत्थर मारने का यह परंपरागत मेला सम्पन्न हो गया। पहला पत्थर कटेड़ू गांव के दिवांशु कश्यप को लगा और उससे खून निकला हालांकि पत्थर लगने से कुछ अन्य लोग भी घायल हुए। पत्थर मारने की यह रस्म लगभग आधा घंटे तक चली। इस रस्म में धामी के धगोई, तुनड़ू, कटेड़ू और जठौती गांव के लोग एक समूह में शामिल थे जबकि जमोगी इलाके के लोग दूसरे समूह में शामिल थे। पत्थर मेला दिवाली के अगले दिन मनाया जाता है।

### पहले होता था काफी खून-खराबा

जानकारी के मुताबिक सदियों पुराना यह मेला पहले काफी खून-खराबे वाला हुआ करता था लेकिन समय के साथ इसका स्वरूप बदला और अब मेला केवल रस्मअदायगी रह गया है। साथ ही इसमें भाग लेने वाले स्थानीय लोगों की संख्या भी कम हो गई है। धामी में पत्थर मेला नर्सिंग देवता के धामी महल स्थित काली माता के मंदिर में पहुंचते ही आरंभ हो जाता है। पत्थर लगने पर जिस भी इंसान का खून निकलता है उससे मंदिर में तिलक करने की अभी भी प्रथा है। बताते हैं कि सदियों पुराने इस मेले में पहले नरबलि की प्रथा भी थी। मेले के मौके पर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। साथ ही घायल होने वाले लोगों के लिए चिकित्सा के भी प्रबंध किए गए थे।

## मनाली-लेह मार्ग पर ट्रक दुर्घटना में 2 मरे

कुल्लू, 28 अक्तूबर (निस)

मनाली-लेह मार्ग पर राहनीनाला के पास एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रोहतांग दर्रे के साथ लगते मढ़ी स्थित राहनीनाला के पास एक ट्रक मनाली से लाहौल की तरफ जा रहा था। राहनीनाला पहुंचने पर ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। हादसे में चालक टिकेश कुमार (24), निवासी जूंगी करसोग, मंडी तथा दिनेश भारद्वाज (48), निवासी पुराना बाजार सुंदरनगर, जिला मंडी की मौत हो गई।

## कार की टक्कर में पति की मौत, पत्नी गंभीर

शिमला, 28 अक्तूबर (निस)

दिवाली की खुशियां पांवटा साहिब के पुरूवाला निवासी एक परिवार के लिए मातम में बदल गईं। चंडीगढ़-देहरादून नेशनल हाईवे पर पुरूवाला के समीप एक कार ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी को गंभीर हालत में पीजीआई रैफर किया गया है। बताया जा रहा है कि कार चालक एयर बैग खुल जाने के बाद सुरक्षित है।

# श्रद्धापूर्वक मनाया विश्वकर्मा दिवस और गोवर्धन पूजा

शिमला, 28 अक्तूबर (निस)

विश्वमकर्मा दिवस और गोवर्धन पूजा आज प्रदेशभर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। विश्वकर्मा दिवस के मौके पर अधिकांश उद्योग बंद रहे और खासकर तकनीकी कर्मचारियों ने इस दौरान पूजा अर्चना तथा लंगर जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया। गोवर्धन पूजा का त्योहार भी प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। इस बीच राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तथा मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने प्रदेशवासियों को भाई दूज की बधाई दी है।

**मंडी (निस) :** श्री विश्वकर्मा सभा मंडी द्वारा श्री विश्वकर्मा दिवस समारोह शहर के पुराने सुकेती पुल के साथ विश्वकर्मा मंदिर परिसर में प्रधान ज्ञान चंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें नगर परिषद मंडी के उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, पार्षदों पुष्पराज कात्यायन व हेमलता शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरेंद्र सूफी एंड पार्टी ने गणेश वंदना से भजन कीर्तन कार्यक्रम का आगाज किया। उन्होंने श्री विश्वकर्मा भगवान की महिमा का गुणगान करते हुए कई भजन प्रस्तुत किए।

**बठिंडा (निस) :** श्री गोवर्धन पूजा के अवसर पर मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन किया गया वहीं विश्वकर्मा दिवस पर पूजा अर्चना की गई व कई जगह लोगों ने लंगर लगाये। यहां अमरीक सिंह रोड पर श्री अन्नपूर्णा वैष्णो मंदिर में भी विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। श्री सनातन धर्म सभा मंदिर (हाथी वाला मंदिर) में भी विशाल लंगर का आयोजन किया गया। पटेल नगर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में भी मंदिर कमेटी द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। माल रोड पर प्लंबर यूनियन ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की और लंगर लगाया।




## एलांते में हेप्पीनेस वाली दिवाली



**चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) :** दिवाली के दौरान एलांते के हैप्पीनेश वाली दिवाली ने नगर और आसपास के 100 बच्चों के जीवन में रोशनी भरने का प्रयास किया। चंडीगढ़ के एनजीओ के सहयोग से गत वर्ष दिवाली के बाद एकत्र किए गए 25,000 दीयों में से 12,000 को रिसाइकिल कर बेचा गया। इसका उद्देश्य 5 से 16 वर्ष आयु के बच्चों में कौशल पैदा करना था। यह विचार स्नातकोत्तर सरकारी कालेज के 15 विद्यार्थियों का था, जिन्होंने रिसाइकिल दीपों की दुबारा पैकेजिंग में सहायता की। बिक्री से एकत्र राशि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा पर खर्च की जाएगी।

## पावरग्रिड को महारत्न किया घोषित

पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया को भारत सरकार ने महारत्न घोषित किया है। कंपनी के 30वें स्थापना दिवस समारोह पर यह घोषणा केंद्रीय बिजली राज्यमंत्री आरके सिंह ने की। पावरग्रिड भारत और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी ट्रांसमिशन कंपनी है। 30 सितंबर 2019 तक इसका नेटवर्क 160,930 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइन, 248 सब स्टेशन का है, जिनकी क्षमता 383,270 से अधिक एमवीए की है।

## सोमानी सेरामिक्स ने लांच किया वॉटर हीटर

सेरामिक्स टाइल्स और इससे जुड़े उत्पादों के निर्माण व कारोबार से जुड़े सोमानी सेरामिक्स लिमिटेड ने अब बाथरूम उपकरणों के क्षेत्र में भी कदम रखा है। उसने सोमानी वॉटर हीटर लांच किये हैं। इस समय देश में बाथ फिटिंग इंडस्ट्री का आकार 2300 करोड़. का है तथा यह 15 से 18 फीसदी ग्रोथ सालाना कर रही है। लांच के मौके पर एमडी अभिषेक सोमानी ने कहा कि यह सेरामिक्स से ही जुड़ा प्रॉडक्ट है।

## पंजाब एंड सिंध बैंक ने जीता सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट

पंजाब एंड सिंध बैंक ने जालंधर में आयोजित 36वां इंडियन आयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट 11वीं बार जीत लिया है। यह पैनाल्टी शूट आउट से जीता गया। पंजाब एंड सिंध बैंक के खिलाड़ी गगनजीत सिंह टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर चुने गये। बैंक के एमडी और सीईओ एस. हरिशंकर ने दिल्ली मुख्यालय में विजेता टीम का स्वागत किया। इस समय कोच संजीव कुमार भी साथ थे।

## भारत में दस्तक दे रहा सोची टूरिज्म

रूस की ग्रीष्मकालीन राजधानी के तौर पर जाने जाते सोची शहर ने भारतीय पर्यटकों को लुभाने के लिए भारतीय बाजार में प्रवेश कर लिया है। इसका मार्केटिंग व लोकसंपर्क का जिम्मा भारत में लिंकइन रैप्स कंपनी संभालेगी जो सोची घूमने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाएगी। यहां साफ व सुंदर बीच के साथ पहाड़ों की श्रंखला व समर सी रिर्जार्ट हर साल लाखों पर्यटकों के पसंदीदा स्थल गनते हैं। इस बारे में घोघणा के बाद सोची पर्यअन के संस्कृति व टूरिज्म काउंसलर तिमूर रासुलेव ने कहा कि लंकइन रैप्स से उनकी साझेदारी भारत के पर्यटकों को सोची शहर घूमने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। सोची में पर्याप्त संख्या में वीगन व शाकाहारी भोजन परोसने वाले रेस्टोरेंट हैं।

## रिसर्च स्कॉलर्स ने जानी प्रोजेक्ट की बारीकियां


नेशनल इंस्टीट्यूट आफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) के 50 रिसर्च स्कॉलर्स के प्रतिनिधिमंडल ने अपने जारी एक प्रोजेक्ट सस्टेनेबल हेल्दी एंड लर्निंग सिटीज व नेबरहुड के तहत दिल्ली के ईस्ट किदवई नगर स्थित एनबीसीसी रिडेवेलपमेंट प्रोजेक्ट का दौरा किया। उन्होंने वहां प्रोजेक्ट के अधिकारियों से बातचीत कर ईकेएन परियोजना के संचालन व शहरीकरण की चुनौतियां जानी व समझी।

### गुरु नानक देव का 550वां प्रकाशोत्सव

# ननकाना साहिब की थीम पर सज रहा पंडाल

कपूरथला, 28 अक्तूबर (निस)

सुल्तानपुर लोधी में श्री गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव समागम के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरु नानक देव स्टेडियम में विशेष पंडाल बनाए जा रहे हैं। ये पंडाल गुरुद्वारा ननकाना साहिब (पाकिस्तान) की तर्ज पर बनाए जा रहे हैं। पंडाल निर्माण में जुटे हजारों कर्मियों का कहना है के ऐसे भव्य पंडाल सुल्तानपुर लोधी क्षेत्र में पहले शायद ही कभी बने होंगे।

ऐतिहासिक गुरुद्वारा बेर साहिब और गुरुद्वारा हॉट साहिब को जोड़ने वाली सड़क पर गुरु नानक देव स्टेडियम में बन रहे इन भव्य पंडालों का मुख्य प्रवेश द्वार स्टेडियम के पूर्व दिशा में होगा। मुख्य पंडाल के पूर्व और पश्चिम में क्रमशः एग्जिबिशन हॉल और लाइट एंड साउंड का कार्यक्रम होगा। एग्जिबिशन हॉल में श्री गुरु नानक देव के जीवन प्रसंगों और सिख इतिहास को दर्शाया जाएगा। साथ ही लाइट एंड साउंड के शो के तहत गुरवाणी कीर्तन व शबद उच्चारण की प्रस्तुति तथा सिख गुरुओं के जीवन प्रसंगों का मंचन होगा।

तकनीकी लिहाज से बेहतर इन पंडालों को वाटरप्रूफ और सनप्रूफ तिरपाल से ढकने के बाद पंडालों को मनमोहक आवरण के साथ ढका जाएगा। पंडाल के निर्माण के लिए हजारों की संख्या में फिटर टेक्नीशियन और इंजीनियर काम कर रहे हैं। निर्माण कर्मियों के मुताबिक यह पंडाल 30 अक्तूबर तक तैयार हो जाने की प्रबल संभावना है। जानकारी के मुताबिक मध्य में स्थित पंडाल में बड़ी स्टेज बनाई जाएगी जहां शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से शताब्दी समागम का संचालन होगा। इन पंडालों में कौन-कौन से कार्यक्रम कब कब होंगे, इस बारे में एसजीपीसी की अभी कोई घोषणा नहीं हुई है। फिर भी यहां पर देश-विदेश के राजनयिकों प्रतिनिधियों एवं राष्ट्र प्रमुखों के आने की संभावना है।

### अमरेंद्र 10 को करेंगे 550 शख्सियतों को सम्मानित

प्रकाश पर्व को समर्पित सम्मान समारोह में 550 नामी शख्सियतों को सम्मानित किया जाएगा। मंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने समागम के प्रबंधों का जायजा लिया। इस संबंध में आईके गुजराल पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री चन्नी ने कहा कि 10 नवंबर को 550वें प्रकाश पर्व पर कराए जा रहे समागम के दौरान मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह 550 नामी शख्सियतों को सम्मानित करेंगे।

### गुरमति समागम का आयोजन

सुल्तानपुर लोधी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री बेर साहिब में एसजीपीसी की तरफ से विशाल गुरमति समागम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर लाखों की तादाद में संगत पहुंची। गुरमति समागम के दौरान श्री हरिमंदिर साहिब अमृतसर से हजूरी रागी भाई शौकीन सिंह, भाई सतनाम सिंह, भाई गुरकीरत सिंह, भाई अरविंदर सिंह, भाई जसपिंदर सिंह, भाई करनैल सिंह, भाई दविंदर सिंह आदि ने संगत को गुरबाणी कीर्तन से निहाल किया। इस मौके पर विशेष तौर पर पहुंचे तख्त श्री हरमंदिर पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह ने श्री गुरु नानक देव की शिक्षाओं की जानकारी दी। उन्होंने सुल्तानपुर लोधी इलाके की संगत से अपील की कि वे प्रकाश पर्व पर अपने घरों के दरवाजे संगत के लिए खोल दें और यह सोच लें कि गुरु नानक साहिब खुद संगत के रूप में आपके घरों में चरण डालने आ रहे हैं। समागम में पूर्व एसजीपीसी अध्यक्ष जगीर कौर, एसजीपीसी मेंबर गुरप्रीत कौर, जत्थेदार जरनैल सिंह डोगरावाल आदि ने भी शिरकत की।

#### मुख्य समागम 12 को

प्रकाशपर्व को लेकर अंतराराष्ट्रीय समागम एक नवंबर से शुरू हो रहे हैं। मुख्य समागम 12 नवंबर को होगा। पंजाब सरकार की ओर से सुल्तानपुर लोधी में प्रकाशोत्सव समागमों के लिए 26 कंट्रोल यूनिट स्थापित किए गए हैं ताकि अधिकारियों व कर्मचारियों में बेहतरीन तालमेल स्थापित कर समागमों को यादगारी बनाया जा सके। प्रकाश पर्व पर सुल्तानपुर लोधी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए पहली नवंबर से सुल्तानपुर लोधी के लिए 36 विशेष रेलगाड़ियां चलेंगी।

## जुए में हार के बाद कहासुनी पर उतारा मौत के घाट

धर्मशाला, 28 अक्तूबर (निस)

कांगड़ा जिले के नूरपुर क्षेत्र की धनेटी भुरियां में दिवाली की शाम एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि जुआ खेल रहे कुछ लोगों ने उनकी हत्या की है। मृतक की पहचान कुलदीप सिंह उर्फ दीपा (50) निवासी धनेटी भुरियां के रूप में हुई है। बताया जाता है कि कुछ लोग गांव में एक जगह ताश खेल रहे थे। इस दौरान कुलदीप सिंह उधर से गुजर रहा था। इस बीच जुआ हार गए कुछ लोगों की कुलदीप सिंह से कहासुनी हो गई जिसके चलते आरोपियों ने कथित रूप से वारदात को अंजाम दिया। परिजनों का आरोप है कि कुलदीप की हत्या की गई है क्योंकि उसके सिर पर जोरदार प्रहार किया गया था और मौके पर खून से सना पत्थर भी हत्या का इशारा कर रहा है।

# भविष्य का खाका बनाने को द्रविड़ से मिलेंगे दादा



नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

राष्ट्रीय टीम का लंबे समय तक एक साथ प्रतिनिधित्व करने वाले सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ क्रमशः बीसीसीआई अध्यक्ष और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख के तौर पर भारतीय क्रिकेट के भविष्य का खाका तैयार करने के लिए बुधवार को बेंगलुरू में मुलाकात करेंगे। द्रविड़ ने जुलाई में एनसीए प्रमुख का कार्यभार संभाला था।

उन्होंने इस संस्था के लिए भविष्य की योजना का खाका तैयार कर रखा है। जब दोनों पूर्व कप्तानों की मुलाकात होगी, तब द्रविड़ अपने विचार साझा करेंगे। बैठक में बीसीसीआई के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में एनसीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तूफान घोष भी शामिल होंगे। गांगुली और द्रविड़ पहले भी बीसीसीआई की तकनीकी समितियों का एक साथ हिस्सा रह चुके हैं।

### घरेलू क्रिकेट में भी लाएंगे करार

सौरव गांगुली ने सोमवार को संकेत दिया कि जल्दी ही देश में प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों के लिये करार व्यवस्था लागू की जायेगी, जिससे उन्हें वित्तीय सुरक्षा दी जा सके। गांगुली ने बतौर बीसीसीआई अध्यक्ष दिये पहले इंटरव्यू में कहा कि घरेलू क्रिकेटरों की वित्तीय स्थिति उनकी प्राथमिकता है और वह मैच फीस में बढोतरी चाहते हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेटरों के लिये भी भुगतान का सुव्यवस्थित ढांचा होना चाहिये। गांगुली ने कहा, 'हम प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों के लिये करार व्यवस्था लेकर आयेंगे। हम नयी वित्त (उप) समिति को करार व्यवस्था तैयार करने के लिये कहेंगे। गांगुली ने उम्मीद जतायी की बांग्लादेश की टीम ईडन गार्डन में होने वाले टेस्ट मैच को दिन-रात्रि में खेलने के लिए सहमत हो जाएगी।

### मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा-टी20 मैच पर नहीं पड़ेगा प्रदूषण का असर

# दिल्ली में ही भिड़ेंगे भारत-बांग्लादेश

दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि प्रदूषण का भारत और बांग्लादेश के बीच यहां तीन नवंबर को होने वाले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए उनकी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। केजरीवाल ने कहा कि इस सत्र में दिल्ली में मैचों का आयोजन किया गया है और रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाला मैच भी खेला जाना चाहिए।

दिल्ली में प्रदूषण का स्तर चिंता का कारण बन गया है। दीपावली के एक दिन बाद सोमवार को मौजूदा सत्र में पहली बार वायु गुणवत्ता 'गंभीर' स्तर पर पहुंच गई। केजरीवाल ने दिल्ली सचिवालय में संवाददाताओं से कहा कि उम्मीद करता हूं कि प्रदूषण क्रिकेट के रास्ते में नहीं आएगा। प्रदूषण कम करने के लिए हम चार नवंबर से सम-विषम योजना भी लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने देखा है कि इस सत्र में मैचों का आयोजन किया गया है। दिल्ली में मैच खेला जाना चाहिए।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पिछले हफ्ते पीटीआई से कहा था कि हमने दिवाली के बाद दिल्ली में होने वाले वायु प्रदूषण को ध्यान में रखा है, लेकिन मैच में एक हफ्ते का समय है इसलिए हमें उम्मीद है कि खिलाड़ियों को स्वास्थ्य से संबंधित किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। भारत में अंतर्राष्ट्रीय मैचों के आयोजन के लिए बीसीसीआई द्वारा अपनाई जाने वाली रोटेशन नीति और मेहमान टीम के यात्रा कार्यक्रम के कारण बोर्ड को दौरे का पहला मैच दिल्ली में कराने के लिए बाध्य होना पड़ा और अब क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि शहर की खराब वायु गुणवत्ता दिन-रात्रि के इस मैच में कोई मुद्दा नहीं बनेगी।



### 2017 में बीमार हो गए थे श्रीलंका के खिलाड़ी

दिसंबर 2017 में श्रीलंका क्रिकेट टीम को इसी मैदान पर प्रदूषण के बढ़े हुए स्तर के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। तब इस मैदान को फिरोजशाह कोटला के नाम से जाना जाता था। श्रीलंका के खिलाड़ी प्रदूषण से बचाव करने वाले मास्क पहनकर भी उतरे थे, लेकिन इसके बावजूद कुछ खिलाड़ी बीमार हो गए थे।

### बीसीबी अध्यक्ष बोले- दौरे को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे लोग

**ढाका (एजेंसी) :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने आरोप लगाया है कि बांग्लादेश के आगामी भारत दौरे को नुकसान पहुंचाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और देश के शीर्ष क्रिकेटरों की 11 मांगों को लेकर की गई हड़ताल इसका हिस्सा है। तीन टी-20 और दो टेस्ट के बांग्लादेश के चार हफ्ते के भारत दौरे से पहले बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी स्तर पर बेहतर वेतन को लेकर हड़ताल की थी, लेकिन बीसीबी के मांग मानने पर सहमत होने के बाद इसे वापस ले लिया था। हसन ने शीर्ष बंगाली दैनिक 'प्रोथोम आलो' को दिए साक्षात्कार में कहा कि आप लोगों (मीडिया) ने भारत दौरे को लेकर अब तक कुछ नहीं देखा है। इंतजार कीजिए और देखिए। अगर मैं कह रहा हूं कि मेरे पास सूचना है कि यह भारतीय दौरे को नुकसान पहुंचाने का षड्यंत्र है तो आपको मुझ पर विश्वास करना चाहिए। वह ऐसा क्यों सोचते हैं जब इस बारे में विस्तार से बताने को कहा गया तो हसन ने संदेह जताया कि जिस तरह सीनियर सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल अपनी पत्नी के प्रसव का हवाला देकर दौरे से हट गए, जबकि शुरुआत में वह सिर्फ अंतिम टेस्ट से बाहर रहने पर सहमत हुए थे। हसन ने कहा कि तमीम ने शुरुआत में मुझे बताया था कि वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण सिर्फ दूसरे टेस्ट (कोलकाता में 22 से 26 नवंबर) से बाहर रहेंगे। हालांकि खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद तमीम मेरे कमरे में आया और कहा कि वह पूरे दौरे से बाहर रहना चाहता है।

### टी-20 विश्वकप
## पापुआ न्यूगिनी और आयरलैंड ने किया क्वालीफाई

दुबई, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

पापुआ न्यूगिनी और आयरलैंड ने आईसीसी टी-20 विश्वकप क्वालीफायर में अपने अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई कर लिया है। पापुआ न्यूगिनी ने रविवार को खेले गये मैच में 6 विकेट पर 19 रन की खराब शुरुआत से उबरकर कीनिया को 45 रन से हराया। पापुआ न्यूगिनी ने 19.3 ओवर में 118 रन बनाये और फिर कीनिया को 18.4 ओवर में 73 रन पर ढेर कर दिया।

इस जीत के बावजूद पापुआ न्यूगिनी का क्वालीफाई करना तय नहीं था, क्योंकि नीदरलैंड अगर स्काटलैंड को 12.3 ओवर में हरा देता तो वह ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर विश्व कप में सीधा प्रवेश कर जाता। नीदरलैंड ने 17 ओवर में चार विकेट से जीत दर्ज की। पापुआ न्यूगिनी बेहतर रन गति में आगे रहकर पहली बार टी20 विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर गया। आयरलैंड भी ग्रुप बी में बेहतर रन गति के आधार पर शीर्ष पर रहकर विश्व कप में जगह बनाने में सफल रहा।

### सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 3 | | 5 | 8 | | |
| 1 | | 4 | | 6 | | 5 | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | 4 | 7 | 8 | | 2 | |
| | 3 | | | | | | 4 | |
| | 9 | | 5 | 1 | 3 | | 8 | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | 3 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | | 8 | 7 | | 9 | 3 | | |

**पिछले कल का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 7 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 |
| 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 |

### स्वितोलिना फाइनल में



**शेनजेन (एजेंसी) :** मौजूदा चैम्पियन एलिना स्वितोलिना ने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज कैरोलिना प्लिस्कोवा के खिलाफ अपना दबदबा जारी रखते हुए सोमवार को यहां डब्ल्यूटीए (चीन) टूर्नामेंट के फाइनल में जगह पक्की कर ली। आठवीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने एक घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले को 7-6, 6-4 से अपने नाम किया। प्लिस्कोवा पूरे मैच में सहज नहीं दिखीं और उन्होंने 42 'अनफोर्स्ड' गलतियां की, जिसका स्वितोलिना ने फायदा उठाते हुए इस खिलाड़ी के खिलाफ चौथी जीत दर्ज की। फाइनल में उनका सामना बियांका एंड्रेस्कू और सिमोना हालेप के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

जीत के बाद जश्न मनाती स्वितोलिना।


# फ्रेंच ओपन के फाइनल में हारे सात्विक और चिराग

पेरिस, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को यहां मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से हार गयी।

भारतीय जोड़ी को मार्कस और केविन से 18-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग 35 मिनट तक चले फाइनल में नर्वस दिखे। उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और इंडोनेशिया की जोड़ी ने 7-1 से बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी की और वे एक समय स्कोर को 17-17 से बराबरी पर ले आये। इंडोनेशिया की जोड़ी ने हालांकि जल्द ही तीन गेम अंक हासिल किये। इनमें भारतीय जोड़ी ने एक अंक बचाया, लेकिन वे मार्कस और केविन को पहला गेम जीतने से नहीं रोक पाये।

दूसरे गेम में शुरू में पिछड़ने के बाद सात्विक और चिराग ने वीडियो रेफरल अपने पक्ष में आने के बाद 6-6 से बराबरी की और फिर दोनों जोड़ियां 10-10 तक एक दूसरे को टक्कर देती रही। ब्रेक के समय मार्कस और केविन ने केवल एक अंक की बढ़त हासिल कर रखी थी। इंडोनेशिया की जोड़ी इसके बाद हावी हो गयी और उसने 18-13 से बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने जल्द ही चार मैच प्वाइंट हासिल किये और सात्विक के शाट बाहर मारने के साथ ही वर्ष का सातवां खिताब अपने नाम किया। चिराग ने कहा कि हमारा खेल एक जैसा है, लेकिन हमने काफी गलतियां कीं। हमें खेल को धीमा करना चाहिए था। हम नर्वस नहीं थे, शायद अगर हम पहला गेम जीत जाते तो चीजें अलग हो सकती थीं। उन्होंने कहा कि हमने दोनों ही गेम में धीमी शुरुआत की।



### फाइनल खेलने वाली देश की पहली जोड़ी

इस हार के बावजूद इस जोड़ी का प्रदर्शन सराहनीय रहा, क्योंकि वह विश्व टूर 750 के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी है। पार्थो गांगुली और विक्रम सिंह बिष्ट आखिरी भारतीय जोड़ी थी, जिसने 1983 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। एकल में किदाम्बी श्रीकांत ने 2017 में पुरुष वर्ग का खिताब जीता था, जबकि साइना नेहवाल 2012 में यहां फाइनल में पहुंची थी।

### आज का दिन

-सत्यव्रत बैंजवाल



मंगलवार, 29 अक्तूबर, परिधावी नामक विक्रमी संवत् 2076, कार्तिक शुक्ल पक्ष 2 तिथि (रात 3.48 तक ), विशाखा नक्षत्र (रात 11.11 तक), आयुष्मान योग (सायं 3.02 तक), कार्तिक 13 प्रविष्टे।

**व्रत पर्व :** चंद्र दर्शन (30 मुहूर्ति), भ्रातृ (भाई) दूज, यमद्वितीया, विश्वकर्मा पूजन, यमुना-स्नान, कलम-दवात पूजन, श्री वीर संवत् 2545 प्रारंभ (जैन), आचार्य श्री तुलसी जन्म (जैन)।

**दिशाशूल :** उत्तर दिशा की यात्रा पर गुड़ खाकर जाएं।

**राहुकाल :** दोपहरबाद 3.00 से 4.30 तक।

| | जम्मू | दिल्ली | चंडीगढ़ |
|---|---|---|---|
| सूर्योदय | 6.49 | 6.35 | 6.39 |
| सूर्यास्त | 5.39 | 5.34 | 5.33 |

### सितारों के इशारे

-मदन गुप्ता सपाटू

**आज 29 अक्तूबर को है जन्मदिन तो कैसा रहेगा आपका साल**



इस साल आपका जन्मदिन बहुत ही शुभ अवसर भैया दूज को पड़ रहा है। चंद्रमा आपका ऊर्जावान, आत्मनिर्भर, अनुशासित और ईमानदार बनाएगा। आपकी क्षमताओं और उपलब्धियों के लिए आपको इस बर्ष प्रोफेशनल करिअर में रिवाड्र्स और अवाड्र्स मिलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। संघर्षों के बाद आपको सफलता मिलेगी। लंबे समय से लटकी पदोन्नति मिल सकती है। आपका व्यापार तेजी से बढ़ेगा। पैतृक संपत्ति से भी आपको लाभ मिलने की उम्मीद है। वरिष्ठ आपको प्रात्साहित करेंगे और सहयोगी भी मददगार होंगे।

**शुभ रंग :** सफेद, आसमानी, गुलाबी

**शुभ दिन :** सोमवार और रविवार

**शुभ अंक :** 1, 2, 4, 7

**शुभ रत्न :** पीला नीलम, मोती

जन्मदिन पर अंगदान या किसी संत को वस्त्र दान करें। हनुमानजी के मंदिर जाएं।

## फेडरर पेरिस मास्टर्स से हटे

पेरिस, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

विश्व में नंबर तीन रोजर फेडरर ने सोमवार को कहा कि वह खुद को अगले साल के टूर्नामेंटों में तैयार रखने के लिये इस सप्ताह शुरू होने वाले पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे।

फेडरर ने अपने बयान में कहा कि मैं पेरिस मास्टर्स से हटकर वास्तव में बेहद निराश हूं। मुझे खुद को (अगले सत्र के लिये) तैयार रखना होगा, क्योंकि मैं एटीपी टूर में जब तक संभव हो खेलना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने फ्रांसीसी प्रशंसकों से माफी चाहता हूं, जिनसे मैं अगले साल रोलां गैरो में मिलूंगा।

## अंडर 23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के लिए टीम रवाना

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

जूनियर एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता शरवन यूडब्ल्यूडब्ल्यू अंडर-23 विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती का आगाज करेंगे। भारत की 30 सदस्यीय कुश्ती टीम रविवार को बुडापेस्ट रवाना हो गई। भारत के लिये पिछली बार रवि कुमार दहिया ने 57 किलो वर्ग में रजत पदक जीता था। फ्रीस्टाइल में शरवन (65 किलो) भारत की प्रमुख पदक उम्मीद है। टीम में ग्रीको रोमन पहलवान साजन भानवाल भी है, जिन्होंने 77 किलो वर्ग में विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में तीन पदक जीते थे।

## जोशना प्री क्वार्टर फाइनल में

काहिरा, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

भारत की अनुभवी स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा सीआईबी पीएसए महिला विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। जोशना ने हांगकांग की हो जी लोक को हराया। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी जोशना का सामना अब मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त नूर अल शेरबिनि से होगा। जोशना को महज 12 मिनट ही कोर्ट पर रहना पड़ा, जब जी लोक ने चोट के कारण मैच छोड़ दिया। उस समय जोशना 11.5, 11. 4 से आगे थी। पुरूषों के मिस्र ओपन में सौरव घोषाल तीसरे दौर में मिस्र के फारेस डेसूकी से हार गए।

### पायस जैन ने जीता टीम स्पर्धा का स्वर्ण

**नयी दिल्ली (एजेंसी) :** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन ने दक्षिण कोरिया की सियोंगिल जंग और जापान की सोरा मत्सुशिमा के साथ मिलकर पोलैंड में चल रही आईटीटीएफ विश्व कैडेट चैलेंज में स्वर्ण पदक जीता। टीम एशिया की नुमाइंदगी कर रही तीनों खिलाड़ियों ने 3.0 से जीत दर्ज की। जंग ने सिंगापुर की योंग इजाक कुएक को 3.1 से हराया, जबकि सोरा ने रोमानिया की लूलियप चिरिटा को 3.1 से मात दी। पायस जैन ने स्पेन की डेनियल बर्जोसा को 3.1 से शिकस्त दी। इससे पहले, एशिया ने टीम यूरोप को हराया था। लड़कियों के टीम वर्ग में यशस्विनी घोरपड़े ने एशियाई चुनौती की अगुवाई करके पोलैंड को 3 . 0 से हराकर कांस्य पदक जीता।



### प्रजनेश रैंकिंग में 2 स्थान खिसके

**नयी दिल्ली (एजेंसी) :** भारत के शीर्ष एकल टेनिस खिलाड़ी प्रजनेश गुनेश्वरण सोमवार को जारी एटीपी की नयी एकल रैंकिंग में 2 स्थान फिसलकर 92वें पायदान पर पहुंच गये। प्रजनेश को पिछले सप्तान चीन में खेले गये लियूझोउ ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में चोटिल होने का खामियाजा रैंकिंग में भुगतना पड़ा।

### राशिफल

**मेष** 21 मार्च से 20 अप्रैल
धन-उपहार मिल सकता है। बच्चों की प्रगति से प्रसन्न होंगे। विवाद से बचें।

**तुला** 23 सितंबर से 23 अक्तूबर
तुला: धन मिल सकता है। परिजनों के साथ यात्रा कर सकते हैं।

**वृष** 21 अप्रैल से 21 मई
धर्म में रुचि संभव है। धन आ सकता है। साक्षात्कार परीक्षा में सफलता संभव है।

**वृश्चिक** 24 अक्तूबर से 22 नवंबर
आलस से बचें। धन मिल सकता है। सामाजिक कार्यों में सराहना हो सकती है।

**मिथुन** 22 मई से 21 जून
आय में कमी हो सकती है। निवेश न करें। सहयोगियों की मदद मिल सकती है।

**धनु** 23 नवंबर से 21 दिसंबर
निवेशक मिल सकता है। पदोन्नति मिल सकती है। रिश्तेदारों की सेहत पर ध्यान दें।

**कर्क** 22 जून से 22 जुलाई
सेहत पर ध्यान दें। धन मिलने में समय लग सकता है। निवेश सावधानी से करें।

**मकर** 22 दिसंबर से 20 जनवरी
गुरुजनों का आशीर्वाद मिल सकता है। प्रेम संबंध मधुर हो सकते हैं।

**सिंह** 23 जुलाई से 22 अगस्त
यात्रा लाभदायक हो सकती है। प्रेम संबंध मधुर हो सकते हैं। ज्योतिष में रुचि रहेगी।

**कुंभ** 21 जनवरी से 18 फरवरी
आलस न करें। धन मिलने में बाधा है। निवेशक मिल सकता है।

**कन्या** 23 अगस्त से 22 सितंबर
पदोन्नति में अभी देरी है। विदेश यात्रा में विवाद से बचें। विवाह पर निर्णय ले सकते हैं।

**मीन** 19 फरवरी से 20 मार्च
धन मिलने में बाधा है। निवेश न करें। उच्चशिक्षा में आलस न करें।

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

## लखनऊ पहुंची अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम

लखनऊ, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी घरेलू क्रिकेट सीरीज के लिए रविवार रात यहां पहुंच गयी । टीम ने शहर के 'इकाना स्टेडियम' को घरेलू मैदान बनाया है। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 3 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय, 3 टी20 अंतराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच होगा। मेजबान अफगानिस्तान और मेहमान वेस्टइंडीज की टीम के बीच पहला एकदिवसीय मैच 6 नवंबर को खेला जायेगा। अफगानिस्तान की टीम ने सोमवार को अभ्यास भी किया।

### वुशु विश्व चैंपियनशिप जीतने के बाद बोले हरियाणा के प्रवीण

# दोस्तों ने उड़ाया था मजाक, अब माता-पिता ले रहे हैं रुचि

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

कभी उनके दोस्त वुशु खेल का मजाक बनाया करते थे, लेकिन वुशु विश्व चैम्पियनशिप में प्रवीण कुमार के स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब माता-पिता अपने बच्चों के लिये वुशु में रुचि लेने लगे हैं। हर रात प्रवीण स्वर्ण पदक जीतने के ख्यालों के साथ सोते थे। पिछले सप्ताह शंघाई में मिले स्वर्ण पदक के बाद अब हरियाणा के इस खिलाड़ी और इस खेल को भी पहचान मिलने लगी है। प्रवीण ने भारतीय खेल प्राधिकरण से कहा कि मेरे माता-पिता इस खेल से अनजान थे और मेरे दोस्त इसके नाम का मजाक बनाते थे। मैं उन्हें इस खेल के वीडियो दिखाता था और उन्हें इसमें मजा आने लगा। फाइट देखकर बोलते थे कि बहुत अच्छा खेल है। उन्होंने कहा कि मैने तय कर लिया था कि एशियाई और विश्व चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा कि हर रात मैं यही सोचकर सोता था कि मैं ऐसा कर सकता हूं। मैंने मेहनत शुरू की और दो महीने पहले शिविर के दौरान इरादा पक्का कर लिया । अगर मेडल मिलता है तो गोल्ड ही लेके आना है।

### रोजाना आ रहे फोन

प्रवीण ने कहा कि उनके स्वर्ण पदक जीतने के बाद से लोगों के रोजाना फोन इस खेल के बारे में जानकारी लेने के लिये आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब मुझे युवाओं और माता-पिता के फोन आ रहे हैं कि अभ्यास कहां से शुरू करें। मेरे सीनियर प्रमोद कटारिया ने हरियाणा में अपनी अकादमी खोली है, जबकि दिल्ली में भी अकादमियां हैं। भारतीय सेना में कार्यरत प्रवीण ने कहा कि सेना के मेरे कोचों और मेंटर्स ने मेरी काफी हौसलाअफजाई की। वे लगातार कहते थे कि तू ये कर सकता है।



# करतारपुर गलियारा 80 आव्रजन काउंटर

## तीर्थयात्रियों को त्वरित मंजूरी

लाहौर, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

पाकिस्तान ने गुरुद्वारा दरबार साहिब आने के इच्छुक श्रद्धालुओं को बिना वीजा प्रवेश की मंजूरी देने के लिए करतारपुर गलियारे में 80 आव्रजन काउंटर बनाए हैं। भारत और पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह करतारपुर गलियारे के संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिससे भारतीय श्रद्धालु बिना वीजा के गुरुद्वारा दरबार साहिब आ सकेंगे। इस समझौते के तहत भारत से प्रतिदिन 5 हजार तीर्थयात्री यहां आ सकेंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान गुरु नानक देव जी की 550वीं जयंती पर करतारपुर कारिडोर का उद्घाटन करेंगे।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने अनुसार पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने भारत से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 3 प्रवेश द्वार बनाए हैं। वहीं लौटने के लिए एक निर्दिष्ट मार्ग होगा। रिपोर्ट के अनुसार संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) भारतीय सीमा बल को श्रद्धालुओं की यात्रा के 10 दिन पहले मंजूर की गई सूची सौंपेंगी। इन तीर्थयात्रियों को गुरुद्वारा दरबार साहिब ले जाए जाने से पहले इनका पासपोर्ट स्कैन किया जाएगा। यदि किसी श्रद्धालु का पासपोर्ट काली सूची में पाया गया तो उसे आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार गलियारे में यात्रा के संचालन के लिए पाकिस्तानी गृह मंत्रालय ने दो सहायक निदेशक और एक उपनिदेशक सहित 169 निरीक्षक तथा उप निरीक्षक, कॉन्स्टेबल तथा महिला कॉन्स्टेबल नियुक्त किए हैं। पाकिस्तानी रेंजर जीरो प्वाइंट पर पहुंचने के बाद प्रत्येक तीर्थयात्री से से 20 डॉलर लेंगे। मंजूरी प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए 80 आव्रजन काउंटर बनाने के अलावा तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए दरबार साहिब से 4 किलोमीटर दूर जीरो प्वाइंट पर एक आव्रजन कक्ष बनाया गया है। गुरुद्वारा दरबार साहिब में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन के अंतिम 18 वर्ष बिताए थे।

### बाबा गुरु नानक इंटरनेशनल विवि का शिलान्यास

पंजाब प्रांत में गुरु नानक देव जी के जन्मस्थान ननकाना साहिब में सोमवार को गुरु नानक विश्वविद्यालय की स्थापना की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू करते हुए प्रधानमंत्री इमरान खान ने बाबा गुरु नानक इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की आधारशिला रखी। 10 एकड़ क्षेत्र में फैले इस विवि के बारे में गृह मंत्री एजाज शाह ने कहा कि इस परियोजना पर 6 अरब रुपये खर्च किये जायेंगे। इस विश्वविद्यालय में पंजाबी और खालसा भाषाएं पढ़ायी जाएंगी। 2003 में पहली बार परवेज इलाही की अगुवाई वाली पंजाब सरकार इस विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव लायी थी।



नयी दिल्ली में सोमवार को ननकाना साहिब के लिए निकले नगर कीर्तन में उमड़ा विशाल जनसमूह। -मुकेश अग्रवाल

## 'नगर कीर्तन' दिल्ली से ननकाना साहिब के लिए रवाना

**नयी दिल्ली (एजेंसी) :** भारत से सिख श्रद्धालुओं के एक समूह ने दिल्ली से पाकिस्तान के ननकाना साहिब तक अपनी यात्रा सोमवार को शुरू की। ननकाना साहिब सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव का जन्मस्थान है। पाकिस्तान उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के पूर्व अध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह सरना के नेतृत्व में 'नगर कीर्तन' निकाला गया। इसमें सिख समुदाय के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। इसमें कहा गया कि सोमवार सुबह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कई गणमान्य लोगों ने धार्मिक यात्रा को रवाना किया। पाकिस्तान के कार्यवाहक उच्चायुक्त सैयद हैदर शाह विशेष अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उच्चायोग ने बताया कि 'नगर कीर्तन' लुधियाना और अमृतसर होते हुए 31 अक्तूबर को वाघा सीमा के जरिए पाकिस्तान पहुंचेगा। बयान में कहा गया है, 'आज भारत के सिख श्रद्धालुओं का नगर कीर्तन नयी दिल्ली से पाकिस्तान के पवित्र शहर ननकाना साहिब में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के जन्म स्थान के लिए रवाना हुआ।' इसमें कहा गया है कि गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के पावन अवसर पर पाकिस्तान इस साल विशेष सत्कार के तौर पर भारत के 'नगर कीर्तन' का स्वागत करेगा। पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (पीएसजीपीजी) ने पाकिस्तान सरकार के सहयोग से देश में पवित्र सिख गुरुद्वारों खासतौर से ननकाना साहिब और करतारपुर साहिब पर विभिन्न धार्मिक कार्यों के लिए श्रद्धालुओं के वास्ते एक सप्ताह के कार्यक्रम की तैयारी की है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के नेतृत्व में एक विशेष 'जत्था' गुरु नानक देव की 550वीं वर्षगांठ के जश्न समारोह को आरंभ करने इस साल 30 जुलाई से एक अगस्त तक ननकान साहिब गया था।

**लुधियाना और अमृतसर होते हुए 31 अक्तूबर को वाघा सीमा के जरिए पाक में होगा दाखिल**

### मोदी की उड़ान को पाकिस्तान की 'ना'

# भारत ने आईसीएओ में उठाया मुद्दा

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान के लिए अपने हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने की सुविधा देने से पाकिस्तान के इनकार का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन के समक्ष उठाया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मोदी द्विपक्षीय यात्रा पर सोमवार को सऊदी अरब जाने वाले हैं। भारत ने पाकिस्तान से सऊदी अरब जाने के लिए प्रधानमंत्री के विमान को अपने हवाई क्षेत्र से गुजरने देने का आग्रह किया था, लेकिन जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए पाकिस्तान ने रविवार को इससे इनकार कर दिया। सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार का मानना है कि पाकिस्तान को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

भारत ने पाकिस्तान को एकतरफा कार्रवाई करने के लिए फर्जी कारण बताने की अपनी पुरानी आदत पर विचार करने के साथ-साथ स्थापित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था न तोड़ने की हिदायत दी। सूत्रों ने बताया कि भारत ने वीवीआईपी विशेष विमान के अपने वायुक्षेत्र से गुजरने देने के लिए मंजूरी देने से फिर से इनकार करने के पाकिस्तान के फैसले पर नाराजगी जतायी। सामान्य तौर पर कोई भी देश इससे इनकार नहीं करता है। सितंबर में भी पाकिस्तान ने अमेरिका की यात्रा के लिए प्रधानमंत्री के विमान को अपने वायु क्षेत्र से गुजरने देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि भारत ने संबंधित अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन निकाय के समक्ष पाकिस्तान के इनकार करने का मुद्दा उठाया है।

## गंगोत्री धाम शीतकाल के लिए बंद

उत्तरकाशी, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित गंगोत्री धाम के कपाट सोमवार को अन्नकूट के पावन पर्व पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गये। गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने बताया कि विशेष पूजा और गंगा लहरी पाठ के बीच पूर्वाहन 11:40 बजे मंदिर के कपाट बंद किए गये। इससे पहले, सुबह 8 बजे उदय बेला पर मां गंगा का मुकुट उतारा गया। कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की प्रतिमा को डोली में मुखबा गांव ले जाया गया है। शीतकाल में मां गंगा के दर्शन मुखबा में ही किये जा सकेंगे। गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के साथ ही गढ़वाल हिमालय की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के समापन की शुरुआत हो गयी है। मंगलवार को भैयादूज के त्योहार पर यमुनोत्री मंदिर और केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

## कांग्रेस का असमंजस का दौर खत्म : खुर्शीद

बेंगलुरु, 28 अक्तूबर (एजेंसी)



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने सोमवार को कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे इस ओर इशारा करते हैं कि पार्टी का आधार खिसकना बंद हो गया है और अब वह धारा का रुख बदलने की शुरूआत कर सकती है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पार्टी अब असमंजस और आत्मसंशय के बुरे दौर से बाहर आ गई है। उनका इशारा लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन, पार्टी अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे और कुछेक राज्यों में कुछ नेताओं के पार्टी छोड़ने की ओर था।

खुर्शीद ने दो राज्यों के चुनावी नतीजों को उत्साहवर्धक बताया और कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इससे बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'चुनाव परिणाम ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राहत की सांस दी है और मुझे लगता है यह कांग्रेस में हम सब को याद दिलाता है कि हममें अभी बहुत दम बाकी है।'




## 10 सबसे प्रदूषित शहरों में 5 हरियाणा के

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

दीपावली के बाद हरियाणा के 5 शहर सबसे प्रदूषित टॉप टेन शहरों की सूची में शुमार हो गये हैं। इतना ही नहीं, सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में 34 में से 17 स्थानों पर हरियाणा के शहरों का कब्जा हो गया है, जिनका एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 'बहुत ही खराब' दर्ज किया गया है। सूची में पहला नंबर मुजफ्फरनगर का है जिसका एक्यूआई 426 है। इसके बाद मुरादाबाद (398), नोएडा (398) और गाजियाबाद (396) का नंबर आता है और फिर कुरुक्षेत्र और सिरसा (392) खराब आबोहवा वाले शहर बन गये हैं। अंबाला (385), जींद (373) और गुड़गांव (372) 10 शीर्ष प्रदूषित शहरों में शामिल हो गये हैं। पंजाब के जालंधर (377) और लुधियाना (353) की हवा की भी खराब हो चुकी है।

# दिवाली के बाद बिगड़ी दिल्ली की हवा

## लेकिन 3 साल से बेहतर, तय समय के बाद भी फूटे पटाखे

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

दिवाली के बाद सोमवार सुबह धुंध छा जाने से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई। वैसे तो हर साल दिवाली की अगली सुबह दिल्ली में प्रदूषण का स्तर अति गंभीर श्रेणी में पहुंच जाता था, लेकिन इस बार हवा की गुणवत्ता पिछले तीन साल से बेहतर रही। प्रदूषण कम करने के लिए सुप्रीमकोर्ट द्वारा पटाखे फोड़ने के लिए तय की गई दो घंटे की समय-सीमा के बाहर भी महानगर के कई हिस्सों में लोग पटाखे जलाते रहे। शीर्ष अदालत ने केवल हरित पटाखे जलाने का आदेश दिया था, इसके बावजूद लोगों ने पुराने पारंपरिक प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे जलाए। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्त्व वाली दिल्ली सरकार लोगों को पटाखे जलाने से रोकने के प्रयास में एक मेगा लेजर शो का आयोजन कर रही है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता निगरानी सेवा, 'वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली' (सफर) के मुताबिक दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सोमवार सुबह 11.30 बजे 463 पर पहुंच गया। पूसा, लोधी रोड, हवाई अड्डा टर्मिनल टी3, नोएडा, मथुरा रोड, आयानगर, आईआईटी दिल्ली, धीरपुर, और चांदनी चौक में एक्यूआई क्रमशः 480, 436, 460, 668, 413, 477, 483, 553 और 466 दर्ज किया गया। हालांकि, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आँकड़े के अनुसार, सोमवार सुबह 11.30 बजे हवा का गुणवत्ता सूचकांक 348 रहा। यह रविवार को शाम चार बजे 337 था। सफर का कहना है कि हवा की गति में वृद्धि प्रदूषक तत्त्वों को छितराने में मदद करेगी और प्रदूषण के स्तर में शाम तक कमी आने की उम्मीद है।



नयी दिल्ली में सोमवार सुबह छाये स्मॉग के बीच चलते वाहन।

## कश्मीर में आतंकियों ने ट्रक ड्राइवर को गोली मारी, मौत

श्रीनगर, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

यूरोपीय संघ के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के कश्मीर घाटी जाने से एक दिन पहले सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक ट्रक ड्रावइर की आतंकवादियों ने हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बिजबेहरा के कानिलवान इलाके में शाम को आतंकवादियों ने ट्रक ड्राइवर नारायण दत्त पर गोलियां चला दीं। दत्त की मौके पर मौत हो गयी। दत्त उधमपुर के कटरा का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने 2 अन्य ड्राइवरों की जान बचायी।

### केरल के एर्नाकुलम जिले में तनाव

## ऑर्थोडॉक्स धड़े को फिर चर्च जाने से रोका

कोच्चि, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

केरल के एर्नाकुलम जिले के कोतमंगलम में सोमवार को उस वक्त तनाव फैल गया जब जैकोबाइट धड़े के पादरियों और अनुयायियों ने ऑर्थोडॉक्स धड़े को गिरजाघर में प्रवेश करने से रोका और सुप्रीमकोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए उन्हें गिरजाघर का नियंत्रण नहीं लेने दिया।

सैकड़ों की संख्या में जैकोबाइट धड़े के अनुयायी गिरजाघर के अंदर मौजूद हैं और उन्होंने ऑर्थोडॉक्स धड़े के पादरियों को गिरजाघर के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। उन्होंने गिरजाघर के गेट अंदर से बंद कर लिए हैं और ऑर्थोडॉक्स धड़े के पादरियों तथा अनुयायियों को बाहर रहने के लिए मजबूर कर दिया। हालात देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

ऑर्थोडॉक्स धड़े के पादरी थॉमस पॉल रामबन ने कहा कि अदालत ने पुलिस को आदेश लागू कराने का निर्देश दिया है। वहीं जैकोबाइट धड़े के अनुयायियों ने कहा कि वे उस धड़े को गिरजाघर का नियंत्रण नहीं लेने देंगे। जिला प्रशासन ने जैकोबाइट धड़े के लोगों के गिरजाघर और उसके परिसर में मौजूद होने को 'अवैध' गतिविधि करार दिया और उनसे स्थान से हट जाने को कहा। गौरतलब है कि सुप्रीमकोर्ट ने केरल में एक हजार गिरजाघरों तथा संपत्तियों पर कब्जे पर फैसला ऑर्थोडॉक्स धड़े के पक्ष में दिया था जिसका जैकोबाइट धड़े से विवाद चलता रहा है।

### इमरान ने कहा

## शरीफ को बेहतरीन चिकित्सा लेकिन जिंदगी की गारंटी नहीं

लाहौर, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को मुहैया कराई जा रहीं चिकित्सा सुविधाओं को बेहतरीन करार देते हुए सोमवार को कहा कि कोई किसी की जिंदगी की गारंटी नहीं ले सकता। मीडिया में आई एक खबर में यह बात कही गई है। 21 अक्तूबर से अस्पताल में भर्ती शरीफ की रविवार को तबीयत बिगड़ी थी और उनका प्लेटलेट 45 हजार से गिरकर 20 हजार पर आ गया था। पाकिस्तान की एक अदालत द्वारा नवाज के जीवन को लेकर आश्वासन मांगने पर खान ने कहा कि इंसान सिर्फ कोशिश कर सकता है और कोई अपने जीवन की गारंटी नहीं दे सकता तो किसी और के जीवन की कैसे दे सकता है।

## 67 साल में बनी चीन की 'सबसे उम्रदराज मां'

बीजिंग, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

चीन में 67 वर्षीय एक महिला ने एक बालिका को जन्म दिया। ऐसा दावा किया गया है कि वह प्राकृतिक रूप से गर्भधारण करने वाली चीन की सबसे उम्रदराज महिला है। तिआन के 68 वर्षीय पति हुआंग ने कहा, 'यह बच्चा हमारे लिए ईश्वर का आशीर्वाद है।'

### पाकिस्तान में प्रशासन की कार्रवाई

# गिरायी गई अहमदियों की मस्जिद

लाहौर, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

पाकिस्तान में अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय की 70 साल पुरानी एक इबादतगाह को पंजाब प्रांत के अधिकारियों ने गिरा दिया। समुदाय के सदस्यों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अहमदी समुदाय के प्रवक्ता सलीमुद्दीन ने कहा कि जिस इबादतगाह को ढहाया गया वह यहां से करीब 400 किलोमीटर दूर बहावलपुर जिले के हासिलपुर गांव में है।

सलीमुद्दीन ने एक ट्वीट में कहा, 'हासिलपुर के सहायक आयुक्त ने बल्दिया कार्यकर्ताओं के साथ 70 साल पुरानी अहमदी मस्जिद पर हमला किया और बिना किसी नोटिस के इमारत के कुछ हिस्सों को ध्वस्त कर दिया।' उन्होंने कहा, 'यह बताना महत्वपूर्ण है कि यह इबादतगाह समुदाय के स्वामित्व वाली जमीन पर बनी थी...यह बीते कई दशकों से ऐसी ही थी।' अल्पसंख्यक समुदाय ने इस पूरी कार्रवाई का वीडियो बनाने पर उसके एक सदस्य की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की आलोचना की।

सलीमुद्दीन ने कहा, 'इबादतगाह को ध्वस्त किये जाने में शामिल रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए, पुलिस ने एक अहमदी को गिरफ्तार कर लिया जो निराधार आरोप पर किये गए इस हमले का वीडियो बना रहा था।' अहमदी कार्यकर्ता नमातुल्ला नवाज ने एक ट्वीट में कहा, 'यह पाकिस्तान सरकार का एक शर्मनाक कृत्य है। आपका नया पाकिस्तान कहां है? यह नया पाकिस्तान है? शर्म आनी चाहिए आपको।

**अहमदिया हैं बैन**

पाकिस्तानी संसद ने 1974 में अहमदी समुदाय को गैर मुस्लिम घोषित किया था। एक दशक बाद उनके खुद को मुसलमान कहने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उनके उपदेश देने और यहां तक कि धार्मिक यात्रा पर सऊदी अरब जाने पर भी प्रतिबंध है।

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :

**सर्कुलेशन :** 0172-2670419
या ई-मेल करें : circulation@tribunemail.com

**विज्ञापन :**
**क्लासिफाइड :** 0172-2670257
या ई-मेल करें : classified@tribunemail.com
**डिस्पले :** 0172-2670256
या ई-मेल करें : advt@tribunemail.com

प्रकाशक व मुद्रक राजकुमार सिंह द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर 32198/78.
चंडीगढ़ फोन : 2655066, 2655067, 2655068.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
**संपादक : राजकुमार सिंह***
*पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।




epaper.dainiktribuneonline.com